सूर्योदय 5:28 सूर्यास्त 7:22

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.0 न्यू | 22.4 अधि |
| धर्मशाला | 20.1 न्यू | 24.9 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80049.67 |
| निफ्टी | 24302.15 |
| सोना 73,090 | चांदी 92,490 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



भारत 2025 तक अंतरिक्ष व गहरे समुद्र में भेजेगा पहला मानव : केंद्रीय मंत्री

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 5 जुलाई, 2024 | 22 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 198, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- जिला अस्पताल बिलासपुर में ड्रोन से एकत्रित होंगे ब्लड सैंपल -पेज 2
- होशियार सिंह के सिर चढ़कर बोल रहा पैसे का गुरूर: मुख्यमंत्री -पेज 3
- नालियां न होने से सुलगवान-जाहू सड़क बनी खड्ड -पेज 6
- कुटलैहड़ में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के शुरू हुए प्रयास -पेज 10
- शतरंज: गुकेश ने करुआना को बराबरी पर रोका -पेज 13


## विजय जुलूस...



मुंबई। टी-20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को हराकर विश्व चैंपियन बनी भारतीय टीम का वीरवार शाम मुंबई में जोरदार वेलकम किया गया। चैंपियनों की झलक पाने को मरीन ड्राइव पर भारी जनसैलाब उमड़ा। नरीमन प्वॉइंट से लेकर वानखेड़े स्टेडियम तक विजय जुलूस निकाला गया। इससे पहले सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी प्रशंसकों ने ग्रैंड वेलकम किया। संबंधित खबर पेज-13

## नादौन में दो क्रशर और एक रिजॉर्ट संचालक के ठिकानों पर छापेमारी

**शशि सोनल, नादौन**



**केंद्र** की आयकर विभाग टीम ने वीरवार सुबह 5.30 बजे तीन कारोबारियों के आवास व प्रतिष्ठानों पर सीआरपीएफ के जवानों के पहरे में रेड डाली।

आयकर विभाग की टीम ने कारोबारियों से पूछताछ की और रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक आयकर विभाग की कार्रवाई जारी थी। जिन कारोबारियों के रेड पड़ी है, उनमें एक का स्टोन क्रशर है, दूसरे का रिजॉर्ट और तीसरे का साझा स्टोन क्रशर था, जो कुछ समय से बंद है। तीनों कारोबारी नादौन के रहने वाले हैं। तीसरा कारोबारी ठेकेदार है, उसका भी स्टोन क्रशर में हिस्सा था, लेकिन अब वह स्टोन क्रशर बंद है। हालांकि, उनका एक तारकोल का ट्रीटमेंट प्लांट भी बताया जा रहा है। आयकर विभाग की टीम ने बीते सप्ताह नादौन के बलोह गांव के एक व्यापारी के घर व हार्डवेयर स्टोर में रेड डाली थी। हमीरपुर के एक शराब के कारोबारी व ज्वेलर के यहां भी रेड डाली गई थी। (अनंत ज्ञान)

**कारोबारियों से पूछताछ, खंगाला रिकॉर्ड**

## न्यूज शॉर्ट्स

### आडवाणी अस्पताल में फिर भर्ती, हालत स्थिर



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी की स्वास्थ्य स्थिति 'स्थिर' है और चिकित्सकों का एक दल उनकी निगरानी कर रहा है। आडवाणी (96) को बुधवार को अपोलो अस्पताल में फिर भर्ती करवाया था। कुछ दिन पहले उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाया गया था। उन्हें एम्स में एक रात रखने के बाद छुट्टी दे दी गई थी।

### पीएम मोदी 8 से रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 8 और 9 जुलाई को रूस की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जहां दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण समीक्षा की जाएगी। 41 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी।

### अबू सलेम को नासिक जेल किया शिफ्ट



**नई दिल्ली।** 1993 के सीरियल ब्लास्ट केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अबू सलेम को वीरवार को नवी मुंबई की तलोजा जेल से नासिक सेंट्रल जेल में भेजा गया। जेल अथॉरिटी की मांग पर शिफ्ट किया गया है। दरअसल जेल अधिकारियों ने स्पेशल कोर्ट को बताया था कि सलेम को नासिक सेंट्रल जेल में भेजने की जरूरत है, क्योंकि तलोजा जेल के अंदर हाई सिक्योरिटी सेल खस्ताहाल हो गई है।

### राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ी मीणा का इस्तीफा



**जयपुर।** राजस्थान के कृषि मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. किरोड़ी मीणा ने मंत्री पद से अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सौंप दिया है। मीणा के एक सहयोगी ने कहा कि डॉ. किरोड़ी मीणा ने मुख्यमंत्री को इस्तीफा सौंप है। मीणा हाल ही में कैबिनेट की बैठक में शामिल नहीं हुए थे।

### पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की रिमांड अवधि बढ़ी



**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की रिमांड अवधि कोर्ट ने आठ जुलाई तक बढ़ा दी। उन्हें पिछले साल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था।

**आफत की बारिश...** 13 पेयजल परियोजनाएं बाधित; नदी-नाले उफान पर, एडवाइजरी जारी

# हिमाचल में भारी बारिश से 81 सड़कें बंद, 17 ट्रांसफार्मर ठप

**रविंद्र जस्टा, शिमला**




**प्रदेश** में मानसून के आते ही बारिश ने आफत बढ़ा दी है। कई जगह भू-स्खलन होने से भारी नुकसान हुआ है। प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से 81 सड़कें ठप हो गई हैं। 17 बिजली के ट्रांसफार्मर और 13 पेयजल परियोजना भी बाधित हुई हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने शिमला, मंडी और सिरमौर जिले में फ्लैश फ्लड की चेतावनी जारी की है। मानसून में अब तक एक व्यक्ति की जान गई है। हालांकि, व्यक्ति की मौत मानसून के दौरान सड़क हादसे में हुई है।

वहीं, प्रदेश सरकार ने पर्यटकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारी बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं और उनसे दूर रहने की हिदायत दी है। नदी-नालों में एकाएक पानी का स्तर बढ़ जा रहा है। आपदा प्रबंधन के सचिव ओंकार शर्मा ने कहा कि बंद बदं सड़कों को खोलने के लिए मशीनरी तैनात की गई है। सभी विभागों को सतर्क रहने को कहा गया है। प्रशासन की ओर से नदी-नालों के पास साइन बोर्ड लगाए गए हैं कि नदी-नालों के पास न जाएं। शिमला मौसम विभाग ने वीरवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया और शुक्रवार तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश, कुछ स्थानों पर बिजली गिरने की चेतावनी दी है। प्रदेश में 9 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहेगा।

24 घंटे में सुंदरनगर में 110.9, पालमपुर 109.4, बग्गी 84.6, शिमला 84.0, गोहर 80.0, सोलन 79.8, मशोबरा 78.5, जोगिंद्रनगर 75.0 और बैजनाथ में 70.0 मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, एचआरटीसी के महाप्रबंधक पंकज सिंघल ने निर्देश दिए कि वाहन चलाते वक्त पूरी सावधानी बरतें। सड़क बंद होने की स्थिति में यदि बस फंस जाए, तो चालक-परिचालक यह सुनिश्चित करें कि बस को सुरक्षित स्थान पर खड़ी करें। (अनंत ज्ञान)

**शिमला, मंडी और सिरमौर जिले में बाढ़ की चेतावनी**

### शिमला-बिलासपुर एनएच-4 चार घंटे बाद बहाल

**शिमला**-बिलासपुर एनएच-4 बुधवार रात भारी बारिश के बाद शिमला के चक्कर में सुबह के वक्त अवरुद्ध हो गया, जिसे करीब चार घंटे बाद बहाल किया जा सका। तब तक सड़क किनारे दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई थी। उधर, शिमला को करसोग से जोड़ने वाला हाईवे भी सड़क पर मलबा आने के बाद बगशयाड़ में बंद हो गया था। इसे भी अब बहाल कर दिया गया है।

## हाथरस भगदड़ मामले में छह लोग गिरफ्तार

### मुख्य आरोपी आयोजक प्रकाश मधुकर पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित

**एजेंसी, हाथरस**

**उत्तर** प्रदेश के हाथरस में भगदड़ मामले में यूपी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को अरेस्ट किया है। इसमें चार पुरुष और दो महिलाएं हैं।

ये सभी आयोजन समिति के सदस्य हैं और सेवादार के रूप में काम करते थे। एफआईआर में नारायण साकार उर्फ भोले बाबा का नाम नहीं है। उनके नाम पर कार्यक्रम की अनुमति नहीं ली गई थी, जिसकी जिम्मेदारी आयोजक की होती है। अलीगढ़ के आईजी शलभ माथुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

6 लोग आयोजन समिति के मेंबर हैं। ये चंदा इकट्ठा और भीड़ जमा करने का काम करते हैं और कार्यक्रम में सभी तरह की व्यवस्था करते हैं। अभी तक बाबा से पूछताछ नहीं हुई है। जरूरत पड़ी तो पूछताछ की जाएगी। मुख्य आरोपी आयोजक प्रकाश मधुकर के ऊपर 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया है। बाबा की चरण रज लेने के लिए भीड़ आगे बढ़ी तो सेवादारों ने भीड़ को छोड़ दिया, जिसके बाद यह घटना हुई। ये लोग मौके से भाग गए थे। उन्होंने पुलिस के साथ सहयोग नहीं किया।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में महिला ने दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह 'उपचारविहीन' हो गई है। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह पश्चिम बंगाल पुलिस को निर्देश दे। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत संवैधानिक व्यक्ति को प्राप्त प्रतिरक्षा की सीमा तक दिशा-निर्देश और योग्यता निर्धारित करने का भी अनुरोध किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 361 के अनुसार, राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान उनके खिलाफ अदालत में आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती।

**अनंत ज्ञान** दैनिक समाचार पत्र

अब आपके शहर चंडीगढ़ में भी

विज्ञापन और खबरों के लिए संपर्क करें हमारी चंडीगढ़ शाखा

जगदीश शर्मा ब्यूरो चीफ

SCO 210, Sector 34-A, Chandigarh Mob. 9872000431

Head Office: Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.) 176047 Ph. 01892-299098, 9816875517

## अग्निवीर अजय के परिजनों को 98 .39 लाख रुपए दिए, 67 लाख और देंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** में राहुल गांधी की ओर से अग्निवीर को मुआवजा न मिलने का मामला उठाए जाने के बाद सेना और रक्षा मंत्रालय को स्पष्टीकरण देना पड़ा है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अग्निवीर अजय सिंह की मौत के बाद उनके परिवार को अब तक 98 लाख रुपए से अधिक की अनुग्रह राशि मिल चुकी है और जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद बाकी बचा पैसा भी दिया जाएगा।

लुधियाना के खन्ना के सरदारा गांव के अग्निवीर अजय सिंह की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बाद उनके परिवार को सहायता राशि के संबंध में स्थिति स्पष्ट की। अग्निवीर अजय की जनवरी में जम्मू-कश्मीर के नोशेरा सेक्टर में एक बारूदी सुरंग विस्फोट में मौत हो गई थी। उनके परिवार को अब तक अनुग्रह राशि के रूप में 98 लाख 39000 की राशि दी जा चुकी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जरूरी जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस परिवार को 67 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से संसद में अग्निवीरों को अनुग्रह राशि दिए जाने का मुद्दा उठाए जाने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि विभिन्न हादसों में मारे जाने वाले अग्निवीरों को उचित सहायता राशि दी जाती है।

**राहुल गांधी के आरोपों पर सेना और रक्षा मंत्रालय का जवाब**

## तीसरी बार झारखंड के सीएम बने हेमंत सोरेन

### राज्यपाल ने दिलाई शपथ; माता-पिता रहे मौजूद

**एजेंसी, रांची**



**हेमंत** सोरेन ने वीरवार को राजभवन में झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई।

हेमंत सोरेन ने तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। उनसे पहले उनके पिता शिबू सोरेन और बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा तीन बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं। हेमंत सोरेन के इस शपथ को इसलिए भी खास माना जा रहा है कि 31 जनवरी को जिस राजभवन से उनकी गिरफ्तारी हुई थी, 156 दिन बाद दोबारा फिर से उन्होंने वहीं शपथ ली। हेमंत सोरेन इसे अपनी जीत और भाजपा के षड्यंत्र की हार बता रहे हैं। इस अवसर पर हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन, माता रूपी सोरेन, कांग्रेस, झामुमो और राजद के प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

**चंपई सोरेन को मिल सकता है कोई बड़ा पद :** चंपई सोरेन को मंत्रिमंडल में शामिल न कर, उन्हें कोई बड़ा पद दिया जा सकता है। बता दें कि हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया था।




**खुलासा** अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल लांसेट में प्रकाशित अध्ययन में चौंकाने वाले आंकड़े आए सामने

# शिमला में वायु प्रदूषण से हर साल 59 मौतें

**एजेंसी, नई दिल्ली**



शिमला शहर का फाइल फोटो

**वायु** प्रदूषण दुनियाभर में चिंता का विषय बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल लांसेट में प्रकाशित भारत में अपनी तरह के पहले मल्टी सिटीज स्टडीज से पता चला है कि दिल्ली में हर साल होने वाली मौतों में से लगभग 11.5 प्रतिशत यानी लगभग 12,000 मौतें वायु प्रदूषण के कारण होती हैं, जो देश के किसी भी शहर के लिए सबसे अधिक है।

अध्ययन में कहा गया है कि 10 शहरों अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, पुणे, शिमला और वाराणसी में हर साल औसतन 33,000 से अधिक मौतें वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। इन शहरों में शिमला में मृत्यु दर सबसे कम है, जहां हर साल केवल 59 मौतें होती हैं, जो कुल मौतों का लगभग 3.7 प्रतिशत है, जिन्हें प्रदूषण के कारण माना जा सकता है। कई शहरों में वायु प्रदूषण के आंकड़ों की विरल प्रकृति को देखते हुए शोधकर्ताओं ने पहले से विकसित मशीन लर्निंग आधारित एक्सपोजर मॉडल का लाभ उठाया, जिसने नियामक मॉनिटर, उपग्रहों, मौसम विज्ञान और अन्य स्रोतों से डाटा को मिलाकर समय और स्थान के संदर्भ में उच्च स्तर के विवरण के साथ पीएम 2.5 एक्सपोजर डाटा तैयार किया।

अध्ययन में पाया गया कि जब सभी दस शहरों को एक साथ रिकॉर्ड लिया गया, तो पीएम 2.5 के स्तर में हर 10 माइक्रोग्राम/घन मीटर की वृद्धि के लिए मृत्यु दर में 1.42 प्रतिशत का इजाफा हुआ। अलग-अलग शहरों के बीच बड़ा अंतर था, दिल्ली में मृत्यु दर में 0.31 प्रतिशत और जबकि बेंगलुरु में 3.06 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### 2008 से 2019 के बीच दस शहरों में डेली डेथ का डाटा जुटाया

**कुल** मौतों में से लगभग 7.2 प्रतिशत यानी हर साल लगभग 33,000 मौतें वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। 10 शहरों में पीएम 2.5 सांद्रता 99.8 प्रतिशत विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से निर्धारित सुरक्षित सीमा से अधिक थी। शोधकर्ताओं ने 2008 से 2019 के बीच इन दस शहरों में सिविल रजिस्ट्री से डेली डेथ डाटा प्राप्त किया। हर शहर के लिए इस अवधि के दौरान केवल तीन से सात साल के दैनिक मृत्यु डाटा उपलब्ध करवाया गया। इन शहरों में कुल मिलाकर 3.6 मिलियन से अधिक मौतों की जांच की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### बागवानों के प्रति लिए निर्णय किसान और बागवान विरोधी



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** जुबल नावर कोटखाई भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुनील का कहना है कि सरकार के जितने भी बागवान के प्रति निर्णय लिए है वह किसान और बागवान के विरुद्ध है। अगर वर्तमान सरकार बागवानों के हितों के प्रति होती वह बागवानों के इच्छा के अनुसार जिस भी कार्टन में बागवान सेब बेचना चाहता वह निर्णय लेती अपितू सरकार ऐसा नहीं कर रही है, जबकि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल में सरकार बनने से पहले यह बात कही थी की किसान और बागबान अपनी मर्जी से रेट तय करेगा जबकि सरकार आज अपनी बातों से पलट गई है। (अनंत ज्ञान)

### साहित्यकार चंद्रधर की राज्य स्तरीय जयंती 6 व 7 को

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा हिमाचल के प्रसिद्ध साहित्यकार चंद्रधर शर्मा गुलेरी की राज्य स्तरीय जयंती का आयोजन इस वर्ष 6 व 7 जुलाई को केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान कसौली, जिला सोलन में किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रातः 11:00 बजे उद्घाटन, नाटक मंचन, कवि सम्मेलन तथा दूसरे दिन प्रातः 11:00 बजे शोध पत्र प्रस्तुति एवं परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि श्री मनमोहन शर्मा (भाप्रसे) उपायुक्त, सोलन होंगे। कार्यक्रम के प्रथम दिन शिमला की नाट्य संस्था 'दि बिगनर्ज' द्वारा गुलेरी जी की कहानी 'सुखमय जीवन' पर आधारित नाटक का मंचन किया जाएगा जिसका निर्देशन कपिल देव शर्मा द्वारा किया गया है। उसके उपरांत प्रदेश भर से आमंत्रित लगभग 50 कवि कविता पाठ करेंगे। आयोजन के दूसरे दिन प्रातः 11:00 बजे जिला मंडी के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विजय विशाल 'निबंधकार के रूप में गुलेरी' पर शोध पत्र पढ़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

### किसान सभा का सुन्नी बांध परियोजना स्थल पर प्रदर्शन



**महेन्द्र कुमार, सुन्नी।** किसान सभा के नृतेत्व में सुन्नी बांध परियोजना स्थल में प्रभावितों की मांगों को लेकर वीरवार को धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में मुख्य तौर से पूर्व विधायक ठियोग एवम सीपीआईएम नेता राकेश सिंघा किसान सभा जिला सचिव देवकीनंदन मौजूद रहे। परियोजना प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी भी की गई तथा परियोजना कार्य भी बंद करवाया गया। प्रभावितों की मुख्य मांगों में परियोजना द्वारा भूमि के उचित दाम न मिलना,पर्यावरण संबंधी समस्या तथा अन्य समस्याएं है और इन समस्याओं को लेकर इससे पूर्व भी किसान सभा द्वारा परियोजना स्थल पर अपनी 12 मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था।इस दौरान सीपीआईएम नेता राकेश ने परियोजना प्रबंधन पर प्रभावितों की मांगें मानने के गंभीर आरोप लगाए।

### 51 कैदियों को अस्थायी रूप से पैरोल पर किया रिहा

**रविन्द्र जस्टा, शिमला।** जेल एवं सुधार सेवाएं विभाग द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद अधिनियम 1968 और हिमाचल प्रदेश जेल मैनुअल 2021 के तहत 51 कैदियों को पैरोल पर अस्थायी तौर पर रिहा किया गया है। इनमें 30 कैदियों को कृषि कार्य के लिए (42 दिन), नौ कैदियों को पारिवारिक मुलाकात के लिए (28 दिन), पांच कैदियों को घर की मरम्मत के लिए (28 दिन) और सात कैदियों को अन्य प्रयोजनों के लिए (28 दिन) के लिए पैरोल पर अस्थायी तौर पर रिहा किया गया है। डीजी कारागार एवं सुधार सेवाएं हिमाचल प्रदेश संजीव रंजन ओझा ने अच्छे आचरण वाले कैदी (अस्थायी रिहाई) प्रावधान के तहत 51 कैदियों को अस्थायी रूप से पैरोल पर रिहा करने के निर्देश जारी किए हैं।डीजी कारागार एवं सुधार सेवाएं हिमाचल प्रदेश संजीव रंजन ओझा ने बताया कि 51 कैदियों को उनके अच्छे आचरण को देखते हुए उन्हें अस्थायी रूप से पैरोल पर रिहा किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# आपदा में एनजीओ की भूमिका महत्वपूर्ण : डीसी

**रविन्द्र जस्टा, शिमला**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप।

**उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जिला स्तरीय इंटर एजेंसी समूह से की बैठक**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय इंटर एजेंसी समूह की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य सरकारी विभागों और गैर सरकारी संगठनों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर आपदा जोखिम में कमी लाना है। इसके साथ-साथ आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को व्यवस्थित कर एक साथ काम करने की संस्कृति को बढ़ावा देना भी समिति का ध्येय है।

उन्होंने कहा कि बरसात के मद्देनजर आपदा जोखिम के लिए हम सभी को समन्वय स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में आपदा की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी गैर सरकारी संगठनों का राहत कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान रहता है और इस स्थिति में सभी एनजीओ को अपने स्वयंसेवकों की सूची तैयार करना आवश्यक रहेगा ताकि आपदा के समय उनकी सेवाएं ली जा सके।

अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला शिमला की विस्तृत भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हर क्षेत्र में वालंटियर की आवश्यकता रहेगी ताकि दूर-दराज के क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर आपदा के समय इन स्वयंसेवकों की सेवाएं ली जा सके।

उपायुक्त ने सभी गैर सरकारी संगठनों से 12 जुलाई, 2024 से पूर्व वालंटियर की सूची तैयार करने का आग्रह किया, जो आपदा के समय अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि वालंटियर की सूची उपलब्ध होने के उपरांत जुलाई माह के अंत तक सभी लोगों के प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आपदा के समय संसाधनों का होना अत्यंत आवश्यक है ताकि किसी भी विपरीत स्थिति से निपटने में सक्षम हो सके।

बैठक में लेफ्टिनेंट कर्नल सतेन्द्र किन्हा, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा, जिला राजस्व अधिकारी संजीत शर्मा, कमांडेंट तीसरी बटालियन नविता शर्मा सहित गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।(अनंत ज्ञान)

### चक्कर बाइपास रोड पर लैंडस्लाइड व केएनएच के समीप गिरा पेड़

**शिमला** में भारी बारिश के चलते कई जगह पर नुकसान हुआ है। चक्कर बाइपास रोड पर सुबह के समय लैंडस्लाइड हुआ। ऐसे में वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। इस दौरान वाहनों को फिर तवी मोड़ से वाया टुटु होकर भेजा गया। काफी समय तक वाहनों की आवाजाही बंद रही। हालांकि बाद में रोड को बहाल किया गया। यहां पर सड़कों पर मलवा आ गया था। जिसके चलते ट्रक भी फंस गए थे। वहीं हिमलैंड से केएनएच जाने वाली सड़क पर भी पेड़ गिर गया, यहां पर भी ट्रेफिक बंद हो गया। हालांकि बाद में पेड़ को सड़कों पर से हटा दिया।

मौसम के अनुसार अभी 9 जुलाई तक मौसम के खराब रहने का अनुमान है। अगर बारिश का दौर जारी रहता है तो लोगों को काफी नुकसान झेलना पड़ सकता है। शिमला शहर में लोगों के घरों के लिए भी पेड़ गिरने का खतरा पैदा हो सकता है। अभी भी कई घर ऐसे है जो कि लोगों के घरों के लिए खतरा बने हुए है।

**अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करेगा 'सोटो'**

# अंगदान से बचाया जा सकता है लोगों का जीवन

**रविन्द्र जस्टा, शिमला**

देश में अंगदान जन जागरूकता अभियान 1 जुलाई 2024 से शुरू हो चुका है। इसी कड़ी में स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन हिमाचल प्रदेश की ओर से लोगों को अंगदान के प्रति जानकारी उपलब्ध करवाने और इससे संबंधित भ्रांतियों को दूर करने के लिए विभिन्न जागरूकता शिविर आयोजित करवाए जाएंगे। यह जागरूकता अभियान आगामी 3 अगस्त यानी इंडियन ऑर्गन डोनेशन डे तक चलेगा।

इसके तहत विभिन्न शैक्षणिक व स्वास्थ्य संस्थानों में सोटो की टीम अंगदान करने व शपथ-पत्र भरने के लिए प्रेरित करेगी। इस अभियान के तहत साइक्लिंग, स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, रैली, फेस पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक सहित अन्य गतिविधियों के जरिए जन जन तक अंगदान का लाभ समझाया जाएगा।

सोटो के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. शोमिन धीमान ने बताया कि सोटो की ओर से हर साल की भांति इस साल भी अंगदान माह मनाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग को साथ मिलकर अंगदान से संबंधित भ्रांतियां को दूर करने में सहायक बने ताकि अंगदान के जरिए अधिक से अधिक लोगों के जीवन बचाया जा सके। सोटो हिमाचल की ऑफिशल वेबसाइट के तहत अब कोई भी व्यक्ति घर बैठे बैठे अंगदान करने के लिए शपथ पत्र भर सकता है। (अनंत ज्ञान)

### नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

**रिज** मैदान के ओपन थिएटर में युवाह संस्था व सोटो की ओर से अंगदान के संबंध नुक्कड़ नाटिका का आयोजन किया गया। इसमें समझाया गया कि कैसे एक ब्रेन डेड व्यक्ति अंगदान करके जरूरतमंदों की जिंदगी बचा रहा है। इसके अलावा आईजीएमसी में डॉक्टर डे के उपलक्ष पर रक्तदान के साथ अंगदान का जागरूकता शिविर लगाया गया। इसमें एमबीबीएस के छात्रों को अंगदान के बारे में जानकारी दी गई और शपथ पत्र भरे गए।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ किया प्रदर्शन




प्रदर्शन करते हुए कमेटी के सदस्य।

**रविन्द्र जस्टा, शिमला**

स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी ने मोदी शासन के प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करने के बड़े पैमाने पर अनियमिताओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को आयोजित करने में अक्षमता का प्रदर्शन किया है।

एसएफआई ने इस प्रदर्शन के माध्यम से मांग की है कि एनटीए प्रणाली को खत्म किया जाना चाहिए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। हाल ही में नीट और नेट की परीक्षा देने वाले छात्रों को मुआवजा मिलना चाहिए जो केंद्र सरकार को देना चाहिए। पीएचडी प्रवेश के लिए अनिवार्य नेट स्कोर की हाल ही में अपनाई गई प्रणाली को वापस ले। एसएफआई मांग करती है कि एनटीए जैसी संस्था को बंद किया जाए। वह शिक्षा मंत्री भारत सरकार नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे। (अनंत ज्ञान)

## 11वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा ने दिया नवजात को जन्म

**शिमला।** शिमला जिला के ठियोग क्षेत्र में एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यहां एक नाबालिग लड़की के साथ आरोपी ने दुराचार किया, जिसके बाद लड़की ने बच्चे को जन्म दिया है। बताया जा रहा है कि 16 वर्षीय नाबालिग पेट दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में पहुंची। जांच के दौरान इस बात का खुलासा हुआ और उसने बच्चे को जन्म दिया। पीड़िता 11वीं कक्षा की छात्रा है। ठियोग पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध दुष्कर्म की धारा व पोक्सो के तहत मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## मुख्यमंत्री का नहीं कोई स्थिर घर : बिहारी

**रविन्द्र जस्टा, शिमला**

भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का कोई स्थिर घर नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री भगोड़े बन गए है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि कभी उनका घर शिमला में, नादौन में और अब देहरा में है। समझ नहीं आ रहा कि मुख्यमंत्री कहां के स्थाई निवासी है, मुख्यमंत्री की पत्नी भी देहरा से नहीं जसवान प्रागपुर से आती है। हर रोज मुख्यमंत्री कहते हैं कि मैं विकास लाऊंगा, पर अगर विकास लाने की इच्छा ही थी तो 18 महीने की सरकार में हिमाचल प्रदेश में विकास कार्य क्यों नहीं हुए? हमीरपुर देहरा और नालागढ़ विकास से वंचित क्यों रह गया ?

हमीरपुर जोन में लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली एक जांच का विषय बन चुकी है, यहां टेंडर दिलवाने के लिए कानूनों को ताक पर रखकर अपने चहेतों को फायदा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री अपने चहेतों को टेंडर दिलवाने के लिए दबाव डाल रहे है, काई बार ये टेंडर नीकालकर उन्हें रद्द किया जा रहा है।

टेंडर में 100 प्रतिशत से ज्यादा डेविएशन किया जा रहा है, आपको बता दें की ऊना डिवीजन के लिए 2 टेंडर की एप्लीकेशन मांगी गई थी जिसमें 4 लोगों ने भाग लिया, लेकिन अपने चहेतों के लिए 2 बीड को रिजेक्ट कर दिया गया। पिछले 6 माह से एक डिवीजन का टेंडर लग रहा है लेकिन अपने चहितों को टेंडर न मिलने के कारण इसे 10 बार रद्द किया जा चुका है। सीएम द्वारा अपने दोस्तों और चहेतों को ठोके देना हिमाचल की जनता के साथ एक धोखा भी है। उन्होंने कहा कि इस मित्रों की सरकार के भ्रष्टाचार के कई मामले जनता के बीच उजागर हो रहे है। कांग्रेस सरकार पूरी तरह एक्सपोज हो रही है।

हिमाचल प्रदेश मार्केटिंग बोर्ड में सात करोड़ से ज्यादा की लागत के एक डिजिटाइजेशन टेंडर को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। यह मामला गंभीर है, मार्केटिंग बोर्ड के एमडी इस टेंडर को दोबारा से करने की बात फाइल पर लिखते रहे, लेकिन कृषि सचिव एवं चेयरमैन मार्केटिंग बोर्ड ने टेंडर अवार्ड कर दिया। अवार्ड करने का फैसला भी टेंडर कमेटी के कई सदस्यों और अध्यक्ष की अनुपस्थिति में हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# जिला अस्पताल बिलासपुर में ड्रोन से एकत्रित होंगे ब्लड सैंपल

## एम्स के बाद अब जिला अस्पताल में भी जल्द शुरू होगी यह सुविधा

**शुभम राही, बिलासपुर**

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में अब जल्द ही ड्रोन के माध्यम से सैंपल एकत्रित करके कई लैब व बड़े अस्पतालों में भेजे जाएंगे। अगर कोई सैंपल अति महत्वपूर्ण है और उसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द चाहिए तो इस ड्रोन प्रक्रिया के माध्यम से एम्स बिलासपुर या फिर अन्य स्थानों पर सैंपल भेजे जाएंगे।

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने यह निर्णय लिया है और जल्द ही ड्रोन खरीद की जा रही है। जिला में कुल पांच ड्रोन लिए जाएंगे। खास बात तो यह है कि प्रशासन के पास एक ड्रोन पहुंच भी गया है, जिसको चुनावों के समय प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखने के लिए प्रयोग किया गया। उसके बाद प्रशासन की ओर से यह ड्रोन अब पुलिस प्रशासन बिलासपुर को दिया गया है।



जानकारी देते डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक।

डीसी आबिद हुसैन सादिक की सोच है कि अन्य चार ड्रोन भी जल्द ही खरीदे जाएंगे। इनमें से एक स्वास्थ्य विभाग, एक माइनिंग, एक आपदा और एक प्रशासन अपने पास रखेगा। कुल मिलाकर पांच ड्रोन लाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग भी जल्द ही ड्रोन के माध्यम से सैंपल एकत्रित करेगा। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर ब्लड सैंपलों को अन्य अस्पताल जैसे एम्स बिलासपुर और लेस्टिंग लैब्स में भेजा भी जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**डीसी बोले, प्रशासन के पास एक ड्रोन मौजूद, 4 और खरीदने की योजना**

> बिलासपुर जिले में पांच ड्रोन लाने की प्लानिंग की है। एक ड्रोन लिया गया है, जिसको चुनावों के समय यूज किया गया। अब वह पुलिस प्रशासन को दिया गया है। चार अन्य ड्रोन लिए जा रहे हैं, जिनको स्वास्थ्य विभाग, माइनिंग, आपदा और एक प्रशासन अपने पास रखेगा। जल्द ही यह चार अन्य ड्रोन बिलासपुर पहुंच रहे हैं।
>
> **-आबिद हुसैन सादिक, उपायुक्त बिलासपुर।**

## पूर्व सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र गर्ग विकास कराने में रहे नाकाम : विजय

**शुभम राही, बिलासपुर**

युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार ने पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग द्वारा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी को अपनी कुर्सी बचाने के लिए चुनाव प्रचार में मस्त रहने की बात बोलने पर आड़े हाथ लिया है।



प्रेस को जारी अपने वक्तव्य में युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग पहली बार विधायक जीते और मंत्री बन गए, परंतु विकास करने में नाकामयाब रहे। इसका नतीजा यह निकला कि उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आशीर्वाद होने के बावजूद वह बड़े मार्जिन से विधानसभा चुनाव हार गए। इसी वजह से उनको भाजपा में प्रचलित मार्गदर्शन मंडल के समतुल्य अनुशासन समिति की जिम्मेदारी सौंप कर एक तरीके से पार्टी से साइड लाइन कर दिया गया है। इसलिए पूर्व मंत्री पार्टी से टिकट लेने के जुगाड़ में आए दिन बयान देते रहते हैं। विजय कुमार ने कहा कि मंत्री राजेश धर्माणी द्वारा घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग अपने कार्यकाल में भ्रष्ट लोगों से घिरे रहे, जिसकी बदौलत वे उनके हित साधने के चलते विकास कराने में नाकामयाब रहे और उन्हीं भ्रष्ट लोगों ने पूर्व मंत्री की छवि धूमिल की।

वहीं, वर्तमान कांग्रेस सरकार में कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी की काबलियत ही है कि वह आम परिवार से निकलकर तीन बार चुनाव जीत गए। वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव बने। राज्य में हुए हर चुनाव में उनको पार्टी की तरफ से अहम जिम्मेदारी दी जाती है, जो उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा एवं समर्पण को दर्शाता है। (अनंत ज्ञान)

# जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए कदम उठाए स्वास्थ्य विभाग : एसडीएम

## मानसून की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में दिए निर्देश

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



मानसून की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम।

उपमंडलाधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी ने वीरवार को मानसून की तैयारियों को लेकर आयोजित विभिन्न विभागों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की। एसडीएम ने मानसून सीजन को देखते हुए घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत सभी सड़कों, पेयजल योजनाओं, स्वास्थ्य संस्थानों, विद्युत आपूर्ति, परिवहन आदि जरूरी जन सेवाओं को क्रियाशील और दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वन विभाग और नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के दौरान जो पेड़ गिर सकते हैं, उनकी सूची दें, ताकि पेड़ों को समय पर काटा जा सके। साथ में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को बरसात के दिनों में होने वाले जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने के लिए कहा और जीवन रक्षक दवाइयों का समुचित भंडारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सभी अस्पतालों में मुहैया करवाने के लिए कहा। डेंगू की रोकथाम के लिए चिन्हित स्थानों पर फॉगिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलशक्ति विभाग को पेयजल भंडारण टैंकों की साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद को निकासी नालियों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें ताकि बरसात के समय पानी की निकासी बनी रहे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निश्चित भूस्खलन स्थानों से समय-समय पर मलबा उठाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियो को कहा कि बरसात के दौरान हुए नुकसान का फोटो अपने पास रखना सुनिश्चित करें ताकि समय पर जिस व्यक्ति का नुकसान हुआ है उसे मुआवजा मिल सके। उन्होंने प्रतिदिन नुकसान रिपोर्ट भेजने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। ( अनंत ज्ञान)

## सीर खड्ड पेयजल योजना सिल्ट आने से ठप

**जगदीश सेठी, डंगार चौक।** घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत आने वाली सीर खड्ड में पेयजल योजना के पंप हाउसों की मोटरों में सिल्ट आने से पेयजल स्कीम ठप हो गई है। बरसात के दिनों में हर वर्ष वारिश की वजह से घुमारवी उपमंडल के गावों को पेयजल सप्लाई करने वाली सीर खड्ड में बनी चोखनाधार उठाऊ पेयजल योजना के पंप थम जाते हैं। बारिश के कारण सीर खड्ड में पानी नहीं कीचड़ बहता है। इससे क्षेत्र में पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ सकता है।

जल शक्ति विभाग पानी के साफ होने के बाद ही पानी की लिफ्टिंग शुरू करेगा। तब तक चोखनाधार के लोगों को पेयजल संकट झेलना पड़ सकता है। हालांकि जल शक्ति विभाग ने पेयजल किल्लत को जल्द पानी साफ होने पर पेयजल लिफ्टिंग करने का दावा किया है। इसकी जानकारी जल शक्ति विभाग के जेई रोहित चंदेल ने दी व लोगों से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

## पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आया पर्यटन निगम, रोपे पौधे



पौधरोपण करते लेक व्यू बिलासपुर होटल के मैनेजर एवं कर्मचारी।

**शुभम राही, बिलासपुर**

पूरे विश्व और देश सहित हिमाचल प्रदेश में भी पर्यावरण संरक्षण एक बड़ी चिंता के विषय के रूप में हम सबके सामने अपना मुंह उठाए खड़ा है। जिसके लिए सरकार और प्रशासन सही गैर सरकारी संगठन और सरकारी महकमें भी अपने अपने स्तर पर अपना सकारात्मक योगदान देते रहते हैं।

ऐसी ही कोशिश हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने भी की है। निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. राजीव कुमार के दिशा-निर्देशानुसार होटल लेक व्यू बिलासपुर से कार्यकारी मैनेजर तुलसी राम ठाकुर ने अपने होटल के कर्मचारियों के साथ में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा है कि बरसात का मौसम में हमें अपने हरित आवरण को बढ़ाने और पर्यावरण में सकारात्मक योगदान देने का एक आदर्श अवसर देता है। इसी कड़ी में होटल लेक व्यू बिलासपुर, होटल हिलटॉप स्वारघाट, कैफे निहाल, कैफे औहर के परिसर में लगभग 50 पौधे लगाए गए। इस मौके पर होटल हिलटॉप स्वारघाट के सहायक मैनेजर राजकुमार संधू, कैफे निहाल के सतीश कुमार रामलाल इत्यादि सभी होटल एवं कैफे बिलासपुर के पर्यटन विकास निगम के कर्मचारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## आज बनाए जाएंगे दिव्यांगता प्रमाण पत्र

**शुभम राही, बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि 5 जुलाई को अद्वितीय दिव्यांगता पहचान पत्र के लिए दिव्यांगता शिविर का आयोजन जिला अस्पताल बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांगों के अधिकार विधेयक 2016 के तहत दिवयांगता के प्रकारों को 7 से बढ़ाकर 21 कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अद्वितीय दिव्यांगता पहचान पत्र को वेबसाइट पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जा सकते हैं। प्रमाण पत्र बनाने के लिए राशन कार्ड, वोटर कार्ड, आधार कार्ड तथा दिव्यांग व्यक्ति के 4 फोटो शिविर में प्रार्थी द्वारा लाना जरूरी है। इसके बाद मेडिकल बोर्ड में चिकित्सकों की टीम के द्वारा परिक्षण के बाद दिव्यांगता का आकलन किया जाता है तथा दिव्यांगता प्रार्थियों के पक्ष में दिव्यांगता प्रमाण पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी किया जाता है। प्रार्थी को अपना पंजीकरण सामाजिक कल्याण विभाग में करवाना आवश्यक है। (अनंत ज्ञान)

## लघट में की जाए पटवारी की स्थायी नियुक्ति

**शुभम राही, बिलासपुर।** उपमंडल सदर की ग्राम पंचायत बरमाणा के लोगों ने लघट पटवार वृत्त में पटवारी की स्थायी नियुक्ति के लिए एसडीएम सदर अभिषेक कुमार गर्ग को ज्ञापन सौंपा है। पटवारी की स्थायी नियुक्ति न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरमाणा पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग से मिला था और उन्हें अपनी इस समस्या के बारे में अवगत कराया था। लोगों ने बताया कि पंजगाईं स्थित पटवारखाना लघट में लंबे समय से पटवारी का पद खाली है। अस्थायी तौर पर वहां पर पटवारी तैनात है। इस कारण लोगों को अपना काम कराने के लिए चक्कर पर चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे लोगों का समय और पैसा दोनों ही बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने एसडीएम से आग्रह किया कि लघट पटवार वृत्त में पटवारी की स्थायी नियुक्ति की जाए। (अनंत ज्ञान)

## घागस व आसपास आज बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**शुभम राही, बिलासपुर।** विद्युत उपमंडल 1 के अंतर्गत आने वाले अनुभाग घागस में 5 जुलाई को विद्युत लाइन के साथ लगते पेड़ो की कांट छांट का कार्य किया जाना है। जिसके कारण गांव कुड्डी बनेड भराथू आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रातः 10 बजे से शाम से 5 बजे तक बाधित रहेगी। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत डिसवाणी**
**विकास खंड छौहारा , जिला शिमला (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत डिसवाणी विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत भिन्न-भिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है अतः संबंधित फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पंचायत का संबंधित निविदाताओं से निवेदन है कि दिनांक 05-07-2024 से 11-07-2024 को सायं 5 बजे तक अपनी -अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के अंदर प्रत्यक्ष व डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में जमा करें पंचायत द्वारा दिनांक 12-07-2024 को समय 11 बजे प्राप्त निविदाओं को पंचायत द्वारा गठित समिति के सामने खोला जाएगा।

**सामग्री का ब्यौरा/ मूल्य प्रति इकाई**:- 1. रेता (क्रैशर / खान) मूल्य अलग अंकित करे। 2. रोड़ी 20एमएम, 40एमएम। 3. ईंट । 4. टाइल्स/इंटर लोकिंग टाइल्स हर प्रकार की। 5. पीवीसी पाइप 3इंच, 4 इंच, 5 इंच, 6 इंच/स्केट/ मोड़ इंच, 4 इंच, 5 इंच, । 6. जीआई पाईप आधा इंच, 1 इंच। 7. लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखाट, कुंडे, कब्जे, पल्ले। 8. सीमेंट ढुलान चिरगांव से पंचायत क्षेत्र डिसवाणी। 9. अन्य सामग्री ढुलान चिरगांव/ रोहडू से पंचायत क्षेत्र डिसवाणी। 10. कंम्युटर/ लैपटॉप मुरम्मत।

**निविदाओं की अन्य शर्ते निम्न प्रकार से हैं:-** 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। 2. दरें 1 साल तक मान्य होगी। 3. प्रत्येक सामग्री को सूचिबद्ध कर वस्तु का मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। 4. निविदा पत्र साफ-साफ शब्दों में लिखा होना चाहिए जिसे सरलता से पड़ा जा सके किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी निविदा में त्रुटी या समझ नही आने पर निविदा निरस्त की जाएगी। 5. निविदाकर्त्ता द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूर्ण की जानी आवश्यक है जो सरकार/ विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6.अन्य नियम व शर्ते दिनांक 12/07/2024 को बताई जाएगी। 7.पंचायत के सभी वार्डो को एक ही मूल्य मान्य होगा। 8. समस्त प्रकार की अदायगी का नकद भुगतान नही होगा सभी प्रकार की अदायगी RTGS/NEFT द्वारा की जाएगी। 9. रेता /रोड़ी के लिए जीएसटी के साथ साथ एम फॉर्म अनिवार्य है। 10 ढुलान के अलावा अन्य सभी प्रकार की सामग्री के लिए जीएसटी नम्बर अनिवार्य होगा।

**हस्ता/- प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत डिसवाणी, विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हि.प्र**



नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट कर उन्हें केंद्रीय मंत्री का पदभार ग्रहण करने व राज्यसभा में नेता सदन बनाए जाने पर शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज ब्रीफ

### बरनोट में करंट लगने से युवक की मौत

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** पतलीकूहल थाना के अंतर्गत करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई है। थाना प्रभारी राजीव लखनपाल ने बताया की युवक बारिश के बीच डिश एंटीना को ठीक करने गया था, जहां उसे करंट लग गया। परिजनों द्वारा युवक को कुल्लू अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान रोहित (42) पुत्र दौरजे गांव बरनोट के रूप में हुई है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### शिमला में अफीम समेत 4 नेपाली तस्कर गिरफ्तार



**रविंद्र जस्टा, शिमला।** पुलिस ने शिमला व ठियोग में अफीम की खेप के साथ 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शिमला के तारादेवी-टुटू बाईफ्रिकेशन पर बस से 3.890 व ठियोग में 1.516 किलोग्राम अफीम बरामद की है। तस्करों के कब्जे से तकरीबन पांच किलो से अधिक अफीम बरामद की है। पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी और पता लगाएगी कि आरोपी कहां से यह अफीम लेकर आए थे। देर रात गश्त और नाकेबंदी के दौरान पुलिस को ये कामयाबी मिली। बता दें कि पहले मामले में शिमला पुलिस के स्पेशल सेल ने बालूगंज थाना अंतर्गत तारादेवी-टुटू बाईफिकेशन पर सोलन से शिमला आ रही एक बस (एचपी 36डी-1830) को निरीक्षण के लिए रोका। इस दौरान बस में सवार मोतीलाल और जीत बहादुर निवासी (दोनों नेपाली) के कब्जे से 3 किलो 890 ग्राम अफीम बरामद की गई। दूसरा मामला ठियोग थाना क्षेत्र के मतियाना कस्बे का है, जहां नेशनल हाइवे-5 पर नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने एक कार एचपी 95-3535 को तलाशी के लिए रोका कार से 1.516 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान नेपाल निवासी तिलक बोहरा और सुधीर बुड्ढा के तौर पर हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

# होशियार सिंह के सिर चढ़कर बोल रहा पैसे का गुरूर : मुख्यमंत्री

## सुक्खू ने देहरा में पार्टी प्रत्याशी के लिए किया धुआंधार प्रचार

**शुभम शर्मा, देहरा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को देहरा विधानसभा क्षेत्र के त्रिपल, दरकाटा, डोहग पलोटी, नौशहरा, पाईसा, सियोटी खुर्द, मयोली, बनखंडी, शेर लोहारा और घेड़ मानगढ़ में नुक्कड़ सभाएं कीं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी और अपनी पत्नी कमलेश ठाकुर के लिए देहरा में धुंआधार प्रचार किया। सुक्खू ने कहा कि देहरा की समस्याओं का समाधान अब मेरा दायित्व है, क्योंकि देहरा अब मुख्यमंत्री का चुनाव क्षेत्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण वह अभी कोई घोषणा नहीं करेंगे, लेकिन आने वाले समय में देहरा की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता आए दिन तरह तरह के बयान दे रहे हैं, जबकि यह उपचुनाव प्रदेश की जनता पर भाजपा ने ही थोपे हैं। निर्दलीय विधायकों और कांग्रेस के छह विधायकों ने भाजपा के साथ मिलकर चुनी हुई कांग्रेस सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचा।



नुक्कड़ सभा के दौरान उपस्थिति को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और अन्य भाजपा नेता बार-बार चार जून को हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने का दावा करते रहे, लेकिन पिछले उपचुनाव में प्रदेश की जनता ने बिकने वाले विधायकों को कड़ा सबक सिखाया है और विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या 34 से बढ़कर 38 हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी निर्दलीय विधायक ऐसे ही अपना विधायक पद नहीं छोड़ता। पैसे का गुरूर होशियार सिंह के सिर चढ़कर बोल रहा है। उन्होंने कहा कि देहरा की जनता अपने स्वाभिमान से कभी भी समझौता नहीं करेगी और राजनीतिक मंडी में बेचने वालों को सबक सिखाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देहरा के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। देहरा में पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा एसई पीडब्ल्यूडी का कार्यालय खोला जा रहा है। राज्य सरकार देहरा के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं रखेगी। इस अवसर पर मंत्री यादविंद्र गोमा, सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक संजय रत्न, विवेक शर्मा, केहर सिंह खाची, रघुबीर सिंह बाली आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# कई धड़ों में बंटी है कांग्रेस : बिंदल



देहरा विधानसभा क्षेत्र समर्थकों के साथ डॉ. राजीव बिंदल।

**अनंत ज्ञान टीम, देहरा/धर्मशाला**

देहरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों की बैठकें करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि देहरा की जनता ने ठान लिया है कि भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह को ही देहरा का विधायक बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के राज में डेढ़ साल में हिमाचल प्रदेश अधोगति की ओर गया है। हिमाचल की कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई जा रही है। प्रदेश के इतिहास में ऐसा अवसर कभी नहीं आया कि एक महीने के अंदर हिमाचल में कई स्थानों पर योजनाबद्ध तरीके से गोलीबारी की घटनाएं हुई हों। इन गोलीबारी की घटनाओं के पीछे बड़े-बड़े माफिया गैंग का हाथ है और हिमाचल लगातार चिट्टा माफिया, ड्रग माफिया, कबाड़ माफिया के शिकंजे में कसता जा रहा है और इस प्रकार की लचर कानून व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह की सरकार जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा कि 30000 करोड़ का कर्ज वर्तमान सरकार ले चुकी है और 9000 करोड़ का कर्ज और इस महीने लेने जा रही है। इसके बावजूद पूरे प्रदेश के विकास कार्य बंद हो चुके हैं। कांग्रेस पार्टी अनेक धड़ो में बंटी हुई है, जो धड़े एक-दूसरे को ठिकाने लगाने में जुटे हुए हैं जिसका दुष्परिणाम हिमाचल प्रदेश की जनता को झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि तीनों उपचुनावों में हिमाचल की जनता सरकार को सबक सिखाएगी। (अनंत ज्ञान)

### मौहल में एक घर में दिनदहाड़े चोरी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** मौहल में एक घर में चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने दिनदहाड़े उस समय वारदात को अंजाम दिया, जब घर के लोग पाहनाला में आयोजित मेले में गए थे तो पीछे से शातिर ने घर में घुसकर अलमारी से 50 हजार की नकदी के अलावा लाखों के सोने और चांदी के आभूषण उड़ा लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने कहा कि तीन जुलाई को दिन के समय वह पाहनाला में चल रहे मेले में गई थी तो उनकी भाभी ने फोन पर सूचना दी कि एक व्यक्ति ने घर में घुसकर अलमारी में रखे 50 हजार रुपए और सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए हैं। इसमें कांटे, मंगलसूत्र, नथ, बालियां, पैंडल, अंगूठी, टॉप्स, बुमणी, दो पायल, चांदी के दो कड़े सहित अन्य आभूषण शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# जयराम बोले-बदले की भावना से काम कर रही सुक्खू सरकार

## भाजपा प्रत्याशी आशीष के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर सीट से भाजपा के प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष मे चुनाव प्रचार अभियान के तहत पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सासन में जनसभा को संबोधित किया। ठाकुर ने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार प्रदेश में बदले की भावना से काम कर रही है। कहीं जनता को लाभ दे रहे संस्थानों को बंद किया जाता है, तो कहीं जनप्रतिनिधियों की आलोचना और उपेक्षा की जाती है। जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री गोबिंद ठाकुर, पूर्व विधायक नरेंद्र ठाकुर, पूर्व विधायका उर्मिल ठाकुर मंडलाध्यक्ष आदर्श कांत सेक्टर प्रभारी उषा बिरला सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। जयराम ने कहा कि सुक्खू सरकार बनते ही प्रदेश में एक हजार के करीब वह संस्थान बंद कर दिए, जिनका जनता को सीधा लाभ मिल रहा था। इसका सबसे बड़ा उदहारण हमीरपुर के रोजगार देने वाले हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग को बंद कर हजारों लोगों के भविष्य पर ही अंकुश लगा दिया।



जनसभा के दौरान मंच पर बैठे जयराम ठाकुर, पूर्व मंत्री गोबिंद ठाकुर व अन्य।

उन्होंने कहा कि सुक्खू मुख्यमंत्री के रूप में सही नेतृत्व नहीं कर पाए, इसीलिए चुने हुए विधायकों जिसने अपनी ही पार्टी के 6 विधायक भी शामिल थे, इस्तीफा देने पर मजबूर हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कांग्रेस पार्टी की ही बात करुं तो बड़ी ही हैरत की बात है कि जिस नेता ने प्रदेश में कांग्रेस को खड़ा किया, उसकी प्रतिमा तक लगाने के लिए दो गज जमीन भी नहीं यह सरकार दे पाई है। उन्होंने कहा कि सुक्खू अहंकारी हो चुके हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री के इस चुनावी दौरे की जनसभा में अभी तक चुनाव प्रचार से दूर रहे पूर्व विधायक नरेंद्र ठाकुर भी शामिल हुए उनकी भाभी और पूर्व संसदीय सचिव उर्मिला ठाकुर भी मौजूद रहीं। जय राम ने जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की वहां भी नरेंद्र ठाकुर की मौजूदगी रही। वह अभी तक पार्टी प्रत्याशी के चुनाव प्रचार से दूर थे। किसी भी तरह की गतिविधि में हिस्सा नहीं ले रहे थे। (अनंत ज्ञान)

### उपचुनाव के बाद होगा हार-जीत के कारणों का आंकलन

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में अस्थिरता के दौर के लिए अगर कोई दोषी है तो केवल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हैं, उनका नैतिक दायित्व बनता है कि वे अपने सभी विधायकों को साथ लेकर उनका काम करते, जिसमें वह असमर्थ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने गृह जिले के विधायकों को भी साथ नहीं रख पाए यह सबसे बड़ी उनकी कारगुजारी की पोल खुली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार विधायकों पर निराधार आरोप लगाते रहे, जिससे आहत होकर उन्होंने इस्तीफे देने का निर्णय लिया। जहां-जहां पार्टी की हार हुई है, वहां के कारणों की समीक्षा होगी और यह सब इन तीन उपचुनावों के बाद ही होगी। (अनंत ज्ञान)

# सोलन की जनता को पानी न मिला तो अधिकारियों का करेंगे घेराव : डॉ. कश्यप

**आर मोहन चौहान, सोलन**

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और सोलन विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रहे डॉ. राजेश कश्यप ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हो रहे हैं। सोलन सहित प्रदेश की जनता जहां जल संकट से जूझ रही है वहीं बरसाती मौसम की शुरुआती दौर में ही ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की हालत खस्ता हो चुकी है।



भाजपा नेता डॉ. राजेश कश्यप सोलन में पत्रकार वार्ता करते हुए।

उन्होंने सोलन में पेयजल संकट के लिए स्थानीय विधायक को स्वास्थ्य मंत्री की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार के अधिकारी सोलन में पेयजल की समस्या हल करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रशासन भी जिम्मेदार है। जहां नगर निगम और जल शक्ति विभाग में तालमेल नहीं होने के कारण शहर की जनता पानी की बूंद-बूंद को तरस रही है वहीं प्रशासन की ढील से दोनों ही विभागों के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम में मेयर का कार्यभार संभाल रही भाजपा की पार्षद को काम नहीं करने दिया जा रहा है जबकि कांग्रेस के पार्षद आपसी कलह में व्यस्त है। इससे शहर की जनता को न तो सस्ता पानी मिल रहा है, न ही घरों से मुफ्त में कूड़ा उठाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि सोलन शहर में पानी की समस्या हल नहीं हुई तो भाजपा बड़ा आंदोलन कर अधिकारियों का घेराव करेगी। डॉ. कश्यप ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी सवाल खड़े किए। इसके अलावा सोलन के कथेड़ में बन रहे सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल का निर्माण फंड की कमी के चलते रुक गया है। प्रदेश सरकार की नाकामी के चलते ठेकेदार को निर्माण की पेमेंट जारी नहीं की गई। ऐसे में ठेकेदार ने अपना काम समेट दिया है। (अनंत ज्ञान)

# बार-बार की चुनाव आचार संहिता जनादेश का अपमान : पवन खेड़ा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अखिल भारतीय कांग्रेस के मीडिया और पब्लिसिटी अध्यक्ष पवन खेड़ा ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने हिमाचल में जनता के जनादेश का अपमान करके कांग्रेस की सरकार को अस्थिर करने के लिए बार-बार नाटक किए।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा।

उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता की वजह से बीजेपी हिमाचल के विकास को नहीं रोक सकती। थोड़ी बहुत देरी इसमें हुई है। उन्होंने कहा की निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे और फिर बार-बार वोट मांगने का यह दौर आपदा जैसा है, लेकिन सुक्खू सरकार ने इन सारी आपदाओं को पार पा लिया है। खेड़ा वीरवार को हमीरपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जब-जब भी केंद्र में आर्थिक मदद के लिए गए हैं प्रधानमंत्री ने हमेशा ओपीएस का ताना मार कर मखौल उड़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी पिछले तीन-चार महीना से इस मामले को लेकर सरकार को तंग करने का केंद्र ने प्रयास किया है, लेकिन हिमाचल में हम बहुत जल्दी कानून बनाने वाले हैं। इस रोज-रोज की समस्या का अंत ही कर देंगे। खेड़ा ने कहा कि अब मौजूद तीन उपचुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा की मुकम्मल ऐंठ निकालने वाली है। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी कई तरह के आरोप लगाए और कहा की नीट और मणिपुर की दशा-दिशा का सबको पता चल चुका है और प्रधानमंत्री जवाब तक नहीं देते। उन्होंने कहा कि यदि ईडी और सीबीआई को 7 दिन के लिए उनके हवाले कर दे, तो प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री सभी कांग्रेस के साथ हो जाएंगे। उन्होंने तंज कसा और कहा कि अग्निवीर को लेकर भी भाजपा मुकम्मल झूठ बोल रही है। (अनंत ज्ञान)

# सीएम करते थे प्रताड़ित : राजेंद्र राणा

## प्रदेश सरकार ने डेढ़ वर्ष में 30 हजार करोड़ का कर्ज लेकर 95 हजार करोड़ कर दिया

**ए कुमार, सुजानपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री पर जुबानी हमला बोला है। पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक ने कहा कि अब इस सरकार को बचाने वाला कोई नहीं है। आज अगर हिमाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाला, झूठे आरोप लगाने वाला कोई व्यक्ति है जिसने इस मामले में पीएचडी कर रखी है तो वह प्रदेश का मुखिया है।

राणा ने कहा कि हिमाचल में होने वाले तीन उपचुनाव अगर आज हो रहे हैं तो यह मुख्यमंत्री के कारण हो रहे हैं। अगर तीन आजाद विधायकों ने अपने पद से त्यागपत्र दिया उस त्यागपत्र के पीछे क्या कारण है? यह बात जानने की कोशिश किसी ने नहीं की। यह पूर्व विधायक जनता का काम करवाने के लिए मुख्यमंत्री के पास जाते थे, लेकिन वह समय नहीं देते थे और उन्हें प्रताड़ित करते थे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव जो आज हो रहे हैं 6 उपचुनावों के साथ हो सकते थे, लेकिन मुख्यमंत्री ने इन्हें होने नहीं दिया। प्रदेश की जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, साथ हैं अन्य।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में होने वाले तीनों उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी जीत रही है। मुख्यमंत्री की पत्नी सहित दोनों कांग्रेस उम्मीदवार चुनाव हार रहे हैं। आईटी की टीम जिले में दो बार दबिश देने के मामले में उन्होंने कहा कि यह विभाग का काम है। जांच एजेंसी काम कर रही हैं, जो भी गलत और दोषी होगा उस पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि दोषी चाहे भाजपा का हो चाहे कांग्रेस का, पकड़ा जाए उस पर कार्रवाई हो।

पूर्व विधायक ने कहा कि हिमाचल पर 65 हजार करोड रुपए का कर्ज था। प्रदेश की सरकार ने मात्र डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में 30 हजार करोड़ का कर्ज लेकर इस कर्ज की राशि को 95 हजार करोड़ कर दिया। यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में हिमाचल में कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

# विकास कार्यों पर तालाबंदी कांग्रेस की निशानी: अनुराग

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने वीरवार को नालागढ़ विधानसभा उपचुनाव में नालागढ़, दत्तोवाल, बरुना, बैरक्षा व नंड में जनसंपर्क व जनसभा के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर को भारी मतों से विजयी बनाने व नालागढ़ में भी कमल खिलाने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त अनुराग ने नालागढ़ में प्रेस वार्ता को संबोधित भी किया।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जब-जब कांग्रेस सत्ता में आती है। विकास कार्य ठप हो जाता है, कब्जा बढ़ना शुरू हो जाता है। नालागढ़ में केएल ठाकुर ने भाजपा के डबल इंजन की सरकार में लगभग 550 करोड़ रुपए के विकास कार्यों यहां लाने का काम किया, मगर प्रदेश में जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनी दुर्भावना से ग्रसित होकर विकास कार्यों पर तालाबंदी करने का काम किया है। कांग्रेस ने मात्र 1.5 साल में 25000 करोड़ का कर्ज लेकर प्रदेश पर करज का बोझ 95000 करोड़ पहुंचा दिया। कांग्रेस



नालागढ़ में जनता को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर।

ने प्रदेश को दिया तो कुछ नहीं लेकिन यहां चल रहे स्वास्थ्य संस्थान, शिक्षा केंद्र, सरकारी स्कूल में बच्चों को दी जाने वाली वर्दियां हों या मजदूरों को मिलने वाली सुविधाएं हों सब बंद करने का काम किया। कांग्रेस बताये आखिर जनता का कसूर क्या है। एक तरफ वह कहते हैं कि हमने हिंदुओं को हराकर कांग्रेस की सरकार बनाई, दूसरी तरफ वह मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पानी व सड़क के लिए भी प्रदेश की जनता को तरसा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल की सरकार अपने ही उद्योगों को चौपट करने में लगी है, जबकि मैंने हमारे ट्रक यूनियन के अनुरोध पर मध्यप्रदेश की सरकार से बात करके एंट्री टैक्स बंद करा कर प्रति ट्रक 2500 रुपए का फायदा कराने का काम किया है। कांग्रेस बताए कि उसने प्रदेश के हित में पिछले 18 महीने में क्या काम किया है। झूठी गारंटियां देकर सिर्फ जनता को ठगने का काम कांग्रेस सरकार ने किया है। आज अगर हिमाचल के नालागढ़ व इसके साथ लगते इलाकों में लगे उद्योगों में 7 लाख लोग कार्यरत हैं। यह औद्योगिक पैकेज अटल और धूमल की सरकार के समय 2002 में मिला था, मगर उसके बाद की कांग्रेस सरकार ने इसमें भी अड़ंगा लगाया। कांग्रेस भाजपा के हर विकास कार्यों को रोकने का भरसक प्रयास करती रही हैं। नालागढ़ में भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर ने कभी सेवा भाव में कोई कमी नहीं रखी। मेरा कार्यकर्ताओं से निवेदन है कि फिर एक बार नालागढ़ में कमल खिला कर केएल ठाकुर को पहले से ज्यादा मतों से विधायक बनाएं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार के समय नालागढ़ में अभूतपूर्व विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का काम किया है।

अनुराग ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने लोकसभा चुनाव में हर ताकत का इस्तेमाल किया, लेकिन फिर भी नालागढ़ के लोगों ने हमें यहां से 15000 से ज्यादा वोटों की लीड दिलाई।

**चुनाव प्रचार** डिप्टी सीएम ने कहा- हरदीप को जिताकर विधानसभा भेजो, नालागढ़ में नहीं आएगी पानी की कमी

# नालागढ़ की जनता बदलेगी 17 साल का रिवाज: अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि स्वर्गीय पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने नालागढ़ के विकास के लिए हरदीप बावा को चुना था, आज उन्हीं का तराशा हुआ हीरा नालागढ़ से विधायक बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान हल्के के पहाड़ी, चंगर व परगना पलासी हर जगह से लोग पानी की समस्याओं के बारे में बता रहे है।

उन्होंने कहा कि हरदीप बावा को जिताकर विधानसभा भेजों नालागढ़ में पानी की कमी नहीं आने दी जाएगी। उनके पास पानी और बसों का महकमा है जहां हरदीप बावा बोलेंगे ट्यूबवेल लगाया जाएगा। जहां बस की जरूरत है लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि नालागढ़ की जनता इस बार रिवाज बदलने जा रही है। जनसभाओं में जिस प्रकार से लोगों का प्यार और आर्शीवाद मिल रहा है उससे साफ लग रहा है की हरदीप बावा एक बड़ी जीत की ओर अग्रसर है।



नालागढ़ में चुनाव प्रचार दौरान उपस्थित डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री ने वीरवार को नालागढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप बावा के पक्ष में राजपुरा, ढांग निहली, भाटियां, माजरा, जगतपुर, बरूणा, नालागढ़ शहर में चुनाव प्रचार कर पूरी ताकत झोंक दी। मुकेश अग्निहोत्री भाजपा प्रत्याशी पर हमला बोलते हुए कहा कि केएल ठाकुर ने पैसों के लिए नालागढ़ की जनता को बेचा है। भाजपा प्रत्याशी को जनहित के कार्यों से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ने नालागढ़ को खनन माफिया, रेत माफिया के नाम पर लूटने का काम किया है। ठाकुर 14 महीने कांग्रेस सरकार के साथ जुड़कर केवल अपना क्रशर लगवाने और टिप्पर छुड़वाने का प्रयास करते रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी जहां भी चुनाव प्रचार के लिए जा रहे हैं, लोग उनका जमकर विरोध कर रहे है। जनता उनसे पूछ रही है कि इस्तीफा क्यों दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ट्रक यूनियन के साथ खड़ी है। उनकी सरकार ने ही गुड्स टैक्स से ब्याज माफ कर ऑपरेटरों को राहत देने का कार्य किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, आशा कुमारी, सीपीएस रामकुमार चौधरी, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने चुनाव प्रचार कर नालागढ़ से कांग्रेस की जीत की हुंकार भरी।

कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप बावा ने कहा कि चेयरमैन रहते हुए अकेले बीबीएनडीए से 80 करोड़ रुपए के कार्य करवाएं। उन्होंने कहा कि जनता इनकी सच्चाई जान चुकी है। चुनाव में अपनी हार सामने देखकर यह बौखला गए हैं और मेरे खिलाफ दुष्प्रचार करने में लगे हुए हैं। बावा ने कहा कि लोगों ने विकास के लिए कांग्रेस का विधायक बनाने का मन बना लिया

## न्यूज ब्रीफ

### आनंद भूषण शर्मा बने ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** आनंद भूषण शर्मा को बैजनाथ ब्लॉक कांग्रेस का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। बैजनाथ कांग्रेस और मीडिया के बीच वह सेतु का काम करेंगे और कांग्रे स पार्टी के संगठन को और मजबूत बनाएंगे। आनंद भूषण व्यापार मंडल बैजनाथ के उपाध्यक्ष भी हैं तथा उनकी गिनती शहर के अग्रणी व्यापारियों में की जाती है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा सीपीएस किशोरी लाल का आभार प्रकट किया है। युवा नेता रविंद्र बिट्टू ने आनंद भूषण को इस नियुक्ति पर बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

### सद्गुरु कबीर मंदिर नागनी मरूंह में बैठक कल

**राकेश डोगरा, डरोह।** सद्गुरु कबीर मंदिर नागिनी मरूंह में 6 जुलाई को बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में सद्गुरु कबीर मंदिर में हाल ही में हुए कबीर साहेब के 626वें प्रकटोत्सव पर हुए कार्यक्रम में कितना खर्चे हुआ और कार्यकम में क्या कमियां रहीं, इसके बारे में विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस बैठक में 11 बजे दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी वहां पर की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### ल्हासा गिरने से घर को पैदा हुआ खतरा



**अजय पाल, पंचरुखी।** बुधवार रात को हुई भारी बारिश के कारण पंचरुखी तिनबड़ सड़क मार्ग में खजूरनु के पास ल्हासा गिरने से घर को खतरा पैदा हो गया है। ल्हासा गिरने के कारण वीरवार को पंचरुखी-चड़ियार सड़क भी लगभग दो घंटे अवरुद्ध रही। घर के मालिक रजिंदर कुमार ने बताया कि बुधवार रात को हुई मूसलाधार बारिश से घर के नीचे की और ल्हासा गिरने से मकान खतरे की जद्द मे आ गया है। उन्होंने कहा कि ल्हासा गिरने से घर के आंगन मे भी दरारें आ गई है, जिसके कारण कभी भी अनहोनी घटना घट सकती है। हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग ने जेसीबी मशीन भेज कर मलबे को हटा कर सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। सहायक अभियंता ने कहा कि बारिश कम होने पर जल्द ही यहां पर डंगे का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### शिव कुमार वर्मा बने स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष



**अनिल छांगू, जवाली।** स्वर्णकार संघ जवाली-लब-ढन की वीरवार को बैठक हुई, जिसमें स्वर्णकार संघ का गठन किया गया। शिव कुमार वर्मा को स्वर्णकार संघ का अध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया, जबकि सुमित जयंती को उपप्रधान व विक्कू कपिला को सलाहकार बनाया गया। इसके अलावा राज कुमार बबलू, बाबा कपूर, सुशील कपूर, विनोद धीमान, सुशांत कधम, संजय वर्मा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा ने कहा कि स्वर्णकारों ने मुझे जो दायित्व सौंपा है, उसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाऊंगा। (अनंत ज्ञान)

# मिनी सचिवालय जवाली के टॉयलेट ब्लॉक, चारों ओर बदबू ही बदबू

## ऑफिस आने वाले कर्मचारियों और लोगों को नाक पर रखना पड़ रहा रूमाल, हर कोई बेहाल

**अनिल छांगू, जवाली**

हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री चंद्र कुमार की जवाली विधानसभा क्षेत्र के अधीन दर्जनभर कार्यालयों का जिम्मा संभालने वाले मिनी सचिवालय जवाली में टॉयलेट की साफ-सफाई न होने व टॉयलेट ब्लॉक होने के कारण हर तरफ बदबू ही बदबू फैली हुई है तथा कार्यालयों में आने वाले लोग व कर्मचारी नाक पर रूमाल रखकर गुजर रहे हैं। कर्मी नाक पर रुमाल रखकर अपने कार्यालयों में बैठे हुए हैं।

इन दिनों इंदिरा गांधी प्यारी बहना योजना के अंतर्गत दूरदराज से आवेदन करने के लिए आ रही महिलाएं शौचालय वंद व साफ सफाई न होने की वजह से परेशान नजर आ रही हैं। ऐसे में कर्मचारियों सहित काम करवाने हेतु आने वाले लोगों को टॉयलेट जाने में भारी दिक्कत हो रही है। बदबू के कारण लोग प्रशासन को कोस रहे हैं। लोगों ने कहा कि यहां फैसी बदबू से कोई भी संक्रमित बीमारी फैल सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ब्लॉक हुए टॉयलेट को जल्द से जल्द से ठीक करवाया जाए तथा सफाई की भी उचित व्यवस्था की जाए।





मिनी सचिवालय जवाली के ब्लॉक पड़े टॉयलेट्स, जिनकी वजह से यहां चारों ओर बदबू ही बदबू फैली रहती है।

> मिनी सचिवालय के टॉयलेट्स की रिपेयर के लिए एस्टीमेट बनाकर जिलाधीश कांगड़ा को भेजा हुआ है, लेकिन अभी तक पैसे नहीं आए हैं। जैसे ही फंड आ जाएगा तो शीघ्र ही शौचालय को ठीक करवा दिया जाएगा।
>
> -विचित्र सिंह, एसडीएम, तहसील जवाली

### मिनी सचिवालय में हैं ये कार्यालय

**मिनी** सचिवालय जवाली में एसडीएम कार्यालय, लाइसेंस कार्यालय, कानूनगो कार्यालय, ट्रेजरी कार्यालय, तहसीलदार व नायब तहसीलदार कार्यालय, डीएसपी कार्यालय, तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय, अग्निशमन विभाग का कार्यालय, रोजगार कार्यालय हैं जिनमें अकसर ही काम करवाने वाले लोगों का आना-जाना लगा रहता है।

## व्यय पर्यवेक्षक ने दूसरी बार किया चुनाव व्यय का निरीक्षण, बोले

# रोजाना खर्च का ब्यौरा रजिस्टर में दर्ज करें सभी पार्टी उम्मीदवार

**शुभम शर्मा, देहरा**

व्यय पर्यवेक्षक अल्पेश कुमार त्रिकमलाल परमार (आईआरएस) ने आज वीरवार को एसडीएम ऑफिस देहरा में विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार व्यय की दूसरी बार जांच की। बैठक में व्यय पर्यवेक्षक ने उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों को चुनाव प्रचार के खर्च का ब्यौरा रोजाना रजिस्टर में दर्ज करने को कहा है, ताकि अकाउंटिंग टीम द्वारा बनाए गए शैडो रजिस्टर से इसका मिलान कर खर्च का सही आकलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर सभी उम्मीदवार रोजाना अपने खर्चों का ब्यौरा पारदर्शिता के साथ रजिस्टर में दर्ज करेंगे तो इससे उन्हें भी चुनाव खर्च की गणना करने में आसानी होगी।

बता दें, इससे पूर्व 28 जून को चुनाव व्यय खातों का निरीक्षण किया जा चुका है तथा 8 जुलाई को चुनाव से पहले अंतिम बैठक में प्रत्याशियों के खर्च रजिस्टर का निरीक्षण तथा शैडो रजिस्टर से मिलान किया जाएगा। व्यय पर्यवेक्षक ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करते ही उम्मीदवार के खर्चे की गणना शुरू हो जाती है और चुनाव परिणाम घोषित होने तक जारी रहती है। व्यय पर्यवेक्षक ने बताया कि उम्मीदवारों के अपने व्यय रजिस्टर के अलावा निर्वाचन आयोग की टीमें भी शैडो रजिस्टर बनाती हैं। निरीक्षण के दौरान इन दोनों रजिस्टरों का मिलान भी किया जाता है, ताकि चुनावी खर्च का सही आकलन किया जा सके। व्यय पर्यवेक्षक ने कहा कि चुनावी व्यय की निगरानी के लिए गठित टीमें सभी चुनावी गतिविधियों एवं खर्चे पर लगातार नजर रख रही हैं। (अनंत ज्ञान)



देहरा विधानसभा उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार व्यय की दूसरी बार जांच करते व्यय पर्यवेक्षक अल्पेश कुमार त्रिकमलाल परमार।

### अधिक खर्च किया तो होगी कार्रवाई

**व्यय** पर्यवेक्षक अल्पेश कुमार ने बताया कि चुनावी खर्चे का नियमानुसार हिसाब न देने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है और उनके चुनाव लड़ने पर 3 साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। उन्होंने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित राशि से अधिक व्यय करने पर प्रत्याशी के विजयी होने पर भी उसकी सदस्यता जा सकती है। इसलिए सभी प्रत्याशी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सीमा के अंदर ही प्रचार पर धनराशि व्यय करें। शैडो ऑब्जरवेशन रजिस्टर पर उनके सारे खर्चे की गणना की जा रही है। उन्होंने बताया कि व्यय रजिस्टर का मिलान शैडो ऑब्जरवेशन रजिस्टर से नहीं होता है तो प्रत्याशी को नोटिस जारी किया जाएगा।

# प्रो. सत प्रकाश चुने भारतीय शासकीय परिषद के सदस्य

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



प्रो. सत प्रकाश बंसल को भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से दो वर्षों के लिए गवर्निंग काउंसिल (शासकीय परिषद) के सदस्य के रूप में चुना गया है। बताते चलें कि संपूर्ण देश में भारतीय विश्वविद्यालय संघ के पांच जोन हैं जिसमें प्रो. बंसल उत्तरी क्षेत्र (नॉर्थ जोन) के वरिष्ठतम कुलपति के रूप में अपनी प्रशासकीय दक्षता और दूरदर्शिता के लिए जाने जाते हैं।

इस आधार पर भारतीय विश्वविद्यालय संघ की गवर्निंग काउंसिल (शासकीय परिषद) में दो वर्ष की नियुक्ति के दायित्व में इनका उदात्त शैक्षिक आत्म विवरण और कुलपति के रूप में वृहद अनुभव तथा शिक्षा जगत में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभूतपूर्व योगदान सर्वोपरि रहा है। शिक्षा जगत में इस प्रकार की सम्मानीय परिषद में इनका चयन हिमाचल प्रदेश के लिए ही नहीं अपितु उत्तर क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। (अनंत ज्ञान)

### केंद्रीय विवि धर्मशाला के हैं कुलपति

**प्रो.** सत प्रकाश बंसल वर्तमान में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के कुलपति हैं और हिमाचलप्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं। इन्होंने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर, इंदिरा गांधी राज्य विश्वविद्यालय, रेवाड़ी के पूर्व कुलपति तथा भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां, सोनीपत और महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, सोलन, हिमाचल प्रदेश के पूर्व संस्थापक कुलपति के रूप में अपनी चिर स्मरणीय भूमिका का अवगाहन करके यशस्वी प्रशासक की भूमिका कानिर्वहन किया है। प्रो. सत प्रकाश बंसल विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पत्रिकाओं के मुख्य संपादक और संपादक भी हैं। इनके द्वारा राष्ट्रीय महत्व की 11 शोध परियोजनाएं संपूर्ण हुई हैं और 30 से अधिक पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। श्रेष्ठ अकादमिक और अनुसंधान कार्यों के साथ-साथ विदेशी शैक्षिक संस्थानों/विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करके अकादमिक सहयोग में प्रवेश करने के लिए 30 से अधिक देशों का भ्रमण किया है।

# कृषि विवि के 1500 पेंशनर्स को जारी नहीं हुई पेंशन : फुल्ल



पेंशनर सभा की कार्यकारिणी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**गौरव कौंडल, पालमपुर**

हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की पेंशनर सभा की कार्यकारिणी की बैठक पालमपुर में अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार फुल्ल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें उन्होंने चिंता जताई कि विश्वविद्यालय की आर्थिक स्थिति पटरी से उतरी हुई लगती है क्योंकि इस बार 1500 पेंशनर्स को पेंशन रिलीज नहीं की गई है।

पेंशनर्स पहले ही इस बात से खफा है कि वर्षों से न तो मेडिकल रीवर्समेंट मिल रहा है, न ही समय पर ग्रेच्युटी और कॉम्यूटेशन की राशि अदा की जाती है। पेंशनर्स को संशोधित वेतनमान के अनुसार पेंशन अलाउंस में वृद्धि भी अभी तक यूनिवर्सिटी ने नहीं दी है। इतना ही नहीं यूनिवर्सिटी ने एरियर्स की दूसरी किस्त भी पेंशनर्स को जारी नहीं की है। एक और सेक्रेटेरिएट अलाउंस के लिए भी कुछ पेंशनर्स अपना विरोध प्रदर्शित कर रहे हैं। पेंशनर्स सभा की कार्यकारिणी ने कुलपति डॉ. दिनेश वत्स और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति से यह मांग की है कि पेंशनर्स की पेंशन तथा अन्य लंबित लाभों को तुरंत रिलीज किया जाए। बैठक में अध्यक्ष डॉक्टर फुल्ल के अतिरिक्त सदस्य सुदर्शना भट्टेडिया, इंजीनियर आरएस गुलरिया, चतुर सिंह तथा मंसाराम उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, भवारना।** पुलिस थाना भवारना के तहत भट्टू समूला में मोटरसाइकिल नंबर एचपी 37 एच -3666 के चालक अभिलाष राणा निवासी भट्टू तेज रफ्तारी से मोटरसाइकिल को चलाते हुए सड़क क्रास कर रही कार नंबर एचपी 37 जी 6602 के पिछले टायर से टकरा गया। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक अभिलाष राणा की मौत हो गई। इस संदर्भ में पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 281, 106 में दर्ज किया गया है।

### मारपीट करने पर दर्ज किया मामला

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी।** पुलिस थाना ज्वालामुखी के तहत द्रंग में कुलदीप निवासी द्रंग व विपन कुमार ने मनीष कुमार का रास्ता रोककर इसके साथ लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, गाली-गलौज किया तथा पूजा व राहुल के साथ भी गाली गलौच किया है। पुलिस थाना ज्वालामुखी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 115(2), 352, 351(2), 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# रोटेरियन गंधर्व पठानिया को मिला आउटस्टैंडिंग जोनल चेयरमैन अवॉर्ड



**अनिल छांगू, जवाली**

जिला कांगड़ा के उपमंडल शाहपुर के रहने वाले रोटेरियन गंधर्व पठानिया को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अमृतसर में आयोजित सम्मान समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा आउटस्टैंडिंग जोनल चेयरमैन अवॉर्ड से नवाजा गया। यह पुरस्कार उन्हें 2023-24 के कार्यकाल के दौरान रोटरी क्लबों के बीच उनके नेतृत्व और योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

गौर रहे कि हिमाचल जोन एक में पालमपुर, धर्मशाला, कांगड़ा, शाहपुर, हमीरपुर और ऊना के 10 क्लब शामिल हैं। रोटेरियन गंधर्व पठानिया के नेतृत्व में इन क्लबों में कई समाज सेवा परियोजनाएं शुरू कीं और उन्हें सफलतापूर्वक पूरा किया। इन परियोजनाओं में स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा में सुधार और ग्रामीण विकास शामिल थे।

वहीं, इस सम्मान के लिए गंधर्व पठानिया ने अपने सहयोगियों और सभी क्लबों के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार केवल मेरा नहीं है, बल्कि पूरे हिमाचल जोन-1 के सभी रोटेरियन का है, जिन्होंने अपने निरंतर प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया। यह पुरस्कार समारोह अमृतसर में आयोजित किया गया, जिसमें रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 के सभी जोन के चेयरमैन और सदस्य शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

# रिज पर वीरभद्र सिंह की नहीं, वीर सपूत मेजर सोमनाथ की प्रतिमा लगाई जाए : मनकोटिया

## भाजपा नेता ने पीएम और केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर किया आग्रह

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भाजपा नेता मेजर विजय सिंह मनकोटिया ने पीएम मोदी, राष्ट्रपति और गृह मंत्रालय को पत्र लिख कर हिमाचल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग धर्मशाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उठाई है। मनकोटिया ने कहा कि प्रदेश सरकार पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र की प्रतिमा लगाने जा रही है, जिसका भाजपा पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि हम आम तौर पर किसी भी नेता के निधन के बाद उसकी स्मृति का तभी सम्मान करते हैं, यदि उस नेता के पास उच्च नैतिक चरित्र, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा हो, लेकिन पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र सिंह के साथ ऐसा बिलकुल नहीं था। उन्होंने अपना तर्क रखते हुए कहा कि वीरभद्र सिंह दिल्ली उच्च न्यायालय में अपने परिवार के सदस्यों के साथ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी, बेइमानी, मनी लॉन्ड्रिंग आदि के आरोपों का सामना कर रहे थे। सीबीआई, ईडी और आईटी विभाग ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक सबूत पेश किए थे और उन्हें सजा का सामना करना पड़ रहा था। वीरभद्र सिंह एकमात्र मौजूदा मुख्यमंत्री थे, जिनके शिमला स्थित घर, हॉली लॉज को 26 सितंबर, 2015 को सील कर दिया गया था और छापा मारा गया था और उनकी और उनके बेटे की संपत्तियों को ईडी ने जब्त कर लिया था। इससे देवभूमि कहे जाने वाले राज्य को बहुत शर्मिंदगी और बदनामी उठानी पड़ी थी। इसलिए भाजपा उनकी प्रतिमा लगाने का विरोध करती है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार का खजाना पूरी तरह से खाली हो चुका है। कर्मचारी और पेंशनर भी अपने वेतन और पेंशन समय पर न मिलने पर आवाज बुलंद कर रहे हैं। सरकार का खजाना खाली है, इसलिए प्रदेश सरकार आर्थिक संकट से घिर चुकी है, जिसे अब नैतिकता के आधार पर चले जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### आपदा का पैसा किसे बांटा, सार्वजनिक करे सरकार



**मेजर** मनकोटिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार कह रही है कि केंद्र ने आपदा के समय हिमाचल को आर्थिक पैकेज नहीं दिया, लेकिन मैं पूछता हूं कि सरकार पहले यह तो बताए कि केंद्र ने जो राहत राशि भेजी है, वह किसे और कैसे बांटी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के पास आय अर्जित करने का कोई विकल्प नहीं है, इसलिए हर चीज के लिए केंद्र का मुंह ताकना पड़ेगा, अगर हिमाचल सरकार को केंद्र ने ही चलाना है तो बेहतर है हिमाचल में राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाए, क्योंकि ऐसी निकम्मी सरकार की प्रदेश को कोई आवश्यकता नहीं है।

# करोड़ों का कर्ज लेकर सुक्खू सरकार सुख भोगने में व्यस्त : होशियार सिंह

## कहा, सुक्खू व उनकी पत्नी को देहरा का हर व्यक्ति अब नजर आने लगा रिश्तेदार

**शुभम शर्मा, देहरा**

देहरा से भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह ने कहा है कि सुक्खू सरकार की 10 गारंटियों को पूरा करने की कोई गारंटी नहीं है और 15 माह में हजारों करोड़ का कर्ज लेकर सुक्खू सरकार केवल सत्ता सुख भोगने में व्यस्त है। जनता समस्याओं से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आपदा के समय केंद्र सरकार ने सुक्खू सरकार को करोड़ों की धनराशि मुहैया करवाकर राज्य की जनता को आर्थिक सहायता प्रदान की थी, लेकिन सुक्खू सरकार केंद्र सरकार का धन्यवाद करने की बजाय आलोचना की।

होशियार सिंह ने कहा कि सुक्खू सरकार जिस व्यवस्था परिवर्तन की बात करती आई है, उस व्यवस्था परिवर्तन में सुक्खू ने 1,000 सरकारी संस्थान को जो पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने जनता की सुविधाओं के लिए खोले थे, उन्हे बंद कर दिया। उन्होंने कहा सुक्खू देहरा में कर कौन से विकास के वादे व दावे कर रहे हैं। सुक्खू को आज देहरा इस लिए प्यारा लग रहा है क्योंकि उनकी पत्नी कमलेश ठाकुर यहां से चुनाव लड़ रही है। उन्होंने सुक्खू की पत्नी की हार के बाद यहां की जनता खुद देखेगी सुक्खू कहां गायब हो गए। मुख्यमंत्री जो आज विकास के वादे यहां की जनता से कर रहे हैं चुनाव हारने के बाद में यहां नजर तक नही आएंगे। उन्होंने कहा कि सुक्खू व उनकी पत्नी ऐसी घटिया राजनीति पर उतर आए हैं कि उन्हें चुनावी बेला में देहरा का हर व्यक्ति रिश्तेदार नजर आ रहा है। देहरा से अगर उन्हें दो बार चुनाव जीता है तो यहां की जनता के आशीर्वाद व उनके विश्वास के बल पर, तथा यह उनचुनाव भी देहरा की जनता भारी मतों से जीताएगी। (अनंत ज्ञान)



चुनाव प्रचार करते देहरा से भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह ठाकुर।

**बैजनाथ नगर पंचायत चुनाव** | कांग्रेस की सारे घटनाक्रम पर पैनी नजर, अभी तक रामभरोसे ही नजर आ रही बीजेपी

# इस बार भी पुराने प्रतिद्वंद्वियों में ही चुनावी जंग के आसार

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पंचायत बैजनाथ-पपरोला में एक बार फिर पुराने प्रतिद्वंद्वियों के बीच में ही चुनावी जंग होने के आसार दिख रहे हैं। यहां अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव 6 जुलाई को होना निश्चित हुए हैं। जहां तक बैजनाथ कस्बे का संबंध है तो यहां पर अमित कपूर और बालकृष्ण बंटी का काफी अर्से से पंचायत स्तर पर वर्चस्व रहा है। वहीं, पिछले 3 सालों से ज्यादा समय तक बैजनाथ नगर पंचायत की अध्यक्ष रहीं कांता देवी भी दो बार पंचायत प्रधान रहने के बाद लगातार दूसरी बार ओपन सीट से पार्षद चुनकर आई हैं।

पपरोला में भी मुकेश कुमार छन्नू तथा अनीता सूद का तो एक अलग ही कद है। पपरोला के स्थानीय निकायों की राजनीति में काफी लंबे अरसे से उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। इन चुनाव में पिछली बार की तरह ही इस बार भी क्रॉस वोटिंग के पूरे पूरे आसार बने हुए हैं। चुनावों में जहां कांग्रेस पार्टी के विधायक किशोरी लाल पूरी नजर रखे हुए हैं तथा अनुसूचित जाति मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू सहित संगठन के अन्य लोग भी पार्षदों के साथ बैठक कर आपसी समन्वय बिठाने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस नेता हर हाल में कांग्रेस विचारधारा के लोगों को अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष की कुर्सी पर देखना चाहते हैं। यही वजह है कि कांग्रेस के नेता इस चुनाव को लेकर काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं।

वहीं, भाजपा की ओर से पूर्व विधायक रहे मुल्क राज प्रेमी ने कांता देवी से चुनाव के बारे में उनसे फोन पर जरूर कुछ चर्चा की है, लेकिन पार्टी की ओर से प्रदेश स्तर का कोई बड़ा नेता उनके पक्ष में प्रयास करता दिखाई नहीं दे रहा है। भाजपा रामभरोस ही नजर आ रही है। कुल मिलाकर 6 जुलाई को होने वाले नगर पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। (अनंत ज्ञान)

### ये शामिल हैं अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनने की दौड़ में



रितु कुमारी



आशा कुमारी



कांता देवी

**कांग्रेस** की ओर से 11 नंबर वार्ड की पार्षद आशा कुमारी अध्यक्ष पद के लिए तथा एक नंबर वार्ड की पार्षद वेदना कुमारी उपाध्यक्ष पद की उम्मीदवार लगभग फाइनल ही मानी जा रही हैं। जहां तक आशा कुमारी का संबंध है तो वह भी दूसरी बार ओपन सीट से पार्षद बनकर आई हैं तथा कांग्रेस पार्टी में एकमात्र अनुसूचित जाति की महिला पार्षद हैं। बैजनाथ में जहां तक अध्यक्ष पद का सवाल है तो वह अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित है। वहीं, जहां तक भाजपा का सवाल है तो कांता देवी ने साफ कर दिया है कि वह हर हाल में नगर पंचायत से अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने जा रही हैं। उन्होंने तो यहां तक कह दिया है कि विचारधारा चाहे उनकी जरूर भाजपा रही है, परंतु पंचायत स्तर पर कांग्रेस तथा भाजपा विचारधारा वाले लोग उनके लिए हमेशा ही बराबर रहे हैं यही वजह है कि वह पिछले 20 सालों से लगातार पंचायत के चुनाव जीत कर आ रही हैं। वार्ड नंबर 2 से जीत कर आई पूर्व में जिला परिषद सदस्य रहे तिलक राज की पत्नी रितु कुमारी भी अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो भाजपा और कांग्रेस दोनों से नाराज चल रहे पार्षद इन्हें अपना अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बना सकते हैं। इस बारे में रितु कुमारी का कहना है कि इन चुनावों में उनके समर्थक पार्षद उन्हें जिस भी भूमिका में देखना चाहते हैं, उसके लिए वह तैयार हैं। जहां तक उपाध्यक्ष पद का सवाल है भाजपा की ओर से अभी भी इस बारे में असमंजस की स्थिति बनी हुई है पिछली बार भाजपा की ओर से उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार रहे अमित कपूर ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मंदिर में तोड़फोड़ कर फेंका सामान

**आजम डार,तीसा।** चुराह विस क्षेत्र अधीन मंगली पंचायत के गांव जालू में शरारतीतत्व ने मंदिर में तोड़फोड़ कर मंदिर का सामान यहां-वहां फेंक दिया। मंदिर में तोड़फोड़ और सामान फेंकने की सूचना मिलने के बाद पंचायत प्रधान ने भी घटनास्थल का दौरा किया। पीड़ित व्यक्ति ने इसकी शिकायत उपायुक्त से भी की है। पीड़ित ने शरारतीतत्व के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग उठाई है। पीड़ित महारथ सिंह गांव जालू ने बताया कि उनके मकान के साथ लगती जमीन पर माता बनखंडी का मंदिर है। उन्होंने कुलघोट निवासी एक व्यक्ति पर आरोप लगाया है कि उसने मंदिर में तोड़फोड़ की है। इतने पर भी उसका मन न भरने पर उसने मंदिर का सामान भी यहां-वहां फेंक दिया है। इसके बारे में पंचायत प्रधान को भी सूचना दी गई। प्रधान ने मौके पर पहुंच कर अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। उन्होंने उपायुक्त से मंदिर में तोड़फोड़ कर सामान को यहां-वहां फेंकने वाले पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग उठाई है। पंचायत प्रधान हुमदेई ने बताया कि उन्हें मंदिर में तोड़फोड़ कर सामान फेंकने की सूचना मिली। इसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंच कर अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। (अनंत ज्ञान)

### क्वार में 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**दशमी रावत, रोहड़ू।** वन विकास समिति निकाय क्वार में स्वयं सहायता समूह क्वार का 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरु हुआ, जिसमें 20 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षार्थियों को ऊन कताई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रशिक्षण शिविर में समिति के प्रधान शंकर चौहान व पूर्व पंचायत समिति सदस्य कलर सिंह, हिमकान से अमित सिंह व सत्य प्रकाश, अमित शर्मा व विनय मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### 9 छात्रों पर कुत्ते का हमला, बुरी तरह नोचे

**उमेश, सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर के पुंघ वार्ड में निजी शिक्षण संस्थान एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के छात्रों पर अज्ञात कुत्ते ने हमला कर दिया। जिस कारण 9 छात्र बुरी तरह से घायल हुए हैं। जिन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां सभी छात्रों का उपचार जारी है। जिस समय कुत्ते ने छात्रों पर हमला किया तो मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और लोग इधर-उधर भागने पर मजबूर हो गए। शिक्षण संस्थान के एमडी गीतानंद ने बताया कि गुरुवार दोपहर बाद शिक्षण संस्थान से छुट्टी होने पर छात्र अपने घर की ओर जा रहे थे शिक्षण संस्थान के बाहर अज्ञात कुत्ते ने 9 छात्रों सहित अन्य कुछ लोगों पर हमला कर दिया। घटना के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। नगर परिषद सुंदरनगर के अधिकारियों को दी गई है और मामले में उचित कार्रवाई की मांग उठाई गई है। गीतानंद ने नगर परिषद के पदाधिकारी से मांग की है कि अज्ञात कुत्ते को जल्द पकड़ा जाए ताकि वह किसी और पर हमला न कर सके।नगर परिषद सुंदरनगर के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की शिकायत प्राप्त हुई है। (अनंत ज्ञान)

# परवान नहीं चढ़ा होली-उतराला मार्ग

**एमएम डैनियल, चंबा**

होली-उतराला-बैजनाथ मार्ग निर्माण से जनजातीय क्षेत्र वासियों को भरपूर लाभ जहां प्राप्त होगा। वहीं उनके लिए आय के साधनों में इजाफा होगा। लेकिन यह सपना कब साकार होगा इस पर भरमौर, होली, उतराला सहित बैजनाथ निवासी टकटी लगाए बैठे है।

जबकि राज्य की सत्ता पर क्रम वाइज विराजमान होने वाली कांग्रेस व भाजपा सरकार दोनों ही अपने-अपने कार्यकार में सड़क निर्माण से सुरंग निर्माण सपने लोगों को एक नहीं अनेकों बार दिखा चुके है।

लेकिन जमीनी हकीकत में न निर्माणधीन सड़क का काम परवान चढ़ पा रहा और न सुरंग निर्माण को लेकर केंद्र हरी झंडी दिखा रहा है। जिससे यह सपना मुंगेरी लाल के हसीन सपनों से अधिक ओर कुछ प्रतीत नहीं हो रहा। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### बजट के अभाव और फारेस्ट क्लीयरेंस न होने के कारण निर्माण कार्य हुआ बंद

**पूर्व** सरकार ने गत वर्ष हिमाचल दिवस पर पांच करोड़ रुपए और उपलब्ध करवाने की घोषणा की है। इससे एक बात स्पष्ट हुई है कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम सरकार के लिए यह सड़क प्राथमिकताओं में से एक रही। होली-उतराला मार्ग का निर्माण कार्य बैजनाथ की तरफ से भी शुरू हुआ। जोकि करीब 65 किलोमीटर बनने वाली इस सड़क का 32 किलोमीटर का हिस्सा बैजनाथ की ओर से बनेगा। वहीं सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 1998 में शुरू हुआ था। कुछ किलोमीटर बनने के बाद ही कार्य बजट के अभाव और फारेस्ट क्लीयरेंस न होने के कारण बंद हो गया था। अब दो दशक के बाद फिर से इसका कार्य शुरू हुआ है।

### होली-उतराला मार्ग निर्माण से मिलेगा पर्यटन को बढ़ावा

**होली-उतराला** सड़क भरमौर विधानसभा क्षेत्र से 23 किलोमीटर और बैजनाथ के उतराला से 29 किलोमीटर बननी है। बैजनाथ की ओर से 10 किलोमीटर निर्माण हो चुका है। इसके अलावा भरमौर की ओर से भी पूर्व विधायक जिया लाल ने मार्ग को बनाने का काम शुरू करवा गया था। होली-उतराला-बैजनाथ सड़क बनने से पर्यटन को पंख लगेंगे, साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। इस मार्ग के बनने का सबसे ज्यादा लाभ गद्दी समुदाय को होगा।

### होली-उतराला सड़क निर्माण से जिलों से जिला की दूरियां

**जिला** चंबा के होली व भरमौर क्षेत्र को जिला कांगड़ा के बैजनाथ से जोड़ेगी। मौजूदा समय में अगर कोई बैजनाथ, पालमपुर, धर्मशाला या फिर जिला मंडी, शिमला व कुल्लू की ओर से भरमौर की तरफ जाना चाहे तो उसे 200 किलोमीटर से अधिक का सफर वाया चंबा होकर तय करना पड़ता है। इस सड़क के बनने से यही दूरी 65 किलोमीटर के बीच रह जाएगी।

### मार्ग निर्माण ने होने से चुकाने पड़ रहे चार गुणा दाम

**होली**-उतराला-बैजनाथ मार्ग सहित सुरंग निर्माण योजनाओं पर वर्षों से सियासतें तो चल रही है। लेकिन तमाम राजनीति चर्चाओं व प्रयासों के बावजूद भी वर्तमान समय तक होली, उतराला व बैजनाथ क्षेत्र वासियों को न सड़क और न सुरंग योजना नसीब हो पाई है। जिसका खामियाजा यहां के वंशिदों को होली-उतराला-बैजनाथ बाया बनीखेत 326 किमी और बाया जोत 280 किमी का सफर 4 गुणा दामों पर तय करने पर विवश होना पड़ रहा है। जिसमें हर यात्री होली-उतराला-बैजनाथ बाया बनीखेत बस किराये में 635 रूपए और होली-उतराला-बैजनाथ बाया जोत 570 रुपए व्यय कर रहा है। वहीं अगर होली-उतराला-बैजनाथ सड़क निर्माण हो जाए तो उक्त दूरियां महज 65 किलो मीटर की दूरी में सिमट कर रह जाएगी। जिसका यात्री को महज 142 किराये के रूप में निर्वाह करने होंगे।

> कांगड़ा से होली पहुंचने के लिए हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम व निजी बहुत सी बस सेवाएं यात्रियों के सफर के लिए मौजूद है। जिनमें दोनों ओर सैंकड़ों यात्री रोजाना सफर करते है। सर्दियों के महीनों में बारिश-बर्फबारी के कारण यात्रियों की सख्या कम रहती है। लेकिन गर्मियों व अन्य शेष महीनों में इस रूट पर यात्रियों की संख्या संतोषजनक रहती है। यदि होली-उतराला-बैजनाथ मार्ग निर्माण का कार्य पूर्ण हो जाए तो जो बैजनाथ या कांगड़ा से लंबी दूरी तह कर भरमौर, होली/उतराला क्षेत्रों में पहुंचते है, उन यात्रियों के लिए यह दूरी 200 किलोमीटर से वाया चंबा घट कर करीब 65 किलोमीटर के आस-पास रह जाएगी। **-शुगल सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी, चंबा डिपो।**

### डीसी ने एस्पिरेशनल कार्यक्रम का किया आगाज

# हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की होगी जांच



अधिकारियों व कर्मियों को शपथ दिलाते हुए डीसी व अन्य।

**एमएम डैनियल, चंबा**

संपूर्णता अभियान के तहत जिला मुख्यालय चंबा में एस्पिरेशनल कार्यक्रम का केंद्र सरकार के दिशा निर्देश अनुसार उपायुक्त मुकेश ने विधिवत शुभारंभ किया।

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्रा) तथा डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा के बच्चों द्वारा द्वारा आयोजित रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। वहीं बचत भवन चंबा के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संपूर्णता अभियान के उद्देश्यों तथा इस दिशा में जिला चंबा में किया जा रहे प्रयासों बारे विस्तृत जानकारियां देते हुए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि जिला चंबा में संपूर्णता अभियान के इंडिकेटरों के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व देखभाल, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण देने, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच करने, सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड्स मिलने तथा स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए 4 जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक एक विशेष अभियान के तहत शत प्रतिशत लक्ष्यों को हासिल करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

उपायुक्त रेपसवाल ने कहा कि इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आशा कार्यकर्ताओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है जिन्होंने इससे पूर्व भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने बताया कि संपूर्णता अभियान की अगली कड़ी में एस्पिरेशनल ब्लॉक कार्यक्रम के तहत जिला के तीसा तथा पांगी विकास खंडों को भी शामिल किया गया है जिससे आने वाले समय में इन क्षेत्रों में भी संपूर्णता अभियान के तहत आने वाले सभी इंडिकेटरों में भी अभूतपूर्व सुधार होगा। उपायुक्त चंबा ने उपस्थित लोगों को संपूर्णता अभियान के संबंध में शपथ भी दिलवाई। (अनंत ज्ञान)

## श्री मणिमहेश यात्रा की तैयारियों पर की बैठक

**एमएम डैनियल, भरमौर ( चंबा )**

उत्तरी भारत की प्रसिद्ध श्री मणिमहेश यात्रा की अग्रिम तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय पट्टी के सभागार में उपमंडल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने की। बैठक में श्री मणिमहेश यात्रा में डल झील तक श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु उचित व्यवस्था को सुनिश्चित बनाए रखने के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। एसडीएम राणा ने संबंधित विभागों को जल्द से जल्द सुरक्षित यात्रा मार्ग, वाहनों को पास देने वाले स्थान, सड़क किनारे पार्किंग, स्वच्छ पेयजल व हड़सर से दोनों पैदल मार्गों के कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा । उन्होंने यह भी निर्देश दिए की यात्रा से संबंधित तैयारियों के उचित प्रबंधों को जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाया जाए।

उन्होंने पुलिस विभाग को पार्किंग सुविधा के लिए विशेष कार्य योजना बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान उचित पेयजल आपूर्ति बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाए। उन्होंने शौचालय और साफ-सफाई की व्यवस्था बनाए रखने संबंधित विभाग को निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने विधुत विभाग को यात्रा के दौरान विद्युत आपूर्ति की उचित व्यवस्था करने को भी कहा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को हडसर से लेकर डल झील तक रास्ते में बैठने के लिए बैंच की सुविधा और रेन शेल्टर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए आयुर्वेदा विभाग व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनजीओ के लोगों को शामिल कर कैंप लगाने की कार्य नीति बनाने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

## बेतुकी ब्यानबाजी से जनता का ध्यानाकर्षण करने की फिराक में भाजपा : जितेंद्र

**एमएम डैनियल, चंबा**



जिला चंबा में बेबुनियादी व बेतुकी ब्यान बाजी से एक भाजपा नेता सुर्खियां बटोरने की फिराक मे हैं। हिमाचल प्रदेश मत्स्य रिस्क फंड कमेटी के गैर सरकारी सदस्य जितेंद्र मैहरा ने भाजपा नेता जय सिंह की प्रैस वार्ता मे सरकार पर लगाए गए आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि हर कुछ दिनों मे वे एक नया शगूफा लेकर प्रदेश सरकार व चम्बा के कांग्रेस विधायकों पर टीका टिप्पणी करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि मिंजर मेले के दौरान बाहर से आये मुख्य अतिथि व उनके सहयोगियों को सम्मानित करने का विरोध कर रहे हैं। लेकिन वे भूल रहे हैं कि अतिथियों का सम्मान करना संस्कृति की परंपरा हैं।

वहीं वे स्थानीय विधायक को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं इससे साबित होता है कि वे अपने आकाओं को खुश करके कोई ओहदा पाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हर बारलोगों के बीच अपनी मौजूदगी जताते रहते है और चम्बा से भाजपा टिकट की दावेदारी पेश करने की कोशिश में रहते हैं। (अनंत ज्ञान)

## सड़क की गुणवत्ता ठीक न होने पर रोष

**आजम डार, तीसा**

चांजू बघेईगढ़ सड़क मार्ग पर तारकोल बिछाने का कार्य हाल ही में शुरू किया गया था, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की पक्कीकरण की गुणवत्ता ठीक नहीं है। दो दिनों के भीतर ही तारकोल उखड़ने लगा है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

गौरतलब है कि इस सड़क को पक्का करने का कार्य 12 सालों बाद किया जा रहा है। सड़क की खराब स्थिति और लंबे समय से पक्कीकरण न होने के कारण स्थानीय लोग लंबे समय से इस कार्य की प्रतीक्षा कर रहे थे।



सड़क को दिखाते ग्रामीण।

ग्राम पंचायत प्रधान टेकू शर्मा ने भी सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से सड़क की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। प्रधान टेकू शर्मा ने कहा ग्रामीणों की शिकायतें सही हैं। तारकोल की गुणवत्ता इतनी खराब है कि यह केवल दो दिनों में ही उखड़ने लगा है। हमने विभाग से तत्काल इस मामले की जांच कराने और उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द इस मुद्दे का समाधान करें ताकि ग्रामीणों को सुगम और सुरक्षित यात्रा का लाभ मिल सके। (अनंत ज्ञान)

# आपदा से निपटने के लिए तैयार रहें सभी विभाग

**अनंत ज्ञान,भरमौर**

मौनसून के दौरान बारिश व अन्य आपदा से निपटने के लिए सभी विभागों को योजना तैयार कर उपमंडलाधिकारी कार्यालय भरमौर को भेजना सुनिश्चित करें। एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने मानसून से निपटने के लिए की जाने वाली तैयारियों के संबंध में एसडीएम कार्यालय पट्टी भरमौर के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। एसडीएम राणा ने लोक निर्माण विभाग को मानसून के दौरान सड़कों को बहाल करने के लिए मशीनरी व अन्य आवश्यक उपकरणों की तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान वर्षा के कारण जहां सड़क अवरूद्ध होने की संभावना रहती है,



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी।

ऐसे स्थानों को चिहिन्त कर वहां पर्याप्त मात्रा में मशीनरी व कामगारों की उपलब्धता सुनिश्चित करें ताकि यातायात प्रभावित न हो और लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने विद्युत विभाग को बारिश के दौरान विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए बिजली की तारों की जांच तथा अतिरिक्त पोलों की व्यवस्था करने को कहा। जिन स्थानों पर अधिक वर्षा के कारण बिजली जाने की संभावना बनी रहती है, ऐसे स्थानों को चिन्हित कर वहां पर पूर्व तैयारी रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा ट्रांसफार्मरों के रखरखाव एवं उपकरणों की उपलब्धता भी समय रहते सुनिश्चित करने व बिजली की लाईनों से लगने वाले पेड़ों की शाखाओं की छंटाई करने के आदेश दिए। उन्होंने जल शक्ति विभाग को मानसून के दौरान पानी की आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए कहा ताकि लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े।

एसडीएम ने तहसीलदार भरमौर और होली व कृषि और उद्यान विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि बारिश से किसानों के फसलों को हुए नुकसान का आंकलन तुरंत करवा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि किसानों को मुआवजा प्रदान किया जा सके।उन्होंने यह भी कहा कि साथ में नुकसान के आकलन की फोटोग्राफी भी होनी चाहिए।

उन्होंने तहसीलदार को पंचायत के माध्यम से पटवारी की देख रेख में खराब स्थिति में घर और सरकारी बिल्डिंग जिनके गिरने का खतरा बना रहे चिन्हित करने के आदेश दिए ताकि किसी भी प्रकार की जान का नुकसान न हो।

## लोगों ने चोलथरा में किया चक्का जाम

**रितेश, चौहान।** हमीरपुर मंडी बाय सरकाघाट धर्मपुर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 03 के निर्माण की वजह से आ रही परेशानियों को लेकर वीरवार को जिला पार्षद वंदना गुलेरिया की अगुवाई में प्रभावित लोगों ने चोलथरा पंचायत के बासी में चक्का जाम कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

लोगों ने आरोप लगाया कि कंपनी ने पिछली बरसात से कोई भी सबक नहीं लिया और ना ही प्रभावित लोगों के घरों के आगे सुरक्षा दीवारें लगाई और ना ही सड़क के साथ ड्रेनेज बनाई जिसके कारण अब दूसरी बरसात में सड़क का तमाम पानी लोगों के घरों और उपजाऊ जमीन पर पड़ रहा है जिससे जान माल का नुकसान उठाना हो सकता है।

# हर माह आपदा प्रबंधन के साथ करवाई जाएं संस्थाओं की बैठक : भाटिया

**एमएम डैनियल, चंबा**

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा ने एक ओर सराहनीय कदम उठाने की पहल की है। जिसके चलते संस्था की इन दिनों खूब चर्चा हो रही है।

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा सदस्यों ने संस्था अध्यक्ष दीपक भाटिया की अगुवाई में उपायुक्त चंबा आईएएस मुकेश रेपसवाल से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसकी प्रतिलिपि निदेशक-सह-पदेन-विशेष सचिव, राजस्व-आपदा प्रबंधन, शिमला दुनीचंद वकार्यालय जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चंबा को भी प्रेषित की गई है।

वहीं सौंपे गए ज्ञापन से उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को अवगत करवाते हुए संस्था अध्यक्ष दीपक भाटिया ने बताया कि जिला चंबा में हर माह डीआईएजी विभिन्न संस्थाओं, सक्रिय स्वयंसेवकों और आपदा संबंधित विभाग की बैठक करवाई जाए। उन्होंने ने बताया कि



डीसी को ज्ञापन सौंपते संस्था सदस्य।

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था पिछले 6 वर्षो से लगातार सामाजिक कल्याण में कार्य कर रही है विशेष कर आपदा प्रबंधन में प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के साथ साथ जिला में अनेकों संस्थाएं व विभाग भी इन सब कार्यों को अपने स्तर पर बहुत बहतर तरीके से कर रहे है पर हम चाहते है की जिला चंबा में सभी संस्थाएं, सक्रिय स्वयंसेवकों और संबंधित विभाग मिलकर काम करें ताकि हम संगठित होकर जिला चम्बा के विकास में अपना योगदान दें ।

उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा के लिए संयुक्त रूप से सभी मिलकर तैयारी कर सके। इसके लिए हम चाहते है की जिला चंबा में हर माह डीआईएजी, विभिन्न संस्थाओं, सक्रिय स्वयंसेवकों और आपदा संबंधित विभाग की बैठक का आयोजन किया जाएं। उन्होंने कहा कि हर माह होने वाली बैठक का स्थान अलग होना चाहिए कभी चंबा, तीसा, पांगी, भरमौर, भटियात, डलहौजी, सलूणी हो ताकि जिला चंबा के हर क्षेत्र व् हर वर्ग के लोग इस कार्य में अपना योगदान दे सके।

उन्होंने कहा कि प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था आशा करेंगे की इसकी अध्यक्षता उपायुक्त संबंधित एसडीएम या डीआईएजी समन्वयक की अध्यक्षता में आयोजित हो। ताकि आपके द्वारा चलाई जाने वाली विकासात्मक योजनाओ को हम सब मिलकर बढ़ावा दे सके साथ ही मौजूद लोग अपनी बात व सुझाव आपके समक्ष रख सकें। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 00116 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# 6 से एचपीएमसी के 12 केंद्रों के माध्यम से मिलेगा यूनिवर्सल कार्टन

**रविन्द्र जस्टा, शिमला**

बागवानों के लिए अब राहत की खबर सामने आई है। जिस यूनिवर्सल कार्टन के बागवान रो रहे थे वह अब 6 जुलाई से मिलने शुरू हो जाएंगे। एचपीएमसी के 12 केंद्रों के माध्यम से बागवानों को यूनिवर्सल कार्टन मिलेंगे। इसके लिए सरकारी उपक्रम एचपीएमसी शॉर्ट लिस्ट की गई तीन कंपनी शिवालिक कंटेनर्ज, जेज पैकर्स और जसमेर मेकर्स को पहले ही सप्लाई आर्डर जारी कर दिया गया था। जिसके बाद अब प्रदेश भर में एचपीएमसी के फंक्शनल 12 केंद्रों में यूनिवर्सल कार्टन की 5 जुलाई को सप्लाई पहुंचनी शुरू हो जाएगी। जिससे अब बागवानों को इन केंद्रों के माध्यम से 6 जुलाई से यूनिवर्सल कार्टन उपलब्ध होगा।

बागवानी पर हर साल लागत बढ़ने से परेशान बागवानों के लिए राहत की बात है कि इस बार कार्टन पिछले साल की तुलना में 7 रुपए तक सस्ता मिलेगा। जीएसटी काउंसिल ने कार्टन पर जीएसटी 18 से घटाकर 12 फीसदी तय किया है। ऐसे में इस साल कार्टन पर जीएसटी पिछले साल के मुकाबले में 6 फीसदी कम लागू होगा। जिसका फायदा हिमाचल में लाखों बागवानों को होगा।

वहीं, एचपीएमसी यूनिवर्सल कार्टन के दाम फाइनल कर दिए हैं। न्यूनतम और अधिकतम मूल्य तय बागवानों को अलग-अलग कीमत में ब्राउन और सफेद कार्टन उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसका न्यूनतम मूल्य 47.75 रुपए और अधिकतम मूल्य 56 रुपए तय किया गया है। जिस पर जीएसटी अलग से वसूला जाएगा। ऐसे में इस बार बागवानों को दोहरी राहत मिलने वाली है। एक तो इस बार मंडियों में यूनिवर्सल कार्टन में 20 किलो पैकिंग में सेब बिकेगा। जिससे बागवानों को अब पहले की तरह अधिक पैकिंग में सेब बेच कर नुकसान नहीं उठाना होगा।

वहीं इस बार बागवानों को यूनिवर्सल कार्टन पिछले सालों के मुकाबले में 3.50 से 7.50 रुपए सस्ता मिलेगा। एचपीएमसी ने बागवानों को यूनिवर्सल कार्टन उपलब्ध करवाने के लिए 1 जुलाई को टेंडर प्रक्रिया पूरी की थी। जिसमें 8 कार्टन निर्माताओं शिवालिक कंटेनर्स, जसमेर मेकर्स, रेडिन्स प्रो, महावीर पैकेजिंग, सागर इंडिया, केएसपी फाइबरस और जैज पैकर्स भाग लिया था, जिसमें तकनीकी छंटनी के बाद चार कार्टन निर्माताओं को योग्य पाया गया था। इसके आधार पर तीन कार्टन निर्माताओं शिवालिक कंटेनर्ज, जेज पैकर्स और जसमेर मेकर्स के दाम न्यूनतम पाए जाने कार्टन उपलब्ध कराने का ऑर्डर जारी किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

5 जुलाई, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** अमावस्या: (4:29) : **नक्षत्र :** आर्द्रा (4:07), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** ध्रुव (3:48) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:57-12:53), **राहुकाल** (10:41 -12:25 ।

### विशेष दिन

- 5 जुलाई 2024 :देवपितृकार्य अमावस्या आज।
- 5 जुलाई 2024 : आषाढ़ी अमावस्या आज।

**मेष:** वित्तीय लाभ प्राप्त हो सकते हैं और नई साझेदारी भी होने की संभावना है। लेकिन बढ़े हुए व्यय के कारण साझेदारी में कुछ समस्याएं पनप सकती है।

**वृषभ:** नौकरीपेशा जातकों को अधिकारियों के साथ अपने संबंधों के मामले में कठिन समय का सामना करना पड़ सकता है। बॉस पर हावी होने की कोशिश न करें।

**मिथुन:** सामान्य रूप से लोगों के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे और आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। यह अवधि निवेश प्रयासों के लिए भी परिपक्व है। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा।

**कर्क:** लाभप्रद सौदे हाथ लगेंगे। प्रभावशाली एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों से आपका मिलना होगा और इससे आपको फायदा भी होगा। आप को पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ने से व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह:** शत्रु आपका कुछ बिगाड़ नहीं पाएंगे। आर्थिक संचय में वृद्धि मन्द गति से हो सकती है। आप की मेहनत के अनुरूप सफलता मिलने में संदेह है।

**कन्या:** आपके सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिना सोच विचार के कोई भी काम न करें। आप अपनी योग्यता को साबित करने के लिए बेहतर अवसरों का सुचारू रूप से लाभ उठाएंगे।

**तुला:** आकस्मिक लाभ के अलावा साझेदारी से आपके लिए कुछ बेहतरीन प्रोत्साहन मिल सकते हैं, जो आपकी वित्तीय स्थिति को काफी मजबूत कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा है। निवेश और बचत की योजनाएं भी बन जाएंगी। दिन की शुरुआत आनंदप्रद रहेगी। नौकरी में पदोन्नति के योग बन रहे हैं।

**धनु :** वित्तीय मामले बिना किसी बाधा के आसानी से आगे बढ़ेंगे। जिसे आप किसी काम का नहीं समझते थे, आज वही आप के कार्यों में सहभागी बनेगा।

**मकर:** क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त अवसर मिलेंगे। राजनेताओं को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आज आपका दिन मध्यम है। संतान की आजीविका संबंधी समस्या का हल होगा।

**कुंभ:** अविवाहित युवक और युवतियों को अपना जीवनसाथी मिल सकता है।आलस्य त्यागें और समय पर अपना काम करें। आप की मेहनत से व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**मीन:** त्वरित पैसा बनाने की योजनाओं या आकर्षक प्रस्तावों से दूर रहना बेहतर है। इससे आने वाले महीनों में समस्या हो सकती है। आज आकस्मिक लाभ हो सकता है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सिमोली
### विकास खंड रोहड़ू , जिला शिमला (हि.प्र.)

## निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत सिमोली विकास खंड रोहड़ू, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत भिन्न-भिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है अतः संबंधित फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पंचायत का संबंधित निविदाताओं से निवेदन है कि दिनांक 05-07-2024 से 11-07-2024 को सायं 5 बजे तक अपनी -अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के अंदर प्रत्यक्ष व डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में जमा करें पंचायत द्वारा दिनांक 12-07-2024 को समय 11 बजे प्राप्त निविदाओं को पंचायत द्वारा गठित समिति के सामने खोला जाएगा।

**सामग्री का ब्यौरा/ मूल्य प्रति इकाईः-** 1. रेता (क्रैशर / खान) मूल्य अलग अंकित करे। 2. रोड़ी 20एमएम, 40एमएम। 3. ईंट । 4. टाइल्स/इंटर लोकिंग टाइल्स हर प्रकार की। 5. पीवीसी पाइप 3इंच, 4 इंच, 5 इंच, 6 इंच/स्केट/ मोड़ इंच, 4 इंच, 5 इंच, । 6. जीआई पाईप आधा इंच, 1 इंच। 7. लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखाट, कुंडे, कब्जे, पल्ले। 8. सीमेंट ढुलान रोहड़ू से पंचायत क्षेत्र सिमोली। 9. अन्य सामग्री ढुलान चिरगांव/ रोहड़ू से पंचायत क्षेत्र सिमोली। 10. कंम्युटर/ लैपटॉप मुरम्मत।

**निविदाओं की अन्य शर्तें निम्र प्रकार से हैंः-** 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। 2. दरें 1 साल तक मान्य होगी। 3. प्रत्येक सामग्री को सूचिबद्ध कर वस्तु का मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। 4. निविदा पत्र साफ-साफ शब्दों में लिखा होना चाहिए जिसे सरलता से पड़ा जा सके किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी निविदा में त्रुटी या समझ नही आने पर निविदा निरस्त की जाएगी। 5. निविदाकर्त्ता द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूर्ण की जानी आवश्यक है जो सरकार/ विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6.अन्य नियम व शर्तें दिनांक 12/07/2024 को बताई जाएगी। 7.पंचायत के सभी वार्डो को एक ही मूल्य मान्य होगा। 8. समस्त प्रकार की अदायगी का नकद भुगतान नही होगा सभी प्रकार की अदायगी RTGS/NEFT द्वारा की जाएगी। 9. रेता /रोड़ी के लिए जीएसटी के साथ साथ एम फॉर्म अनिवार्य है। 10 ढुलान के अलावा अन्य सभी प्रकार की सामग्री के लिए जीएसटी नम्बर अनिवार्य होगा।

**हस्ता/- प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सिमोली, विकास खंड रोहड़ू , जिला शिमला हि.प्र**

फूल जो अकेला है, कांटों से ईर्ष्या न करें, जो कि गिनती में बहुत ज्यादा हैं। –रवींद्रनाथ टैगोर

## संपादकीय

# अग्निपथ योजना पर बहस

अग्निपथ योजना पर एक बार फिर बहस छिड़ गई है। लोकसभा में अग्निवीर को मुआवजा न मिलने का मुद्दा उठने के बाद सेना और रक्षा मंत्रालय को सफाई देनी पड़ी। दोनों ने बताया कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले लुधियाना के अग्निवीर अजय कुमार के परिजनों को अब तक 98 लाख से ज्यादा रुपए की रकम दी जा चुकी है। कुल मिलाकर उन्हें 1.65 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। निश्चित रूप से इस स्पष्टीकरण से दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है। अब सवाल यह है कि आखिर अग्निवीर का मसला बार-बार क्यों उठाया जाता है? सेना में अग्निवीर की क्या है सैलरी, शहीद होने पर कितना मुआवजा मिलता है, ये ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब जनता जानना चाहती है। दरअसल, अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेनाओं थल सेना, वायु सेना और नौसेना में अग्निवीरों की चार साल के लिए भर्ती होती है। चार साल की छोटी सी अवधि की नौकरी को लेकर ही सबसे ज्यादा बवाल होता है। चार साल की सेवा के बाद 25 प्रतिशत अग्निवीरों को सेना में स्थायी तौर पर भर्ती किया जाता है।

अग्निवीरों को पहले साल करीब 4.76 लाख का पैकेज मिलता है। इसमें चौथे साल में करीब 6.92 लाख का इजाफा होता है। प्रत्येक अग्निवीर को अपने मासिक वेतन का 30 फीसदी का योगदान सेवा निधि के रूप में देना होता है। इतनी ही राशि का योगदान सरकार देती है। पहले साल 30 हजार रुपए हर महीने, दूसरे साल 33, तीसरे साल साढ़े 36 और चौथे साल 40 हजार सैलरी दी जाती है। इस सैलरी में से 30 प्रतिशत हिस्सा सेवा निधि के रूप में कट जाता है, यानी जब 30 हजार सैलरी होगी तो इसमें से 21 हजार 900 रुपए अग्निवीर को मिलते हैं। दूसरी साल यह सैलरी इनहैंड 23100, तीसरे साल 25550 और चौथे साल 28000 रुपए हो जाती है। प्रत्येक अग्निवीर का 48 लाख रुपए का गैर-अंशदायी जीवन बीमा कवर होता है, साथ ही सेवा के दौरान मृत्यु होने पर 44 लाख रुपए की अतिरिक्त अनुग्रह राशि प्रदान की जाती है। यही नहीं, सेवा निधि के रूप में जमा धनराशि तो परिवार को मिलती ही है। ड्यूटी के दौरान अगर कोई हताहत होता है तो उसके परिवार को इंश्योरेंस के पैसे के अलावा बाकी बचे साल की ड्यूटी की सैलरी देने का प्रावधान भी है। अगर कोई अग्निवीर सेवा के दौरान दिव्यांग हो जाता है तो चिकित्सा अधिकारियों की ओर से जारी सर्टिफिकेट के आधार पर मुआवजा मिलता है।

अग्निपथ योजना को कई कारणों से राजनीतिक दलों और संभावित भर्तियों सहित विभिन्न समूहों से विवाद और विरोध का सामना करना पड़ता है। आयु प्रतिबंध भी एक मसला है। 2022 के लिए 17.5 से 21 वर्ष की आयु सीमा को बढ़ाकर 23 वर्ष कर दिया गया है, लेकिन कई उम्मीदवार अभी भी अयोग्य हैं। इस योजना के तहत सीमित अवसर मिलते हैं। विपक्षी दल तर्क देते हैं कि यह योजना भारत के पेशेवर सशस्त्र बलों की गुणवत्ता और दक्षता से समझौता करती है, जबकि भारत सरकार इस योजना का बचाव करती रहती है। विपक्षी दलों और आलोचकों ने चिंता व्यक्त करना जारी रखा है, जिससे अग्निपथ योजना को लेकर बहस और विवाद चल रहा है।

अग्निपथ योजना से जुड़े विवाद में यह मुद्दा भी शामिल है कि क्या अग्निवीरों को शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए, यदि वे कर्तव्य के दौरान अपने जीवन का बलिदान देते हैं? इस पर भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि अग्निवीरों को शहीद का दर्जा सहित नियमित सैनिकों के समान लाभ नहीं मिलेंगे, क्योंकि उन्हें सशस्त्र बलों का स्थायी कर्मचारी नहीं माना जाता है। विपक्षी दल और कुछ दिग्गज इस फैसले की आलोचना करते हुए तर्क देते हैं कि अग्निवीर भी देश के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच अंतर अनुचित है। शहीद का दर्जा सिर्फ लाभ का नहीं, बल्कि सम्मान और सम्मान का मामला है। दूसरी ओर, सरकार कहती है कि अग्निपथ योजना एक अलग भर्ती मॉडल है और अग्निवीरों को लाभ और मुआवजे का एक अलग सेट मिलेगा, जिसमें एकमुश्त भुगतान और सेवा का प्रमाण पत्र शामिल है। कुल मिलाकर अग्निपथ योजना को लेकर चल रही बहस में यह मुद्दा एक विवादास्पद बिंदु बना हुआ है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### दलित राजनीति के प्रमुख नेताओं में से एक

**रामविलास** पासवान लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष थे। वह भारतीय दलित राजनीति के प्रमुख नेताओं में से एक रहे। 17वीं लोकसभा में उन्हें उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया था। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार में रामविलास पासवान केंद्रीय मंत्री थे। अगस्त, 2010 में वह बिहार राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए और कार्मिक तथा पेंशन मामले और ग्रामीण विकास समिति के सदस्य बनाए गए। लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष रामविलास पासवान का जन्म बिहार के खगरिया जिले में एक दलित परिवार में हुआ था। उन्होंने पटना यूनिवर्सिटी से एलएलबी किया। रामविलास पासवान पढ़ाई में अच्छे थे। उन्होंने बिहार की प्रशासनिक सेवा परीक्षा पास की और वह डीएसपी के पद के लिए चुने गए, लेकिन उस दौर में बिहार में काफी राजनीतिक हलचल थी और इसी दौरान रामविलास पासवान की मुलाकात बेगूसराय जिले के एक समाजवादी नेता से हुई जिन्होंने पासवान की प्रतिभा से प्रभावित होकर उन्हें राजनीति में आने के लिए प्रेरित किया। 1969 में रामविलास पासवान ने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर अलौली सुरक्षित विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और यहां से उनके राजनीतिक जीवन की दिशा निर्धारित हो गई। 50 साल की विधायकी और सांसदी ही नहीं, 1996 से सभी सरकारों में मंत्री रहना, एक ऐसी असाधारण योग्यता है, जिसके आगे अजीत सिंह भी चित्त हो गए। देवगौड़ा-गुजराल से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी, मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी जैसे अनेक प्रधानमंत्रियों को साधना साधारण काम नहीं है। ■



रामविलास पासवान
जन्म : 5 जुलाई, 1946
मृत्यु : 8 अक्तूबर, 2020

## अपनी बात



**भारत** में रोजगार के अवसरों की कमी का बड़ा कारण हमारी तेजी से बढ़ती आबादी है। देश में रोजगार के अनेक क्षेत्र और अवसर हैं, परंतु अनियंत्रित बढ़ती आबादी के चलते प्रत्येक व्यक्ति को नौकरी देना अब संभव नहीं है, ऐसे में रोजगार के अवसर तभी जरूरतमंद को मिलेंगे, जब हम जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण हासिल कर लेंगे। दूसरा बड़ा कारण कौशल प्रशिक्षण का अभाव है, जिससे प्रशिक्षित युवा को आगे चलकर रोजगार मिल सके। केवल बुनियादी शिक्षा से सरकारी नौकरियों तक रोजगार सिमित रह जाएगा। देश के युवाओं को व्यवसायिक शिक्षा दी जाए, तो नौकरी के विकल्प वे स्वयं पैदा कर सकते हैं। अभिभावक आज भी अपने बेटे-बेटी को इंजीनियर, डॉक्टर, पायलट आदि ही बनाना चाहते हैं, जिनकी संभावनाएं बहुत कम हैं। केवल रोजगार के अवसरों को बढ़ाकर ही रोजगार की समस्या को खत्म नहीं किया जा सकता है। इसके लिए हमें शिक्षा से लेकर हमारी व्यवस्था में एक नए तंत्र को अपनाना पड़ेगा। **–राखी शर्मा, मटौर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# मोदी के राज में बढ़ रही सेना की ताकत



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

सेना को लेकर भ्रम फैलाते हुए अग्निवीर योजना पर राहुल गांधी ने जो झूठा नैरेटिव शहीद के सम्मान और मिलने वाली राशि को लेकर रचा, उसका सच अब दुनिया के सामने है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कही यह बात भी पूरी तरह से सत्य साबित हो गई कि कांग्रेस का अपना एक ईको सिस्टम है, जिसके लिए देश से ऊपर सिर्फ उसका अपना हित है, यदि भारत का नुकसान होता है तो उससे कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ता। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जताई गई चिंताओं का हवाला तक सदन में दिया, जिसके बाद कहना होगा कि राहुल गांधी के संसद में नेता प्रतिपक्ष होने के बाद भी बोले गए झूठ से यह साफ हो गया है कि कांग्रेस अपने निजी स्वार्थ के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

यहां जिस परिवार और अग्निवीर की शहीदी को आधार बनाकर राहुल गांधी, सदन में प्रधानमंत्री मोदी एवं एनडीए सरकार से प्रश्न पूछ रहे थे, वे सभी प्रश्न उस परिवार के साथ सेना से आए स्पष्टीकरण के बाद पूरी तरह से असत्य साबित हुए हैं। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान यह सभी ने देखा भी कि किस तरह से राहुल, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को झूठा ठहरा रहे थे। राहुल का यह आरोप बहुत साफ था कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 'अग्निवीर' के जान गंवाने पर उनके परिवार को आर्थिक मदद मिलने के बारे में संसद के भीतर झूठ बोला है, इसलिए रक्षा मंत्री को संसद, देश और सेना से माफी मांगनी चाहिए। इसके तुरंत बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जवाब भी सामने आया, उन्होंने साफ शब्दों में बताया, सीमाओं की रक्षा करते हुए या युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है। वहीं, जिस अग्निवीर की बात राहुल कर रहे थे, उसके परिवार ने भी स्वीकार्य किया है कि उन्हें राशि मिल चुकी है, अभी और मिलेगी।

रक्षा मंत्रालय के एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय का कहना भी यही है, 'कुल देय राशि में से, अग्निवीर अजय के परिवार को पहले ही 98.39 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है। अग्निवीर योजना के प्रावधानों के अनुसार लागू लगभग 67 लाख रुपए की अनुग्रह राशि और अन्य लाभ, पुलिस सत्यापन के बाद अंतिम खाता निपटान पर भुगतान किए जाएंगे। देय कुल राशि लगभग 1.65 करोड़ रुपए होगी। अत: यहां इससे एक बात तो साफ हो गई कि राहुल गांधी अपने फायदे के लिए झूठ की राजनीति कर रहे हैं, सिर्फ कहने भर के लिए वह संविधान को हाथ में उठाए घूमते हैं और समानता की दुहाई देते हैं। किंतु वास्तव में ऐसा है नहीं। प्रधानमंत्री मोदी इसलिए आज कांग्रेस से पूछ भी रहे हैं कि वह ऐसा किसके फायदे के लिए कर रही है? जबकि उनकी सरकार भारतीय सेना को युद्ध के लिए सशक्त बनाने में जुटी है। सीडीएस (प्रमुख सेना अध्यक्ष) के पद के सृजन के बाद तीनों सेना में समन्वय मजबूत हुआ है और थियेटर (मोर्चा) कमान की दिशा में भी काम हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना भी सही है, इंदिरा गांधी की सरकार ने सेना एक रैंक एक पेंशन प्रणाली को समाप्त किया था। दशकों तक कांग्रेस ने ऊसे फिर से लागू होने नहीं दिया, एक बार तो चुनाव से पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने 500 रुपए दिखाकर सेना के कमांडरों को बेवकूफ बनाने का प्रयास किया था, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने सत्ता में आने के बाद एक रैंक एक पेंशन की प्रणाली को फिर से लागू कर दिया। यह कांग्रेस ही है, जो राफेल विमानों की खरीद का विरोध कर रही थी। कांग्रेस सरकार में लड़ाकू विमान नहीं खरीदे गए, जब हमने खरीदने की कोशिश की, तो कांग्रेस हर तरह की साजिश करने पर उतर आई। वास्तव में रक्षा सुधारों के प्रयासों को कमजोर करने का यह षड्यंत्र है। प्रधानमंत्री मोदी याद दिलाते हैं, 'वह भी वक्त था, जब कांग्रेस के जमाने में हमारी सेनाओं के पास बुलेटप्रूफ जैकेट भी नहीं होते थे।' सवाल यह है कि कांग्रेस ऐसा किसके फायदे के लिए कर रही है। अग्निवीर योजना को मुद्दा बनाने को लेकर कांग्रेस पर सेना का मनोबल तोड़ने का प्रयास करने का आरोप भी प्रधानमंत्री मोदी का है।

बहुत हद तक प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के इस आरोप में दम है, क्योंकि जिस प्रकार का नैरेटिव कांग्रेस गढ़ रही है, उसका मूल उद्देश्य यही है कि देश के नौजवान सेना में न जाएं। किंतु देश देख रहा है, कि कैसे मोदी राज में भारतीय सेनाएं हर मोर्चे पर अधिक सशक्त हुई हैं। स्वयं अमेरिका की गुप्त रिपोर्ट में भी यही दावा किया गया है। यह रिपोर्ट कहती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत विश्व में लगातार अपनी धमक बना रहा है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के शीर्ष खुफिया एजेंसी में अधिकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने अमेरिकी संसद को बताया भी कि कैसे भारतीय सेना लगातार अपनी ताकत बढ़ा रही है। अमेरिका के इस बड़े अधिकारी ने सशस्त्र सेवा समिति और खुफिया उपसमिति के सदस्यों को यह जानकारी दी है कि भारत ने जी-20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर खुद को एक वैश्विक अगुआ के रूप में प्रदर्शित किया है और पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की गतिविधि का मुकाबला करने के लिए स्वयं को सक्षम साबित किया है। भारत ने प्रशिक्षण और रक्षा बिक्री के माध्यम से फिलीपीन जैसे क्षेत्रीय दक्षिण चीन सागर दावेदारों के साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र में उन्नत साझेदारी की है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व जापान के साथ अपने सहयोग को और मजबूत किया है। भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कई कदम उठाए।

भारत ने स्वदेशी विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की है और इसके लिए सबसे आवश्यक रक्षा बजट में भारी बढ़ोतरी की है। जो यह बताने के लिए पर्याप्त है कि वास्तव में मोदी सरकार के रहते सेना को हर तरीके से मजबूती प्रदान करने में जिस धन का सबसे अधिक उपयोग होना है, यदि उसकी कमी नहीं रहेगी तो सेना हर मोर्चे पर अपने को सशक्त रूप से साबित करती रहेगी, जो कि वह आज कर पा रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# भूजल हम सबके लिए जीवन स्रोत



दिनेश दमाथीआ
वरिष्ठ लेखक

भूजल पृथ्वी की सतह के नीचे उन स्थानों पर मौजूद पानी है, जहां चट्टानें और मिट्टी की परतें बनती हैं और चट्टान संरचनाओं के फ्रेक्चर होते हैं। दुनिया में आसानी से उपलब्ध ताजे पानी का लगभग 30 प्रतिशत भूजल है। चट्टान की एक इकाई या असंगठित जमाव को जलभृत कहा जाता है, जब यह उपयोग योग्य मात्रा में पानी का उत्पादन कर सकता है। वह गहराई जिस पर मिट्टी की परत या चट्टानों में दरारें और रिक्त स्थान पूरी तरह से पानी से संतृप्त हो जाते हैं, जल तालिका कहलाती है।

भूजल सतह से रिचार्ज होता है। यह सतह से स्वाभाविक रूप से झरनों और रिसने में प्रवाहित हो सकता है और मरूद्यान या आर्द्रभूमि का निर्माण कर सकता है। भूजल को अक्सर कृषि, नगर पालिका और औद्योगिक उपयोग के लिए निष्कर्षण कुओं के निर्माण और संचालन द्वारा निकाला जाता है। हाइड्रोजियोलॉजी जिसे भूजल जल विज्ञान के रूप में भी जाना जाता है, भूजल के वितरण और संचलन का अध्ययन है। आम तौर पर भूजल को उथले जलभृतों के माध्यम से बहने वाले पानी के रूप में माना जाता है, लेकिन तकनीकी अर्थ में इसमें मिट्टी की नमी, पर्माफ्रॉस्ट (जमी हुई मिट्टी), बहुत कम पारगम्यता के आधार पर स्थिर पानी और गहरे भूतापीय या तैलीय बनावट वाला पानी शामिल हो सकता है, भी शामिल किया जाए। भूजल को स्नेहन प्रदान करने की परिकल्पना की गई है, जो संभावित रूप से गलती की गति को प्रभावित कर सकता है।

यह संभावना है कि पृथ्वी की सतह के अधिकांश भाग में कुछ पानी है, जिसे कुछ शर्तों के तहत अन्य तरल पदार्थों के साथ मिलाया जा सकता है। सतही जल की तुलना में भूजल अक्सर सस्ता, अधिक सुविधाजनक और प्रदूषण के प्रति कम संवेदनशील होता है। इसलिए इसका उपयोग आम तौर पर सार्वजनिक जल आपूर्ति के लिए किया जाता है। ग्रेट लेक्स सहित अमेरिका के सभी सतही जलाशयों और झीलों की तुलना में भूजल जलाशयों में कहीं अधिक पानी है। कई नगरपालिका जल आपूर्तियां पूरी तरह से भूजल से प्राप्त होती हैं। दुनिया भर में 2 अरब से अधिक लोग अपने प्राथमिक जल स्रोत के रूप में इस पर निर्भर हैं। भूजल के उपयोग से पर्यावरणीय समस्याएं होती हैं।

भूजल प्रदूषण अक्सर भूमि पर कचरे के अनुचित निपटान के कारण होता है। प्रमुख स्रोतों में औद्योगिक और घरेलू रसायन और अपशिष्ट लैंडफिल, कृषि में उपयोग किए जाने वाले अतिरिक्त उर्वरक और कीटनाशक शामिल हैं। इसके अलावा तटीय क्षेत्रों में भूजल खारे पानी के घुसपैठ के प्रति संवेदनशील है और अगर अस्थायी रूप से सूखा दिया जाए तो जमीन जलमग्न हो सकती है, जिससे शहर जलमग्न हो जाएंगे और ऊंचाई में कमी आएगी। समुद्र के स्तर में वृद्धि और जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले अन्य परिवर्तनों से ये मुद्दे और भी जटिल हो गए हैं जो जल चक्र को प्रभावित करेंगे। इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि हम भूजल को बचाएं और सोच समझ कर भूजल का इस्तेमाल करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

क्षणिकाएं



### टांग खींचने के माहिर

राकेश डोगरा
वरिष्ठ पत्रकार

*उनके तमाम कारनामे,*
*तो जग जाहिर हैं।*
*एक-दूजे की टांग खींचने*
*में वे माहिर हैं।।*
*वे कहते हैं सब अपने हैं,*
*फिर कैसा मतभेद।।।*
*इसी अदा से ले लेते हैं,*
*सबके मन का भेद,*
*कर्मचारियों को जो हर पल,*
*बना कर रखे बंधक।*
*वह ही तो है आज के युग का,*
*एक सफल प्रबंधक।।*
*अंदाजे बयां उनका आजकल,*
*बदला नजर आता है।*
*शायद यह तूफान आने से,*
*पहले का सन्नाटा है।।*

# पांच वर्ष में भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हो सकता है दोगुना



लेखक : प्रहलाद सबनानी
आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ

पूरे विश्व में विभिन्न देशों के शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने के संबंध में विदेशी निवेशक संस्थानों को सलाह देने वाले एक बड़े संस्थान मोर्गन स्टैनली ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि बहुत संभव है कि भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे आने वाले 5 वर्ष में दोगुना हो जाए। आज खुदरा निवेशक, देशी संस्थागत निवेशक, म्यूचूअल फंड आदि द्वारा भारतीय शेयर बाजार में औसतन लगभग 1500 करोड़ रुपए के शेयरों की रोजाना खरीद हो रही है अर्थात प्रतिदिन 1500 करोड़ रुपए भारतीय शेयर बाजार में डाले जा रहे हैं, जिसके चलते ही विदेशी निवेशक संस्थानों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में शेयर बेचे जाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार पर कुछ बहुत बड़ा असर होता दिखाई नहीं दे रहा है अर्थात अब भारतीय निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार को अपने दम पर संभाल लिया है।

अब, जब भारत में कई कंपनियां अपनी विस्तार योजनाओं को लागू करने जा रही हैं, अत: इन कंपनियों के द्वारा नए शेयर, बाजार में जारी किए जाएंगे, जिन्हें खरीदने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशक भी अब से लगभग 6 माह बाद भारत में अपना निवेश वापस लाएंगे। वर्ष 1993 से वर्ष 2013 तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लगातार खरीद कर रहे थे और देशी संस्थागत निवेशक लगातार बेच रहे थे। वर्ष 2014 के बाद से यह सब बदलने लगा क्योंकि 2015 में पहली बार केंद्र सरकार ने प्रॉविडेंट फंड को शेयर बाजार में निवेश की अनुमति दी थी। इसी प्रकार की अनुमति अमेरिका ने अपने प्रॉविडेंट फंड संस्थानों को वर्ष 1980 में दी थी। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में उच्छाल देखने को मिला था। अमेरिका में आज संस्थागत निवेशकों का लगभग 40 प्रतिशत भाग शेयर बाजार में निवेश रहता है जबकि भारत में यह अभी भी बहुत कम अर्थात लगभग 8 प्रतिशत ही है, इस प्रकार भारत को अभी तो बहुत आगे जाना है।

भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सोने में निवेश होता है एवं लगभग 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रॉपर्टी में निवेश होता है। इस प्रकार, भारत में शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने की बहुत अधिक गुंजाइश मौजूद है। साथ भी अब वैश्विक स्तर पर भी यह सिद्ध हो चुका है कि सामान्यत: शेयर बाजार में सबसे अधिक रिटर्न मिलता है, अत: भारत के शेयर बाजार में निवेश आगे आने वाले समय में तेजी से बढ़ने वाला है। यदि भारत में कुल बचत का 10 प्रतिशत से आगे बढ़कर 15 प्रतिशत निवेश शेयर बाजार में होने लगे तो केवल देशी निवेशकों का निवेश ही बढ़कर 7,500 से 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा।

पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता (मैक्रो स्टेबिलिटी) पर बहुत ध्यान दिया है। इससे मुद्रा स्फीति की दर में होने वाला उतार चढ़ाव नियंत्रण में रहा है और अब यह सबसे न्यूनतम स्तर पर आ गया है। 70-75 वर्षों में ऐसी स्थिरता देखी नहीं गई है। इसके कारण शेयर बाजार में, रुपए की बाजार कीमत में एवं बांड मार्केट आदि में सब जगह उतार-चढ़ाव थम गया है और इन सभी क्षेत्रों में स्थिरता आ गई है। पिछले 10 वर्षों में भारत में बहुत अधिक आर्थिक सुधार कार्यक्रम भी लागू किए गए हैं। अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता के आने से अब हम सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर का सही तरीके से अनुमान लगा सकते हैं, जिसके चलते हमारी आय और व्यय के अनुमान भी लगभग सही स्तर पर हो पा रहे हैं। इससे, विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है और विदेशी निवेशक भी भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

भारत के नागरिकों की जेब में सीधे पैसे डालने के बजाय सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने में सरकार ने नागरिकों की भरपूर मदद की है, जैसे 3 करोड़ से अधिक मकान बनाकर गरीब वर्ग को उपलब्ध कराए गए हैं, ग्रामीण इलाकों सहित घरों में पानी उपलब्ध कराया गया है, 95 प्रतिशत से अधिक गावों में बिजली उपलब्ध कराई गई है, लगभग सभी घरों में गैस उपलब्ध कराई गई है, सड़क मार्ग विकसित किए गए हैं, गांवों में स्वास्थ्य केंद्र खोले गए, आदि। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और वे कम बीमार पड़ने लगे हैं, उनके स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्चे कम हुए हैं और उनकी बचत बढ़ी है। कुल मिलाकर यह साइकल बहुत अच्छे तरीके से अपना काम करता दिखाई दे रहा है। सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने का कार्य अभी भी जारी है और तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस सबका यह परिणाम भी हुआ है कि देश में पिछले 10 वर्षों में गरीबी आधी रह गई है और इसे शून्य पर लाने के लिए कार्य जारी है।

भारत में उत्पादों के निर्माण में आधारभूत संरचना से संबंधित लागत बहुत अधिक है। इस पर सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 14 प्रतिशत भाग खर्च हो जाता है, इससे उत्पादों की लागत तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। हालांकि भारत के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बहुत काम हुआ है। आगे आने वाले लगभग 10 वर्षों में भारत में 10 करोड़ नागरिक गरीबी से निकलकर मध्यम वर्गीय परिवार बन सकते हैं, जिससे इनकी कुल संख्या 45 करोड़ हो जाएगी, जबकि हाई नेटवर्थ नागरिकों की संख्या 50 लाख के आसपास ही है। इससे नागरिकों की खरीद क्षमता बढ़ेगी और उत्पादों की खपत भी बढ़ेगी। सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होने से गरीबी कम होती है, परंतु महंगाई एवं विकास दर में संतुलन होना भी आवश्यक है। यदि मुद्रा स्फीति की दर बढ़ रही है तो यह गरीब वर्ग को सबसे अधिक प्रभावित करती है । भारत की आंतरिक अर्थव्यवस्था में किसी प्रकार की जोखिम दिखाई नहीं दे रही है परंतु भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में होने वाली समस्याओं के चलते ही हो सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नए कानून बेहतरीन, मगर वह जो अभी होना शेष है



लेखक : राकेश दुबे
स्वतंत्र टिप्पणीकार

देश में तीन ऐतिहासिक कानूनी परिवर्तन किए गए हैं। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ऐसे ही परिवर्तन हैं। उम्मीद है ये औपनिवेशिक अवशेषों को भी खत्म कर देंगे। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी, 1860) और इंडियन एविडेंस एक्ट, 1872 ब्रिटिश राज की कानूनी व्यवस्थाएं थीं, जिन्हें हम आज भी ढो रहे थे। ये 'उपनिवेश की गुलामी' की याद दिलाती थीं। अब उनके स्थान पर पूर्णत: भारतीय संहिताएं होंगी। आपराधिक प्रक्रिया संहिता भी 1898 की विधिक व्यवस्था थी, लेकिन अब 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' ने उसका स्थान लिया है।

वस्तुत: ये कानून राज्य के साथ नागरिक के संबंधों और समझौतों को परिभाषित करते थे। कानून का राज स्थापित करने के मद्देनजर बलपूर्वक भी व्यवस्था कार्रवाई करती थी। अर्थात कानूनों का दुरुपयोग होता था। खासकर हमारे आपराधिक न्याय को लेकर कई सवाल और ढेरों आपत्तियां की जाती रही हैं। कानून और दृष्टि अप्रासंगिक हो चुके थे। जेलों में विचाराधीन कैदियों की संख्या असीमित हो गई है। पीड़ित पक्ष को इंसाफ के लिए जिंदगी भर जूतियां घिसनी पड़ती हैं, तब भी इंसाफ की उम्मीद अधूरी है। अदालतों में करोड़ों मामलों की भरमार है। यह बोझ बढ़ता जा रहा है। सब कुछ अनिश्चित और अपरिमित है, लिहाजा इन व्यवस्थाओं में सुधार की गुंजाइश लंबे अंतराल से महसूस की जा रही थी।

इन तीनों नए कानूनों पर संसद की स्थायी समितियों में विमर्श किया गया होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जुलाई, 2020 में विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी। उसने देश के नागरिकों के लिए एक विस्तृत प्रश्नावली तैयार की थी और उसे जारी भी किया गया। उस सूची में आपराधिक वैवाहिक बलात्कार, यौन अपराधों को लैंगिक तौर पर निरपेक्ष बनाना, इच्छा-मृत्यु और राजद्रोह सरीखे अपराधों पर नागरिकों के अभिमत लिए जाने थे। अभिमत कितनी संख्या में आए, कितने राज्यों के किन-किन वर्गों के लोगों ने अपने अभिमत दिए, भारत सरकार ने उनका कोई खुलासा नहीं किया है। दरअसल संसद में ये विधेयक तब पारित किए गए, जब 146 सांसद निलंबित थे और सदनों में एकतरफा बहुमत था, लिहाजा ध्वनि-मत से विधेयक पारित किए गए। बाद में राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से वे कानून बन गए, लेकिन इस संदर्भ में अब भी बहुत कुछ किया जाना शेष है। इन तीनों संहिताओं और अधिनियम पर देश का जनमत सामने आना भी शेष है, क्योंकि एक जुलाई से ही ये ऐतिहासिक परिवर्तन लागू किए गए हैं।

अब 'प्राथमिकी' का नामकरण तक बदल दिया गया है। सजा के वैकल्पिक स्वरूप के तौर पर सामुदायिक सेवा का प्रावधान भी किया गया है। छोटे अपराधों के लिए 'समरी ट्रायल' को अनिवार्य किया गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ट्रायल अब सुनिश्चित होगा। भीड़-हत्या और हिंसा, बाल विवाह बलात्कार ऐसे अपराध हैं, जिनका समयबद्ध और गतिमय ट्रायल अनिवार्य होगा। अधिकतर सलाह-मशविरा, विमर्श कोरोना महामारी के दौरान किए गए, लिहाजा संहिताओं में कुछ बड़े परिवर्तन नहीं जोड़ पाए होंगे।

कुछ राज्यों ने भी आपत्तियां की हैं और मांगें भी की हैं। मसलन-कानूनों के नाम अंग्रेजी में नहीं होने चाहिएं। क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने में काफी वक्त लगता है। कर्नाटक सरकार ने आपत्ति की है कि प्राथमिकी दर्ज करने से पहले प्राथमिक जांच के लिए पुलिस अफसर को 14 दिन का वक्त क्यों दिया जाना चाहिए? धारा 377 को बिल्कुल हटा देने पर भी सवाल किए गए हैं। उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पारित किया है कि अंतरिम जमानत के प्रावधानों में कुछ अपवाद रखे जाएं और इस पर एक अध्यादेश लाया जाए।

बहरहाल कुछ राज्यों के आग्रह तार्किक हैं और महत्वपूर्ण भी हैं। इन कानूनों की अभी समीक्षा की जानी चाहिए। नई लोकसभा में जो स्थायी समितियां बनेंगी, उनके सांसद-सदस्यों को पुनरावलोकन के लिए ये संहिताएं दी जाएं। इनसे जुड़े जहां भी कन्फ्यूजन हैं, उन्हें दूर किया जाना बहुत जरूरी है क्योंकि अभी भी जिन्हें केंद्र सरकार का विरोध ही करना है, वे नए सिरे से इन कानूनों को आधार बनाकर विरोध करते दिखते हैं। देश की सामाजिक एवं कानून व्यवस्था के नजरिए से यह ठीक स्थिति नहीं है। ऐसे में अभी इस दिशा में बहुत जनजागृति किए जाने की आवश्यकता भी महसूस होती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 27 को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट

**पधर।** तहसीलदार पधर भावना वर्मा अतिरिक्त कार्यभार उपमंडल अधिकारी नागरिक पधर ने जानकारी देते हुए बताया कि उपमंडल पधर में 27 जुलाई 2024 को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट के लिए तिथि निर्धारित की गई है। ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग हार्डगलू मैदान में किए जाएंगे और स्लॉट 24 जुलाई 2024 से खोल दिये जाएंगे। वाहनों की पासिंग के लिए संपूर्ण औपचारिकताएं जैसे फीस, और टैक्स की ऑनलाइन रिसिप्ट ही मान्य होगी। यह भी अवगत किया जाता है कि सभी निर्धारित तिथि को संबंधित दस्तावेजों सहित 10 बजे प्रातः निश्चित स्थान पर पहुंच जाएं। बिना स्लॉट बुकिंग के ड्राइविंग टेस्ट नहीं लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### सुंदरनगर में होगी जूनियर राष्ट्रीय डोज वॉल चैंपियनशिप



**आदर्श यादव, नेरचौक।** 16वीं जूनियर राष्ट्रीय डोज बॉल चैंपियनशिप सुंदरनगर बीबीएमबी कॉलोनी मैदान में आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता 5 जुलाई से 7 जुलाई तक आयोजित होगी, जिसमें 22 राज्यों की टीमें भाग लेगी। यह जानकारी हिमाचल डोज वॉल संघ के प्रदेश महासचिव राम सिंह व जिला अध्यक्ष रवि कुमार डोगरा ने दी। चैंपियनशिप का शुभारंभ 5 जुलाई को एसडीएम सुंदर नगर गिरीश शुमरा करेंगे जबकि समापन समारोह की अध्यक्षता 7 जुलाई को हिमाचल ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### दर्दनाक हादसे में 53 वर्षीय व्यक्ति की मौत



संदीप की फाइल फोटो।

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से स्थानीय व्यापारी 53 वर्षीय संदीप राणा की दुखद मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार स्टेशनरी की दुकान करने वाला संदीप राणा घर जा रहा था कि कार चालक द्वारा उसे टक्कर मार दी और कार चालक वहां से भाग निकला। गंभीर हालत में घायल को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसे टांडा के लिए रेफर किया गया लेकिन टांडा ले जाते जाते रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस द्वारा टक्कर मारने वाले वाहन की शिनाख्त कर कार को अपने कब्जे में लेकर चालक को पूछताछ के लिए थाने तलब किया है। डीएसपी पधर दिनेश कुमार ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

### लापता युवक को पुलिस ने दिल्ली के में किया ट्रेस

**रितेश, सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल की भरौरी पंचायत के छपाणु गलू से लापता संकेत ठाकुर को पुलिस ने दो माह बाद दिल्ली के करोलबाग में मोबाइल लोकेशन के आधार पर पकड़ा है। पुलिस की टीम वीरवार को दिल्ली पंहुची और वहां लड़के की मोबाइल लोकेशन से झूंगी झोपड़ी में उत्तर प्रदेश के रहने वाले मजदूरों के पास से पकड़ लिया और पुलिस लड़के को घर वापस ला रही है। इस बारे में जब डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम से बात की गई तो उन्होंने गुमशुदा लड़के के मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने लड़के को तलाश लिया है और दिल्ली करोलबाग से धर्मपुर लाया जा रहा है। शीघ्र ही परिवार वालों को सौंप दिया जाएगा।(अनंत ज्ञान)

### रोड कटिंग से हुआ भूसख्लन, घर को खतरा



**अनिल शर्मा, मंडी।** मंडी-रिवालसर मार्ग को टू लेन करने के लिए चल रही खुदाई के कारण कई मकानों को खतरा पैदा हो गया है। मंडी से 13 किलोमीटर दूर गजनोहा में वीरवार को लगातार बारिश के बीच गजनोहा के युगल किशोर शर्मा पुत्र लालमन के रिहायशी मकान का अगला हिस्सा भारी भूस्खलन के चलते जमींदोज हो गया, जिससे इस पक्के मकान को खतरा पैदा हो गया। युगल किशोर शर्मा ने बताया कि यहां पर निर्माण कर रही कंपनी ने अवैज्ञानिक तरीके से खुदाई की और लोगों के विरोध को दरकिनार कर दिया। उपमंडलाधिकारी बल्ह से आग्रह किया गया है कि वह उनके मकान को बचाने के लिए जरूरी उपाय के आदेश जारी करें।(अनंत ज्ञान)

# 162 सड़कों में 121 बहाल, दो दिन में बारिश से 10.81 करोड़ का नुकसान

**पुष्पराज, मंडी**

एडीसी मंडी रोहित राठौर ने बताया कि दो दिनों की बरसात में जिला में 162 सड़कें अवरुद्ध हो गई थीं। जिन्हें बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अब तक 121 सड़कों को बहाल कर दिया गया है।

शेष 41 सड़कों को भी शीघ्र बहाल कर दिया जाएगा। रोहित राठौर ने बताया कि गत दो दिनों में मंडी में काफी ज्यादा बारिश रिकार्ड की गई। इस अवधि में प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश सुन्दरनगर में 100 मीमी रिकार्ड की गई है। मंडी जिला में दो दिनों की बारिश में लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत विभाग को 10.81 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान जलशक्ति और विद्युत विभाग को भी नुकसान हुआ है। विद्युत विभाग के 247 विद्युत ट्रांसफार्मर बारिश से प्रभावित हुए थे। इनमें से अधिकांश में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है। केवल 4 ट्रांसफार्मर को रिस्टोर करने का कार्य शेष है। जिसे भी शीघ्र बहाल कर दिया जाएगा।

वीरवार को मंडी-पंडोह सड़क पर चार मील स्थान पर ढंगे के टूट जाने पर थोड़ी देर के लिए वाहनों की आवाजाही बाधित हुई थी। जिसे पुनः सुचारू कर दिया गया है। एनएचएआई अथॉरिटी की टीम वहां पर तैनात है और उनका यह प्रयास है कि इस स्थान को टू वे ट्रैफिक के तौर पर ही चलाया जाए। उनके आग्रह पर एनएचएआई की विशेषज्ञ टीम कैंची मोड पर कार्य कर रही है। पानी के रिसाव को रोकने के लिए पिछले कल से वहां पर कंक्रीटिंग का कार्य किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



जोगिंद्रनगर-सरकाघाट हाईवे को बहाल करते हुए कर्मी।

### जोगिंद्रनगर-सरकाघाट हाईवे को किया बहाल

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में भारी बारिश के बुधवार को जोगिंद्रनगर व सरकाघाट हाईवे छत्तर गांव में भूस्खलन के कारण बंद रहा छत्तर स्थानीय निवासी चंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि भूस्खलन के बाद सिंचाई व पीने के पानी की पाइपें भी टूट कर बह गई। उन्होंने बताया कि इन पाइपों से सिंचाई के लिए चार गांवों को पानी जाता है। अभी धान की खेती की जा रही है यदि बारिश नहीं होगी तो लोगों को सिंचाई की समस्या आएगी पिछले साल भी यहां पर भूस्खलन हुआ था जिसमें ज्योति प्रकाश व हुक्म चंद के घरों को भी खतरा है और लोगों के खेत भी भूस्खलन की चपेट में आ गए हैं। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की जल्द से जल्द यहां पर कंक्रीट के डंगे दिए जाएं और सिंचाई व पीने के पानी के ने पाइप लगाए जाएं जिससे लोगों को कोई समस्या न आए। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता जेपी नायक ने बताया कि जोगिंद्रनगर व सरकाघाट हाईवे को बहाल कर दिया गया है। और जहां भूस्खलन हुआ है वहां निरीक्षण किया जाएगा और यहां पर जल्द से जल्द काम शुरू कर दिया जाएगा।

**बरसात का कहर : बिना काम से बरसात में बाहर निकलने को प्रशासन की मनाही**

# पराशर रोड पूरी तरह से बंद

**पुष्पराज, मंडी**

बरसात के मौसम ने आते ही अपना विराट रूप दिखना शुरू कर दिया है। ऐसे में कई लोगों को आपदा की मार भी झेलने पड़ रही है। वीरवार को सुकेती खड्ड का जलस्तर भी उफान पर रहा जिसके कारण बल्ह के भडयाल क्षेत्र में कुछ घरों में सुकेती खड्ड का पानी घुस गया वही बीते बुधवार को द्रंग विधानसभा क्षेत्र के कटौला में नाले का जलस्तर उफान पर था साथ ही कटौला समुदाय स्वास्थ्य केंद्र का एक तरफ से बेसमेंट धंस गया और उसका बरामद भी टूट गया। वहीं कोटली उपमंडल के साईगलु सड़क पर मलबा आने से बस के पहिये मलबे में धसने से 3 से 4 घंटे जाम लगा रहा जिसके कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

वहीं वीरवार को एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर ने मीडिया के साथ अनोपचारिक बातचीत के दौरान बताया कि लगातार चंडीगढ़ मनाली फोरलेन पंडोह के समीप धंसने की खबरे सामने आ रही है जिसकी जांच के दौरान पता चला कि 201 नंबर चेनल और कैंची मोड़ के पास डंगे की फिलिंग 40 से 50 मीटर की हुई है। जिस कारण जो ऊपरी सतह का लूज मटेरियल था वहीं धंसा हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट मैनेजर एनएचएआई ने बताया है कि कोई खतरे की बात नही है।



सुकेती खड्ड और ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ता हुआ।



चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पंडोह मार्ग पर धंसता हुआ।

वहीं एसडीएम ओमकांत ठाकुर ने बताया कि 201 चैनल पर जो जाम की स्थिति बनी थी उसको खोल दिया गया है साथ ही उन्होंने बताया कि उक्त स्थान पर कोई भी दुर्घटना का माहौल पैदा होता है तो वहां पर मशीनरी और बाकी सुविधा जनक समान रखा हुआ है। आपदा की यदि कोई घटना की संभावना या जानकारी प्राप्त होती है उसके लिए प्रशासन द्वारा तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो और पटवारी फील्ड में तैनात है।

वहीं सदर डिवीजन में आपदा से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। साथ ही उन्होंने बताया कि बारिश होने के कारण ब्यास नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ता जा रहा है और स्थानीय लोग और पर्यटक नदी किनारे न जाएं। एसडीएम सदर द्वारा आधिकारिक तौर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका नंबर 9418191215 है यदि कोई भी आपदा की घटना सदर विधानसभा क्षेत्र में घटित होती है तो इस नंबर पर संपर्क कर सकते है।(अनंत ज्ञान)

### मलबे में दबी एचआरटीसी की बसें

**पीयूष शर्मा, करसोग।** करसोग के तलेहन में मूसलाधार बारिश से फ्लैश फ्लड जैसे हालात पैदा होने के कारण एचआरटीसी की बसें मलबे में दब गई है। वहीं बसों के साथ अन्य वाहन भी मलबे में फंसे है। रात्रि ठहराव के लिए तलेहन में सड़क किनारे एचआरटीसी की इन बसों को पार्क किया गया था। बस चालक गुरदेव शर्मा ने बताया कि सुबह 4 बजे के करीब भारी मात्रा में पानी व पत्थर गिरने की आवाज सुनाई दी। जब वहां पहुंचे तो पाया कि भारी मात्रा में मलबा आने के कारण उनकी बसें व अन्य वाहन मलबे में फंस गए है। एमआर करसोग उमेश कुमार ने बताया कि बसों को निकालने के लिए विभाग की मशीनरी मौके पर रवाना हो गई है। बसों के टायर मलबे में फंसे हुए हैं, बसों को नुकसान नहीं पहुंचा है।



मलबे में फंसी एचआरटीसी की बसें।

# नगर परिषद अध्यक्ष ने बरसात में हुए नुकसान का लिया जायजा



बैठक के बाद फील्ड में निरीक्षण करते हुए नगर परिषद के पदाधिकारी।

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश में जारी मूसलाधार बारिश को लेकर प्रशासन द्वारा अपने स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। वहीं नगर परिषद सुंदरनगर ने शहरी क्षेत्र में आपदा से निपटने के लिए वीरवार को बैठक कर एक रूपरेखा तैयार की है। लेकिन नगर परिषद में कर्मचारियों की कमी बरसात से होने वाली क्षतिपूर्ति से निपटने के लिए आड़े आ रही है। बारिश के कारण नगर परिषद के कई क्षेत्रों में भी सड़क मार्ग ध्वस्त हुए हैं। इनमें से एक वार्ड तीन में डीएवी स्कूल की ओर जाने वाला बेहद व्यस्ततम मार्ग भी है।

नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने वीरवार को अपनी टीम के साथ इस क्षेत्र का दौरा किया। बरसात के साथ इस सड़क मार्ग का एक हिस्सा पूरी तरह से गिर चुका है। ऐसे में इस मार्ग पर सफर करना वाहन चालकों के लिए परेशानी भरा हो सकता है। नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि करीब शहर की करीब 40 हजार की आबादी को पेश आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश की सबसे बड़ी नगर परिषद सुंदरनगर में स्टाफ की कमी आड़े आ रही है।

हालांकि उन्होंने कर्मचारियों को सभी वार्डों में बरसात से बंद होने वाले रास्तों, नालियों और सड़क मार्गों की बहाली के लिए निर्देश दे दिए हैं। लेकिन कम कर्मचारियों के बूते पर सभी वार्डों में आपदा से निपटा नहीं जा सकता है। स्टाफ की कमी को लेकर वह विभाग के निदेशक से शिमला में भी मिल चुके हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शहरी विकास मंत्री का आह्वान किया है कि लोगों की सुविधा के लिए इस ओर विशेष ध्यान दें। (अनंत ज्ञान)

# बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को करें जागरूक : लक्ष्मण

**सुनील, गोहर**

मानसून के दौरान उभरने वाली स्वास्थ्य से संबंधित बीमारियां की रोकथाम व जागरूकता तथा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक उपमंडल अधिकारी कार्यालय में एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

खंड चिकित्सा अधिकारी बगस्याड डॉ. राकेश रोशन ने स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 15 जुलाई से 31 अगस्त तक स्वास्थ्य विभाग के कार्य सूची के बारे में बताया गया। इस दौरान उन्होंने बरसात के दौरान डायरिया से संबंधित जानकारी वह जागरूकता, वयस्कों में बीसीजी टीकाकरण, नियमित टीकाकरण स्कूल के बच्चों स्वास्थ्य से संबंधित टीकाकरण, ग्राम पंचायत व स्कूलों में तंबाकू, बीड़ी, शराब से होने वाले दुष्प्रभाव से संबंधित जानकारी व जागरूक करना, टीबी की बीमारी से संबंधित जानकारी पर जागरूक करना ,आपदा प्रबंधन व बरसात के दौरान रोग व बीमारी की रोकथाम के लिए कार्य सूची का विवरण करने को कहा। (अनंत ज्ञान)

# राजपूत व सामान्य वर्ग की अनदेखी चिंतनीय : जम्वाल

**उमेश, सुंदरनगर**

राजपूत सभा सुंदरनगर इकाई कार्यकारिणी की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक व पंचायत स्तर की कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्यों विशेष कर युवा व महिला सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त मेजर जेएस पटियाल ने की तथा इसमें प्रदेश राजपूत महासभा के प्रदेश महासचिव केएस जम्वाल व राजपूत सभा जिला मंडी के उप प्रधान हेम सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने केंद्र व प्रदेश सरकार से अपील की है कि विभिन्न धर्मों के लोगों के लिए यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे कानून बनाते समय हिंदू धर्म में भी समाज को जातियों मे न बांटते हुए वहां पर भी मौलिक अधिकारों के अनुरूप समान शिक्षा, नौकरी व अन्य हर क्षेत्र में समानता लाने का प्रावधान करवाने का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस मौके पर कार्यकारिणी सदस्यों ने समाज में राजपूत व सामान्य वर्ग समुदाय की अनदेखी पर गहरी चिंता व्यक्त की। बैठक में सेवानिवृत्त नरोत्तम चंद्र शास्त्री, राजीव सेन, गुलाब सिंह सेन, सुरेंद्र जम्वाल, कमला ठाकुर, कृष्ण चंद्र वर्मा, बेली राम ठाकुर, संजय कुमार तथा वर्डियन राठौर सहित अन्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)




बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में

### बथेरी क्षेत्र में कल बिजली रहेगी बंद

**मंडी।** 22 केवी बथेरी उच्च ताप विद्युत लाइन के रखरखाव का कार्य किया जाएगा। कार्य के चलते 6 जुलाई शनिवार को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक बथेरी, बदौन, मलवारा, जुलाग, तनबाग, सेरी तथा साथ लगते क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

यह जानकारी सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल कटौला होशियार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब रहने की स्थिति में कार्य को स्थगित या अगले दिन किया जाएगा। लोगों के सहयोग की अपील की है।(अनंत ज्ञान)

# दुष्कर्म का फरार आरोपी 19 वर्ष बाद काबू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर/करसोग**

जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल टीम को दुष्कर्म मामले में पिछले 19 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। मामले में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी करसोग ने आरोपी को वर्ष 2005 में उदघोषित आरोपी घोषित कर दिया था।

जानकारी के अनुसार आरोपी जोगिंद्र पाल पुत्र कांशीराम निवासी भेलू धबोटा डाकघर बरोटी थाना व तहसील बड़सर जिला हमीरपुर करसोग क्षेत्र के बखरोट में तांत्रिक का कार्य करता था। इसी दौरान इसने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस पर आरोपी के खिलाफ वर्ष 2005 में करसोग पुलिस थाना में दुष्कर्म का एफआईआर दर्ज किया था। इसके उपरांत आरोपी फरार मौके से फरार हो गया था। जिला पुलिस के पीओ सेल मंडी की टीम को आरोपी की मौजूदगी बड़सर में होने की जानकारी प्राप्त हुई। इस पर त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए आरोपी को बड़सर से गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे आरोपी को हमीरपुर के बड़सर से गिरफ्तार किया है।

# एफपीओ धर्मपुर से जुड़े दर्जनों बुद्धिजीवी : सत्तपाल

**रितेश, सरकाघाट**

ग्रामीण विकास के लिए कृषि-बागवानी को सुदृढ़ करने पर टिहरा में बैठक हुई। वहीं धर्मपुर किसान उत्पादक संघ-एफपीओ का दायरा किसानों व महिला समूहों के अलावा यहां के बुद्धजीवियों में तेजी से बढ़ रहा है। ये बात सेवानिवृत्त बीपीईओ एवं टिहरा पंचायत के पूर्व प्रधान दीवान चंद और सेवानिवृत एक्सियन ईजेसी शर्मा ने टिहरा में आयोजित एफपीओ की क्षेत्रीय कमेटी की बैठक के दौरान कही।

उन्होंने स्वयं भी इसकी सदस्यता ग्रहण करते हुए कहा कि धर्मपुर में ऐसा संगठन बना है जो कृषि, बागवानी और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पहल कर रहा है। दीवान चंद ने कहा कि संस्था को मजबूत करने के लिए पूर्ण सहयोग करेंगे। उधर रिटायर्ड एक्सियन जेसी शर्मा ने कहा कि वे स्वयं भी कृषि, बागवानी और पशुपालन के कार्यों में रुचि रखते हैं लेकिन एफपीओ से जुड़ने से उन सब कार्यों को मजबूती मिलेगी और एक प्लेटफॉर्म भी मिलेगा। 15 जुलाई को महिलाओं को इसकी जानकारी देने के लिए एक शिविर आयोजित होगा। एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल चौहान ने बताया कि इस संघ के साथ 45 से अधिक धर्मपुर के बुद्धिजीवी जुड़ चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में।

# बरसात में प्राथमिकता से हों कार्य : कुलदीप

**रितेश, सरकाघाट**

पूर्व पंचायत समिति धर्मपुर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह चम्बयाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने पिछले वर्ष हुई भारी आपदा में कानूनों में बदलाव करके प्रदेश की जनता की मदद की लेकिन धरातल में निर्माण कार्यों की प्राथमिकता के लिए या सामग्री आबंटन की प्राथमिकताओं के लिए पंचायतों और भू-राजस्व पर कार्य छोड़ दिया। आज भी अधिकतर रास्ते, सड़कें इसलिए बंद हैं क्योंकि पंचायतों को रास्तों, सड़कों की प्राथमिकता के वजाय अपने चहेतों के कार्य प्राथमिकता पर दिखते हैं ऊपर से सरकार ने आपदा के दौरान पंचायतों में शैल्फ तैयार करने के लिए भी पंचायत के चुने हुए लोग ही अधिकृत कर दिए और इन्होंने मिली शक्ति का प्रयोग चहेतों के कार्य करने में लगाया ।

सरकारी सहायता निर्माण प्राथमिकता के लिए खंड स्तर पर और पंचायत स्तर पर सरकार की तरफ से कमेटियों का गठन हो और ऐसे आपदाओं में बरसात में पात्र व्यक्तियों और सार्वजनिक कार्यों रास्ते, सड़कों के लिए प्राथमिकता से कार्य हों। (अनंत ज्ञान)

# पीजी डेटशीट में बदलाव के लिए सौंपा ज्ञापन

**अनिल शर्मा, मंडी**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी इकाई ने एसपीयू द्वारा जारी की गई पीजी डेटशीट में बदलाव करने के लिए परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा। इकाई अध्यक्ष हर्षित मिन्हास ने कहा कि वे जानते हैं कि विवि परीक्षाओं का शेड्यूल पहले ही काफी लेट हो चुका है मगर सीएसआईआर नेट की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए विवि प्रशासन द्वारा डेटशीट में बदलाव करना चाहिए। विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन के माध्यम से रीवेलुएशन के परिणामों को भी एंड सेमेस्टर परीक्षाओं से पूर्व घोषित करने की मांग की और परीक्षाओं की चेकिंग के दौरान मूल्यांकनकर्ता को मॉडल उत्तर प्रदान कर उसी के अनुसार मूल्यांकन करने के निर्देश देने की भी विवि प्रशासन से मांग की।

एनटीए की खामियों की वजह से विवि प्रशासन व छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी प्रशासन द्वारा एंड सेमेस्टर परीक्षाओं की डेटशीट पहले ही जारी कर दी गई है।विद्यार्थी परिषद ने परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन के माध्यम से अपील की कि विवि प्रशासन एंड सेमेस्टर परीक्षाओं को नेट परीक्षा के बाद स्थगित करें।

### 25 से 27 जुलाई के बीच होगी नेट परीक्षा

एनटीए द्वारा यूजीसी नेट की परीक्षा को भी रद्द कर दिया गया था और साथ में जून माह में होने वाली सीएसआईआर नेट की परीक्षा को भी स्थगित कर दिया गया था। सीएसआईआर नेट की परीक्षा अब ऑनलाइन माध्यम से 25 से 27 जुलाई के बीच करवाई जाएगी।

**आफत | दो दिन की बारिश से मकानों, खेतों, गौशालाओं और बागवानों को पहुंचा नुकसान**

# सुंदरनगर प्रशासन ने आपदा से निपटने के लिए कसी कमर

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर में मानसून की पहली बरसात नुकसान लेकर आई है। इस कारण क्षेत्र में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। बीते दो दिनों से उपमंडल में जारी मूसलाधार बारिश से कोई जान का नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन प्रभावितों के मकानों, खेतों, गौशालाओं और बागानों को काफी अधिक नुकसान पहुंचा है। वहीं क्षेत्र के मैदानी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई और इसकी जद में लोगों के मकान आने का खतरा बना हुआ है। बारिश से बसों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है जिसको बहाल करने के लिए पूरा दिन विभागीय मशीनरी प्रभावित क्षेत्रों में कार्य करती रही।



बरसात के कारण रोड़ हुआ ध्वस्त।

उपमंडल सुंदरनगर के निहरी क्षेत्र के डाकघर बरौकड़ी के गांव मतयोग में मीना राम पुत्र भूतेश के 2 मंजिला कच्चे मकान को नुकसान पहुंचा है। काहन चंद पुत्र कांशीराम गांव रोपड़ी, हेमराज पुत्र हीरा सिंह खन्यारी डाकघर प्रेसी तहसील निहरी के घर के साथ लगा डंगा क्षतिग्रस्त हुआ है। गोपाल पुत्र बालक राम निवासी डोढ़वां और विद्यासागर पुत्र लच्छी राम का डंगा तथा बंसी लाल पुत्र नंत राम के रसोईघर में दरारें आने के कारण क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके अलावा उपमंडल की ग्राम पंचायत बाढ़ो-रोहाड़ा के तहत गांव रोहाड़ा में विद्यासागर व दुनी चंद पुत्र अमर सिंह के 6 कमरों के दो मंजिला कच्चे मकान और बगीचे को भी बारिश से नुकसान पहुंचा है।

एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि उपमंडल सुंदरनगर में बारिश से आपदा की किसी भी स्थिति से निपटने को लेकर सारे एहतियातन कदम उठाए गए हैं। क्षेत्र में हुए नुकसान की सूचना प्राप्त होते ही प्रशासन द्वारा रिस्पॉन्स टीमों को मौके पर भेज दिया है। बारिश के कारण निगम के सुंदरनगर डिपो के 29 रूट भी वीरवार को प्रभावित रहें। इनमें से 17 बसें ऐसी है जो बुधवार को गंतव्य के लिए रवाना हुई थी, लेकिन सड़क बंद होने से वीरवार को सुंदरनगर बस स्टैंड पर वापस न लौट सकी। 12 रुट को स्थगित करना पड़ा या जहां तक सड़क ठीक है बसों को भेजा गया है। (अनंत ज्ञान)

**सुंदरनगर डिपो के 29 रूट रहे प्रभावित**

### कंट्रोल रूम स्थापित

एसडीएम गिरीश समरा ने बताया कि उपमंडल में आपदा से निपटने के लिए प्रशासन स्तर पर पूरी तैयारी कर ली गई है। बरसात में कहीं पर भी नुकसान की स्थिति में रिस्पांस टीमें भी तैनात कर दी गई है। आपदा की किसी स्थिति से निपटने के लिए कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। इसमें किसी भी नुकसान की स्थिति में 01907-266001 पर ऑफिस कानूनगो अजय कुमार को जानकारी सांझा की जा सकती हैं।

**बेसहारा पशुओं से होने वाले सड़क हादसों पर लगेगी लगाम**

# पशुओं के गले पर लगेगी रेडियम रिफलेक्टिव बेल्ट

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

बेसहारा पशुओं के कारण होने वाले सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए सुंदरनगर की क्रयाश एनजीओ ने एक शानदार पहल की है। रात के अंधेरे में सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा पशु वाहन चालकों को अब दूर से ही नज़र आएंगे। ऐसे पशुओं के गले पर रेडियम रिफलेक्टिव बेल्ट पहनाई जाएगी।

क्रयाश एनजीओ के इस प्रयास से सड़कों पर घूमने वाले पशु भी किसी भी संभावित दुर्घटना से बचेंगे और वाहन सवार लोगों का भी इससे बचाव हो सकेगा। क्रयाश एनजीओ से नगर परिषद सुंदरनगर को रिफलेक्टर युक्त ऐसी 100 बेल्ट सौंपी है। इन्हें पशुओं के गले में लगाने का काम एनजीओ के स्वयंसेवी ही करेंगे। नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि नगर परिषद द्वारा सड़कों पर बेसहारा घूमने वाले करीब 38 पशुओं को विभिन्न गौसदनों में भेजा जा चुका है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि लोग अब भी उनके लिए बेकार अवस्था में पहुंच चुके पशुओं को खुले में छोड़ देने से बाज नहीं आ रहे हैं। बेसहारा पशुओं से गौ सदन भरे पड़े हैं। लेकिन इस दिशा में क्रयाश एनजीओ एक अच्छी सोच लेकर आगे आई है। इस कार्य में नगर परिषद भी क्रयाश एनजीओ का पूरा सहयोग करेगी।



रेडियम रिफलेक्टिव बेल्ट के साथ सामूहिक चित्र में।

एनजीओ के अध्यक्ष डॉ. धर्मेश शर्मा ने कहा कि किसी भी कार्य के लिए वह किसी से कोई सहयोग राशि नहीं लेते हैं। समूह के सदस्य आपस में पैसे एकत्रित कर कोई भी धर्मार्थ का कार्य करते हैं। एनजीओ का प्रयास है कि लोग भी अपने क्षेत्रों में ऐसी मुहिम चलाएं। इस मौके पर क्रयाश एनजीओ के अक्षिता जोशी, पल्लवी भारद्वाज, आकांक्षा शर्मा, हंसराज और भानु प्रताप सिंह चंदेल मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### अन्नपूर्णा दिवस पर जरूरतमंद महिलाओं की मदद




अन्नपूर्णा दिवस पर जरूरतमंद महिलाओं के साथ इन्नरव्हील क्लब के सदस्य।

**राजेश शर्मा, ऊना।** इन्नरव्हील क्लब ऊना ने अन्नपूर्णा दिवस के उपलक्ष्य में ऊना मुख्यालय पर संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान में चार पात्र महिलाओं को राशन किटें प्रदान कीं। कार्यक्रम में समाजसेवी गीता राजपूत मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुईं। उन्होंने कहा कि इन्नरव्हील क्लब जरूरतमंद लोगों की मदद करने का सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों की मदद करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर इन्नर व्हील क्लब की प्रधान रमा कंवर ने कहा कि इन्नर व्हील क्लब ऊना की नवगठित टीम वर्षभर के दौरान विभिन्न सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता दर्ज करवाएगी। उन्होंने कहा कि क्लब के मुख्य प्रोजेक्ट्स के अलावा स्थानीय स्तर पर भी इन्नरव्हील क्लब विभिन्न समाज सेवा के कार्यों को करेगी तथा जनसहयोग से सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाएगी। इस अवसर पर क्लब की सचिव शोभा सोनी, उपाध्यक्ष निशा शारदा, आईएसओ सुमन पुरी, पूर्व प्रधान जतिंद्र कौर, मीरा मेहता, रमा कालिया, रजिता कसाणा, सुनीता शर्मा व अन्य सदस्य उपस्थित थीं। (अनंत ज्ञान)

### हमीरपुर ने सोलन को 47 रन से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** सीनियर टी-20 प्रतियोगिता के तहत सोलन का मुकाबला हमीरपुर के साथ बिलासपुर के मैदान में खेला गया। इसमें हमीरपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर के मैच में 9 विकेट खोकर 177 रन बनाए। शुभम अरोड़ा ने 55, एकांत सेन ने 40, अभिमन्यु राणा ने 37, मृदुल सरोच ने 22 रन बनाए। सोलन के मोहम्मद सोहराब ने चार, जोगिंदर शर्मा ने तीन, विपिन और हिमांशु ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। बल्लेबाजी करने उतरी सोलन की टीम के बल्लेबाजों में प्रशांत चोपड़ा ने 33, अक्षय वशिष्ठ ने 29, पीयूष शर्मा ने 10, पारस धानिक ने 15 रन बनाए, बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका। हमीरपुर के रोहित ने 2, प्रिंस ठाकुर, साहिल कपलेश, मृदुल सरोच, राशित ठाकुर और विनय गुलेटिया ने एक विकेट, जबकि 3 खिलाड़ी रन आउट हुए। सोलन की टीम 18 ओवर में 10 विकेट पर 130 रन ही बना सकी। हमीरपुर ने सोलन को 47 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)

### सुपर ओवर में सिरमौर ने चंबा को हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** अंडर-19 वनडे प्रतियोगिता के तहत चंबा का मुकाबला सिरमौर के साथ ऊना के इंदिरा गांधी खेल परिसर में खेला गया। इसमें चंबा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 140 रन बनाए। चंबा के बल्लेबाज शिवेन ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए तथा अपनी पारी ने 7 चौके लगाए। सिरमौर के हार्दिक शर्मा ने तीन, उज्ज्वल और अक्षय शर्मा ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया, सूरज और उज्ज्वल ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया, एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। सिरमौर के बल्लेबाजों में सूरज ने 32 रन, उज्ज्वल ने 20, आर्यन ने 30 रन बनाए, जबकि जपनीत सिंह ने नाबाद 26 रन बनाए। लक्ष्य ने तीन जबकि शिवेन ने 2 खिलाड़ियों को आउट किया। चंबा के हिमांशु चारक ने 3 खिलाड़ियों को आउट किया, आदित्य शर्मा ने एक खिलाड़ी को आउट किया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। सिरमौर की टीम 35 प्वाइंट 2 ओवर में 10 विकेट होकर 140 रन ही बना सकी। दोनों टीमों का स्कोर बराबर होने के कारण मैच टाई हो गया। उसके बाद मैच दोबारा से सुपर ओवर करवाया गया, जिसमें सिरमौर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट पर 16 रन बनाए, जबकि चंबा की टीम 12 रन ही बना सकी। इस कारण सिरमौर ने सुपर ओवर में चंबा को चार रन से पराजित कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### डिप्टी डायरेक्टर एजुकेशन नियुक्त करने का स्वागत

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रांतीय संगठन प्रेस सचिव राजन शर्मा ने सोमलाल धीमान को डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंट्री एजुकेशन और राजिंदर कौशल को डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन नियुक्त होने पर उन्हें बधाई दी और सरकार के इस फैसले को सराहनीय बताया, साथ ही राजन शर्मा ने सरकार से आग्रह किया है कि रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक्सटेंशन न दी जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी वर्षों से अपनी पदोन्नति के लिए इंतजार करते हैं और जब सरकार किसी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को सेवा विस्तार देती है तो इससे उस कर्मचारी भावना को ठेस पहुंचती है और साथ मे उनकी पदोन्नति प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को सेवाविस्तार मिलने से कई बार बाकी कर्मचारी बिना प्रमोशन के ही सेवानिवृत हो जाता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। (अनंत ज्ञान)

### कारसेवकों ने ऐतिहासिक सरोवर को संवारा

**नरोत्तम शर्मा, ऊना।** स्थानीय टक्का रोड स्थित प्राचीन सरोवर को संवारा गया। अरसे से इस पावन सरोवर में गाद और कूड़ा-कर्कट आने से पानी दूषित हो गया था। सैकड़ों सिख और अन्य श्रद्धालुओं ने कारसेवा करके इस सरोवर की साफ सफाई की। बताना जरूरी है कि ऐतिहासिक सरोवर में कई श्रद्धालु पावन अवसर पर स्नान भी करते हैं। इसके साथ ही एक गुरुद्वारा साहिब है। (अनंत ज्ञान)

### अमृत वर्षा से हुआ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**विवेक शर्मा, अंब।** उपतहसील जोल के तहत पंचायत चौकीमन्यार के प्रसिद्ध लक्ष्मी नारायण मंदिर में सात दिवसीय श्री ज्ञान यज्ञ महोत्सव श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ के पहले दिन आयोजनकर्ता यजमान संतोष कौशल द्वारा बताया गया कि कथा का भव्य शुभारंभ सुबह 11 बजे शुरू हुआ। कथा के प्रथम दिन कथावाचक आचार्य शिवकुमार शास्त्री द्वारा अपने संबोधन में श्रीमद् भागवत महात्म्य के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कलयुग में मनुष्य अपने भावों को सत्संग के जरिए ही स्थिर रख सकता है। श्रीमद् भागवत कथा का 7 दिनों का श्रवण करने से मनुष्य के साथ जन्मों के पाप धुल जाते हैं। प्रथम दिन की कथा के समापन से पूर्व आरती की गई। आरती करने के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। (अनंत ज्ञान)

### नाबालिग युवती ऊना बस अड्डे से हुई लापता

**राजेश शर्मा, ऊना।** स्थानीय बस अड्डे में बस के इंतजार में बैठी नानी के पास से उसकी पंद्रह वर्षीय दोहती अचानक लापता हो गई। कुटलैहड़ से संबंध रखने वाली 55 वर्षीय महिला ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि वह अपनी दोहती के साथ आनंदपुर साहिब जाने के लिए ऊना बस अड्डे में बस का इंतजार कर रही थीं। उनकी दोहती ने उसके फोन से किसी से बात की और कुछ खाने का सामान लाने के लिए बाहर चली गई। वह काफी देर इंतजार करती रही लेकिन दोहती लौटकर नहीं आई। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### एसडीएम कार्यालय ऊना ने जनता से मांगे सुझाव

**अभिषेक कुमार, ऊना।** ऊना शहर में नए पार्क बनाना और पुराने पार्कों का सौंदर्यीकरण करने की दिशा में प्रशासन ने रूपरेखा तैयार कर ली है। शहर में नए पार्क स्थापित करने के लिए शहर की प्रबुद्ध जनता से एसडीएम कार्यालय ऊना ने सुझाव आमंत्रित किए हैं। एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने बताया कि वर्तमान में ऊना शहर के पार्कों का नवीनीकरण करना बहुत आवश्यक है।। वर्तमान में शहर का ही एकमात्र एमसी पार्क की स्थिति दयनीय बनी हुई है। आगामी दिनों में नगर परिषद का हाउस बुलाए जाने की रूपरेखा तैयार कर ली है और हाउस में भी नगर परिषद के पार्षदों के शहर के बेहतरी के लिए सुझाव लिए जाएंगे। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में ऊना शहर के एकमात्र एमसी पार्क पर स्थापित किए गए तमाम तरह के उपकरण भी दयनीय स्थिति को बयां कर रहे हैं। इसके चलते प्रशासन ने निर्णय लिया है कि पुराने पार्क का नवीकरण करने के साथ ही वहां पर नए उपकरण स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही ऊना शहर में प्रस्तावित जगह को भी पार्क के लिए चिन्हित किया जाएगा, ताकि शहर के विभिन्न वार्डों के लोगों, बुजुर्गों और बच्चों को सुविधा मिल सके। इस दिशा में प्रशासन प्रयासरत है और आगामी दिनों में रूपरेखा तैयार करके उसे नगर परिषद के हाउस में अमलीजामा पहनाया जाएगा और शहरी क्षेत्र की जनता को तमाम तरह की सुविधा मुहैया करवाने की दिशा में प्रशासन उचित कदम उठाने जा रहा है। उन्होंने इस दिशा में आम जनता से भी प्रशासन और नगर परिषद का सहयोग करने का आह्वान किया है, ताकि ऊना शहर का सौंदर्यीकरण हो सके और संबंधित वार्ड की जनता को भी तमाम तरह की सुसज्जित सुविधा मुहैया करवाई जा सके। (अनंत ज्ञान)

# 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' संयुक्त कार्य योजना कार्यान्वयन में जिला ऊना देशभर में सर्वश्रेष्ठ

## उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने विज्ञान भवन नई दिल्ली में प्राप्त किया अवॉर्ड

**राजेश शर्मा, ऊना**

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' संयुक्त कार्य योजना के कार्यान्वयन में जिला ऊना पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ आंका गया है। जिला ऊना को इस उपलब्धि पर गत 30 जून को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में पुरस्कृत किया गया है। इस पुरस्कार को उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के कर कमलों से प्राप्त किया है।



दिल्ली में सर्वश्रेष्ठ पुरुस्कार ग्रहण करते डीसी जतिन लाल।

इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' संयुक्त कार्य योजना के कार्यान्वयन में जिला ऊना को देशभर में प्रथम रहने पर पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि इस अवॉर्ड प्राप्ति में जिला के विभिन्न विभागों का व्यापक सहयोग प्राप्त हुआ है। नशे के विरुद्ध नशा मुक्त ऊना अभियान को धरातल पर कार्यान्वित करने में विभिन्न विभागों ने अपना सहराहनीय योगदान दिया है।

उन्होंने बताया कि नशा मुक्त ऊना अभियान को पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला में कार्यान्वित किया गया जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त ऊना अभियान के अंतर्गत नशे के विरुद्ध बच्चों व युवाओं को जागरूक बनाने के लिए जहां स्कूल व कॉलेज स्तर पर कौशल एवं जीवन विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जहां 26 हजार विद्यार्थियों को जोड़ा गया, तो वहीं लगभग 247 अध्यापकों एवं स्कूल प्रमुखों को भी प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य जहां विद्यार्थियों के भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना था तो वहीं नाकारात्मक विचारों से दूर रखना रहा ताकि वे नशे से दूर रहें। इसके साथ-साथ हर घर दस्तक अभियान भी संचालित किया गया, जिसके माध्यम से एक लाख घरों तक नशे के विरुद्ध अलख जगाई तथा नशे के दुष्प्रभावों बारे लोगों को जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया।

उपायुक्त ने नशा मुक्त ऊना अभियान से जुड़ने के लिए जहां जिलावासियों का भी आभार जताया तो वहीं उम्मीद जताई कि भविष्य में भी जिला प्रशासन के इस तरह के अभियानों से जुड़कर जिला को नशा मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## राजा शिवेंद्र पॉल सिंह द्वारा आयोजित प्रतियोगिता युवाओं की लिए संदेश: भुट्टो

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के रायपुर मैदान में चल रहे स्व. राजा महिंद्र पाल सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता में आयोजिक राजा शिवेंद्र पॉल सिंह कुटलैहड़ की अध्यक्षता में करीब 36 टीमें भाग ले रही है। इसमें कुटलैहड़ के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बतौर मुख्य तिथि शिरकत की। वहीं, राजा शिवेंद्र पॉल सिंह कुटलैहड़ ने देवेंद्र कुमार भुट्टो का भव्य स्वागत किया और सम्मानित किया।

भुट्टो ने कहा कि आज के युवा को नशे से दूर रहने के लिए केवल खेलों का सहारा लेना चाहिए और जो राजा शिवेंद्र पॉल सिंह कुटलैहड़ युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम कर रहे हैं, यह एक सराहनीय कदम है। भुट्टो ने कहा कि हम सभी क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज को नशा मुक्त मुक्त बनाने की मुहिम में राजा शिवेंद्र पॉल सिंह कुटलैहड़ के साथ हैं। इस मौके पर जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पॉल शर्मा, पूर्व प्रधान पूर्ण सिंह राणा, जितेंद्र गर्ग, सोनू रनौत, अभय राणा, राजनीत सिंह, प्रीतम दादा के अलावा सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस दौरान जिला उना के जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने की मुहिम हमारी शुरू हुई है। लेकिन जब से राज्य में कांग्रेस की सरकार आई है। हमारी मुहिम पर बैन लग चुका है। (अनंत ज्ञान)



खिलाड़ियों के साथ पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह भुट्टो।

## सोमलाल को उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा का अतिरिक्त कार्यभार



सोम लाल को अतिरिक्त कार्यभार संभालने पर सम्मानित करते गणमान्य।

**अभिषेक कुमार, ऊना**

जिला ऊना के वरिष्ठ प्रधानाचार्य सोम लाल धीमान ने शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा जिला ऊना का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया है।

हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ जिला ऊना के प्रधान डॉ. किशोरी लाल शर्मा, महासचिव राजन शर्मा, वित्त सचिव अशोक कुमार, राज्य पैटर्न मनोहर लाल शर्मा, जिला राकेश अरोड़ा, राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव ठाकुर, मनीष पटियाल, विक्रम सैनी एवं अन्य पदाधिकारियों ने एक शिष्ठाचार भेंट की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके साथ विद्यार्थियों एवं अध्यापकों के हित में कार्य करने का आग्रह किया कि इस कार्य में हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ जिला ऊना इकाई हरसंभव सहयोग देने के लिए हमेशा तैयार रहेगी।

इस मौके पर डीपी यूनियन के प्रधान जगजीत सिंह, वरिष्ठ प्रारंभिक शिक्षक सुभाष सैनी, विनोद कुमार, राजिंदर, यश, सजीव एवं प्रारंभिक और उच्च शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय का स्टाफ भी उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)

## विवाहिता फंदे पर झूली, मौत

**राजेश शर्मा, ऊना।** शहर के गुरुसर मोहल्ले में एक विवाहित महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला की पहचान 26 वर्षीय आशा देवी पत्नी बुद्धि सिंह निवासी गुरुसर मोहल्ला, ऊना के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं, मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक आशा देवी निवासी गुरुसर मोहल्ला ने बुधवार रात्रि को अपने कमरे में फंदा लगा लिया। काफी देर तक कमरे से कोई हरकत न होने पर बहन ने देखा, तो पाया कि आशा देवी फंदे पर झूल रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया, साथ ही परिजनों के बयान दर्ज किए। बताया जा रहा है कि आशा देवी अपने पति से अलग बहन के पास ही रहती थी। उधर, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है तथा जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

## पुराने संसद भवन से डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा हटाए जाने पर महासभा में रोष

**अनंत ज्ञान, ऊना**

दिल्ली के पुराने संसद भवन से संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा हटाए जाने पर हिमाचल प्रदेश श्री गुरु रविदास महासभा में रोष व्याप्त हो गया है। महासभा ने चेतावनी दी है कि अगर प्रतिमा को फिर से उसी स्थान पर स्थापित नहीं किया गया तो देशव्यापी आंदोलन शुरू हो जाएगा।



हिमाचल प्रदेश श्री गुरु रविदास महासभा के सदस्य एसी को ज्ञापन सौंपते हुए।

महासभा के जिला महासचिव एडवोकेट नरेश कुमार ने बताया कि इस मामले में महासभा ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है। जिला प्रधान की अगुवाई में दिए गए ज्ञापन में उन्होंने केंद्र सरकार से इस प्रतिमा को फिर से उसी स्थान पर लगाने को कहा है। उन्होंने बताया कि वीरवार को हिमाचल प्रदेश श्री गुरु रविदास महासभा ने इस संबध में उपायुक्त ऊना के माध्यम से केंद्र सरकार को एक ज्ञापन प्रेषित किया है। हिमाचल प्रदेश श्री गुरु रविदास महासभा ने पुराने संसद भवन से संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का चित्र हटाए जाने का विरोध किया है।

उन्होंने कहा है कि इस कृत्य से अनुसूचित जाति अन्य पिछड़ा वर्ग और डॉ. भीमराव अंबेडकर को प्रेरणा स्त्रोत मानने वाले तमाम वर्ग आहत है। महासभा के प्रतिनिधियों का कहना है कि लाखों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इस सहसभा ने प्रधानमंत्री से तुरंत डॉ. भीमराव अंबेडकर का चित्र पुराने संसद भवन में उसी स्थान पर स्थापित करने की सिफारिश की है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो देश व्यापी आंदोलन के प्रधानमंत्री जिम्मेदार होंगे। (अनंत ज्ञान)

## किसानों को बारिश न होने से मक्की बीज खराब होने का सता रहा डर

**अभिषेक कुमार, ऊना।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की कुछ पंचायतों में लगभग दो सप्ताह पहले मक्की, चारी, बाजरा व तिलहन सहित अन्य फसलों की बिजाई की गई थी, परंतु बारिश नहीं होने से किसानों के चेहरे मुरझाए हुए हैं। अगर समय पर बारिश न हुई तो मक्की का बीज खेतों में खराब हो जाएगा, क्योंकि अभी भी खेतों में फसल 100 फीसदी अंकुरित नहीं हो पाई है। कुछ स्थानों पर आधा-अधूरा बीज जमीन से बाहर अंकुरित हुआ है।

वहीं, कुछ स्थानों पर किसान अभी भी बिजाई के लिए प्रयास बारिश का इंतजार कर रहे हैं। खरयालता के गांव बही में कुछ किसान अभी भी बिजाई के इंतजार में बैठे हुए हैं कि कब बारिश हो और बिजाई शुरू करें। हालांकि, बुधवार देर रात तथा वीरवार सुबह से हल्की-हल्की बूंदाबांदी जरूर हुई। बुजुर्गों में जगर नाथ, सतपाल, गुरदास राम, रमेश चंद, फिड्डू राम,जगदीश चंद, कुलतार चंद, सुखदेव सिंह सहित अन्य किसानों का कहना है कि जो खेती बैलों से होती है, उसकी रीस नहीं है। बाकी सब औपचारिकता है।

## कुटलैहड़ में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के शुरू हुए प्रयास

**राजेश शर्मा, ऊना**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंदरौली में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने वीरवार को अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पर्यटन की दृष्टि से विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न संभावनाओं पर चर्चा की तथा इस दृष्टि से उठाए जाने वाले विभिन्न कदमों पर विचार विमर्श किया।

गत दिनों मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने कुलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय प्रवास के दौरान अंदरौली में जहां पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र का दौरा किया था, तो वहीं जिला प्रशासन को विभिन्न संभावनाएं तलाशने को दिशा-निर्देश जारी किए थे। मुख्यमंत्री के इन्हीं निर्देशों के तहत आज उपायुक्त ऊना ने बंगाणा उपमंडल के अधिकारियों के साथ अंदरौली पर्यटन स्थल का दौरा किया तथा पर्यटन की दृष्टि से विभिन्न संभावनाओं पर व्यापक विचार विमर्श किया।



डीसी व अन्य अधिकारी कुटलैहड़ में पर्यटन को लेकर प्रस्तावित स्थल का दौरा करते हुए।

### उपायुक्त जतिन लाल ने अधिकारियों के साथ किया अंदरौली का दौरा

जिला प्रशासन ने अंदरौली में कुटलैहड़ पर्यटन विकास समिति (केटीडीएस) के तहत पर्यटन विकास की विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास शुरू किए हैं। इन प्रयासों से जहां ऊना जिला के अंदरौली में पर्यटन विकास को बल मिलेगा तो वहीं स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

इस मौके पर एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल सहित राजस्व, ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**हिम्मत** पुरानी परंपरा को जीवित रखने के लिए कुछ ही किसान कर रहे प्राकृतिक जैविक खेती

## आधुनिकता की दौड़ में दम तोड़ रही प्राकृतिक जैविक खेती

**विनोद शर्मा, ऊना**

आधुनिकता की दौड़ में प्राकृतिक खेती से दूर जा रही दुनिया में अभी तक नाममात्र किसान ही पुरानी परंपरा से जैविक खेती कर रहे हैं। कारण स्पष्ट है कि जैविक खेती में मेहनत अधिक है, लेकिन उनके हौसले बरकरार हैं। स्वास्थ्य कारणों के अलावा पुरानी परंपरा जीवित रखने का भी ऐसे किसानों ने प्रमुख कारण बताया है। यह किसान जहां खेतों में जैविक खाद का इस्तेमाल करते हैं और खेत बैलों के साथ जोतते हैं। निराई-गुड़ाई करने के बाद शुद्ध आर्गेनिक मक्का और अन्य फसलें प्राप्त करते हैं।



बंगाणा उपमंडल के लठियानी में बैलों के साथ खेती करता एक किसान।

ये अधिकांश ऐसे किसान हैं जो महज अपने लिए आर्गेनिक खेती का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनकी मानें तो इस खेती की लागत इतनी होती है कि उसे सामान्य दाम में बेचा जाना संभव नहीं है। इसके चलते ऐसे किसान व्यवसाय की दृष्टि से इसकी पैदावार नहीं कर रहे हैं। जैविक खेती एक ऐसी तकनीक है, जिसमें जैविक कट मास्को का उपयोग किया जाता है इसमें रसायनों की कोई जगह नहीं होती है।

इस तरह की खेती में केवल जैविक तत्वों का ही इस्तेमाल होता है। जैविक खेती एक ऐसी तकनीक है, जिसमें जैविक खाद, जैविक कीटनाशकों का उपयोग किया जाता है। इसमें रसायनों की कोई जगह नहीं होती। इस तरह की खेती में केवल जैविक तत्वों का ही उपयोग किया जाता है। आसान भाषा में कहें तो जैविक खेती एक ऐसी तकनीक है जिसमें मिट्टी के प्राकृतिक गुना को बरकरार रखते हुए फसल दी जाती है।

कुटलैहड़ क्षेत्र में कई किसान आर्गेनिक फार्मिंग करने लगे हैं। इन दिनों बारिश के बाद कुटलैहड़ में मक्की की बिजाई जोरों पर है, लेकिन बहुत ही कम किसान अभी भी बैलों के साथ बिजाई कर रहे हैं। लठियानी में कुछ किसान बैलों द्वारा मक्की की बिजाई कर रहे हैं। किसानों की मानें तो बैलों के साथ बिजाई करने से फसल बहुत ही अच्छी होती है। सुशील कुमार उर्फ मियां जी ने बैलों के साथ काफी भूमि में जैविक विधि से मक्का की फसल लगाई है। उनका कहना है कि जरूरत के मुताबिक ट्रैक्टर का इस्तेमाल भी किया जाता है। कृषि विभाग के विषयवाद विशेषज्ञ डॉक्टर सतपाल धीमान का कहना है कि आर्गेनिक फार्मिंग के प्रति कई किसानों का रुझान हो रहा है। इसमें परिश्रम भले अधिक करना होता है, लेकिन सामान्य से अधिक कीमत पर उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### आनी में छह से 1000 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी उपमंडल स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छह से नौ जुलाई तक छात्र-छात्रा वर्ग की जिला स्तरीय अंडर-14 खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य जवाहर ने बताया कि इस चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में आनी, निरमंड, कुल्लू-1, कुल्लू-2, सैंज और मनाली आदि सात जोनों के एक हजार से ज्यादा प्रतिभागी स्टूडेंट्स के अलावा करीब 100 से ज्यादा अध्यापकगण शामिल रहेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो बैडमिंटन आदि खेलों और योगा के अलावा नाटी, एकल गीत आदि सांस्कृतिक और भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### 50 लोगों का जांचा स्वास्थ्य, 30 किए लैब टेस्ट

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** हंस फाउंडेशन की टीम एमएमयू-3 की ओर से हलाण-दो के हेल्थ और वेलनेस सेंटर में एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ावा देना और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सेवाएं प्रदान करना था। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी पहुंचे और उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस शिविर में जनरल हेल्थ चेकअप, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, आंखों की जांच, दांतों की जांच और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। इस शिविर में 50 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांचा और 30 से अधिक लैब टेस्ट किए। (अनंत ज्ञान)

### 11वीं में एडमिशन के लिए छह तक करें आवेदन

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** एकलव्य आदर्श आवासीय पाठशाला, लाहौल (सीबीएसई से संबंध एवं अंग्रेजी माध्यम) में कक्षा 11वीं में रिक्त सीटों के दाखिले के लिए 22 जून को दो बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय पाठशाला, लाहौल में आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिन्हें 6 जुलाई के शाम चार बजे तक बढ़ाया गया है। प्रवेश परीक्षा के लिए केवल हिमाचल के जनजातीय क्षेत्र की छात्राएं ही भाग लेने के लिए पात्र होंगी, जो शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उपरोक्त कक्षा में अध्ययनरत हैं अथवा 2023-24 में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की है। प्रवेश के लिए इच्छुक छात्रा अपना आवेदन पत्र छह तक स्कूल में स्वयं अथवा स्कूल की ईमेल पर भर कर भेजकर आवेदन कर सकते हैं। दाखिला पंजीकरण दिशा-निर्देश स्कूल की वेबसाइट www.emrslahaul.com पर भी उपलब्ध है। (अनंत ज्ञान)

### राणा बने सराज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** सराज वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू कार्यकारिणी के चुनाव जिला मुख्यालय स्थित न्यायालय परिसर में चुनाव अधिकारी रोशन लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुए, जिसमें सर्वप्रथम पुरानी कार्यकारिणी को निरस्त करने के पश्चात निर्विरोध तरीके से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सराज वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने निर्विरोध तरीके से सेना से सेवानिवृत्त हो चुके हवलदार लालचंद राणा को सराज वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू का अध्यक्ष चुना। वहीं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर एल राम ठाकुर और उपाध्यक्ष के पद पर खेमराज, महासचिव दूल्ले राम दुग्गल, सह सचिव हितेश्वर ठाकुर, कोषाध्यक्ष बृजलाल, कार्यालय सचिव खेम सिंह, द्वितीय प्रेस सचिव का दायित्व अधिवक्ता भवानी सिंह एवं विजय परमार को सौंपा गया। चीफ पैटर्न के पद पर अधिवक्ता दिलीप सिंह, जबकि कानूनी सलाहकार के तौर पर अधिवक्ता तेजा सिंह को चुना गया। (अनंत ज्ञान)

### अनुमोदित सात मामलों पर हुई विस्तार पूर्वक चर्चा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** वनाधिकार अधिनियम की जिलास्तरीय समिति की बैठक का आयोजन डीसी तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपमंडलस्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा अनुमोदित कुल सात मामलों के ऊपर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इनमें से छह मामलों को समिति के द्वारा संपूर्ण औपचारिकता तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ सही पाया गया तथा एक मामले को निरीक्षण के लिए उपमंडलस्तरीय वनाधिकार समिति को वापस भेजा गया। (अनंत ज्ञान)

### 14 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आभा चौहान ने अवगत करवाया कि हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला के तत्वाधान में 14 जुलाई को जिला न्यायालय, कुल्लू, मनाली और बंजार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में उन्होंने बताया कि 14 की लोक अदालत में दुर्घटना क्लेम, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, जमीनी विवाद, बैंक से संबंधित विवाद, वैवाहिक विवाद और विशेष रूप से दो लाख तक के चैक से लेन-देन के मामले लिए जाएंगे। इस अवसर पर मोटर व्हीकल की लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मोटर व्हीकल के चालानों का भी निपटारा किया जाएगा, जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी के मामले लंबित हैं, वे ऐसे मामलों को लोक अदालत में लगवा सकते हैं। लोक अदालत में फैसला दोनों पक्षों की रजामंदी से किया जाता है व किसी पक्ष की हार या जीत नहीं होती। (अनंत ज्ञान)

### सिंचाई उपपरियोजनाओं के निरीक्षण करने के निर्देश

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के तहत परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू का दौरा किया। परियोजना निदेशक ने खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू के स्टाफ के साथ समीक्षा बैठक की तथा अधिकारियों को जिला कुल्लू में चल रही सिंचाई उपपरियोजनाओं के समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत प्रवाह सिंचाई उपपरियोजनाओं छरेहरा और फलतनालाह में चल रही प्रवाह सिंचाई योजना के कार्य का निरीक्षण किया तथा परियोजना निदेशक ने अधिकारियों को सिंचाई योजना को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद परियोजना निदेशक ने पंचायत मोहल में पंचायत प्रतिनिधियों तथा प्रवाह सिंचाई योजना छरेहरा के लाभार्थियों के समक्ष बैठक की, जिसमें उन्होंने किसानों की जरूरतें, आजीविका के साधनों के बारे में चर्चा की तथा इच्छुक किसानों से आग्रह किया कि परियोजना किस तरह से जरूरतमंद किसानों की आजीविका में सुधार करने के क्षेत्र में कार्य कर सकती है। (अनंत ज्ञान)

# चीड़ के 21 पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी वन विभाग ने शिकायत करवाई दर्ज

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू के बंदरोल इलाके में किसी ने चीड़ के हरे-भरे 21 पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी। वन विभाग ने इसकी शिकायत पुलिस के पास की है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पेड़ों के कटने से साथ लगते बगीचों में सेब के पेड़ों को भी नुकसान हुआ है। बंदरोल इलाके में चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे के साथ चीड़ के 21 पेड़ों को धाराशायी किया गया है। बंदरोल निवासी सत्तपाल ने बताया कि उनके कई सेब के पेड़ों को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि आसपास के दायरे में सेब के कई पेड़ तबाह हो गए हैं। किसी ने रात के समय इस घटना को अंजाम दिया है। इन भीमकाय पेड़ों से इलाके में छाया रहती थी और पर्यटक भी इन पेड़ों के बीच रुकते थे और घूमते थे। अब पेड़ों का ही सफाया कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)



हरे-भरे पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी से धाराशायी हुए चीड़ के पेड़।

बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि इस लाइन को बिछाने के लिए ठेकेदार को ठेका दिया गया है। बोर्ड पेड़ों को काटने की अनुमति विभाग किसी को नहीं देता, अगर ऐसा मामला है, तो ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी।

**कड़ी कार्रवाई की मांग**

ग्रामीण मदन, शिव चंद, बीर चंद, हरीश कुमार, मनोज, संजय कुमार, नरेश और पवन ने कहा कि इस प्रकार पेड़ों के कत्ल करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। सतपाल ठाकुर ने बताया कि यहां से बिजली लाइन का कार्य हो रहा था।

वन मंडलाधिकारी कुल्लू एंजल चौहान ने कहा कि पेड़ों के कटान को लेकर पुलिस के पास शिकायत की गई है। उधर, एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# लाहौल-स्पीति में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करेगी भाजपा : रवि ठाकुर

**कमलेश वर्मा, मनाली**

लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं विधानसभा उपचुनाव में लाहौल से भाजपा प्रत्याशी रहे रवि ठाकुर ने कहा कि जिले में भाजपा संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करेगी और पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।



उन्होंने कहा कि उनके चुनाव हारने के पीछे जो कारण थे, उनमें मुख्य कारण यह रहा कि उन्होंने कांग्रेस में रहते हुए जिस मजबूत संगठन की नीव उन्होंने या उनके पूर्वजों ने रखी थी वह कांग्रेस संगठन टस से मस नहीं हुआ, जबकि उन्हें भरोसा था कि लोग लाहौल-स्पीति के प्रति उनके त्याग को समझेंगे और उनके साथ आएंगे। भाजपा के लोग एक व्यक्ति विशेष को ही तरजीह देते रहे और पार्टी के साथ नहीं चले। अगर लाहौल-स्पीति में भाजपा संगठन एकजुट होता और भाजपा की सीट निकलकर आती तो जिले का दुगनी गति से विकास होता। रवि ने कहा कि लाहौल-स्पीति के लोग मुझे लेकर फैलाई गई झूठी अफवाहों का शिकार हुए हैं। कांग्रेस सरकार में उनके द्वारा बताए जाने वाले लाहौल-स्पीति के विकास कार्यों को रोका जाता था। अधिकारियों पर उनके कार्यों को समय पर न करने का दवाब था। ऐसे में लाहौल-स्पीति का विकास संभव नहीं था। रवि ने कहा कि हिमाचल से राज्यसभा सीट के लिए उन्होंने इसलिए भाजपा के पक्ष में मतदान किया था क्योंकि हर्ष महाजन हिमाचल से ही संबंध रखते हैं और वह प्रदेश के विकास के लिए केंद्र से ज्यादा बजट ला सकते हैं, जबकि कांग्रेस ने एक पैराशूटी नेता को प्रत्याशी बनाया था। रवि ठाकुर ने कहा कि हिमाचल का उपचुनाव उन पर थोपा गया और अभी जो विधायक बने हैं वे उनके हक पर कुंडली मारकर गैरकानूनी तरीके से बने हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में सब ठीक नहीं चल रहा था, उन्हें जानबूझ कर प्रताड़ित किया जा रहा था। (अनंत ज्ञान)

# खेल मैदान में हस्तक्षेप पर कटराईं पंचायत ने हलाण-दो पंचायत पर जताई नाराजगी

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पतलीकूहल स्थित मेला ग्राउंड के नाम पर अब राजनीति शुरू हो गई है।

एक ओर जहां हलाण-2 पंचायत की ओर से मैदान को पार्किंग स्थल बनने से रोकने की दिशा में कदम उठाते हुए मैदान को खाली करवाया गया। वहीं, अब दूसरी ओर अब पंचायत कटराईं ने मैदान में हस्तक्षेप को लेकर हलाण-दो पंचायत पर नाराजगी जताई है। कटराईं पंचायत की प्रधान गीता ने कहा कि खेल मैदान की यह जगह पंचायत कटराईं की सीमा में पड़ती है। इस जगह पर पूरी तरह से कटराईं पंचायत का अधिकार है। अभी दो दिन पहले हलाण-2 पंचायत की ओर से इस जगह पर खड़ी गाड़ियों को हटवाकर साफ-सफाई की गई और पंचायत प्रधान की ओर से यह कहा गया कि उनके द्वारा इस जगह पर गेट लगाकर बंद कर दिया जाएगा, जो कि बिलकुल बे बुनियाद है क्योंकि यह जगह कटराईं पंचायत के अधिकार क्षेत्र में आती है इसलिए यहां पर जो कुछ भी कार्रवाई की जाएगी वह कटराईं पंचायत द्वारा होगी। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार भी यह जगह कटराईं पंचायत के ही अधिकार क्षेत्र में है। (अनंत ज्ञान)

**समय पर की जाती है मैदान की साफ-सफाई**



गीता ने कहा कि उनकी पंचायत द्वारा समय-समय पर इस मैदान की देखरेख व साफ-सफाई की जाती रही है। इस मैदान में गाड़ियों की अवैध पार्किंग का मुद्दा भी उनके ध्यान में था और इसके समाधान के लिए पंचायत द्वारा उचित समाधान किए जाने की व्यवस्था की जा रही थी, लेकिन उससे पहले हलाण-2 पंचायत की प्रधान द्वारा मैदान में खड़ी गाड़ियों को हटवा कर साफ-सफाई करवाई गई, जो कि अच्छी बात है, लेकिन पंचायत की प्रधान द्वारा दिया गया बयान कि उनकी पंचायत द्वारा इस मैदान पर गेट लगाकर ताला लगा दिया जाएगा और किसी तरह की व्यावसायिक गतिविधि नहीं होने दी जाएगी। इस बयान पर कटराईं पंचायत की प्रधान ने आपत्ति जताते हुए कहा कि हलाण-2 पंचायत की प्रधान किसी के उकसावे और दबाव में आने की बजाय तथ्यों और दस्तावेज के आधार पर बयानबाजी करें। उन्होंने कहा कि कटराईं पंचायत द्वारा भविष्य में इस मैदान को साफ-सुथरा और कूड़ा मुक्त रखने के लिए शीघ्र गेट लगाने की व्यवस्था की जाएगी, ताकि अवैध पार्किंग, कूड़े-करकट और आवारा पशु आदि को रोका जा सके।

# विभिन्न तरह के चित्रों के माध्यम से नारी के व्यक्तित्व को किया चित्रित

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में वीरवार को सुंदरनगर के चित्रकार सुनील कुमार चौहान की चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नग्गर की इंचार्ज डॉ. ज्योति शर्मा ने किया। इस अवसर पर रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना और भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा मुख्य रूप से मौजूद थे। इस प्रदर्शनी में लगभग 125 चित्र और छोटे-छोटे असंख्य चित्र प्रदर्शन पर हैं। यह प्रदर्शनी सात जुलाई तक दर्शकों के लिए प्रदर्शन में रहेगी। चित्रकार सुनील चौहान ने अबस्ट्रैक्ट पेंटिंग के माध्यम से अध्यात्म, नारी के व्यक्तित्व को विभिन्न तरह के चित्रों के माध्यम से दिखाया है। सुनील पेशे से भौतिक विज्ञान के प्राध्यापक हैं। कलाकार ने बड़े ही अद्भुत तरीके से चित्रों को बनाया गया है, जिनकी देश-विदेश से आए पर्यटक प्रशंसा कर रहे हैं।



चित्रकार ने अध्यात्म के हर क्षेत्र और नारी के विभिन्न रूपों को चित्रित किया है। चित्रकार ने भगवान राम, शिव और कृष्ण के विभिन्न रूपों को दिखाया, जो बहुत ही मनमोहक है। मनुष्य किस तरह अध्यात्म से जुड़ा है और जीवन में क्या-क्या करता है। इसे चित्रकार ने अपने चित्रों के माध्यम से दिखाया है। चित्रकार ने चित्र बनाने के लिए कैनवास के ऊपर ऑयल और एकरलिक रंगों का प्रयोग किया है। चित्रकार ने अधिकतर चित्र कल्पना के आधार पर बनाए हैं। मुख्यातिथि डॉ. ज्योति शर्मा ने चित्रकार की ओर से बनाए गए हर एक चित्र की प्रशंसा की। भारतीय क्यूरेटर ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां रौरिक आर्ट गैलरी की शोभा बढ़ाती हैं। (अनंत ज्ञान)

# 14.22 ग्राम चिट्टे के साथ मंडी का युवक गिरफ्तार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के लोरन में एक युवक को 14.22 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार जब टीम गश्त पर थी, तो उस समय पुलिस थाना सदर कुल्लू के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पुलिस चौकी अखाड़ा बाजार कुल्लू की टीम ने लोरन रोड पर एक युवक की शक के आधार पर तलाशी ली। तलाशी में युवक के कब्जे से 14.22 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। युवक की पहचान गंतू राम (40 वर्ष) पुत्र प्रेम सिंह निवासी गांव दारट डाकघर जलपेड़ तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पुलिस थाना कुल्लू में धारा 21 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

# एनडीआरएफ के जवानों को दिया प्रशिक्षण

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

देश में प्राकृतिक आपदा के दौरान बचाव दल के रूप में मुख्य रूप से एनडीआरएफ के जवानों की भूमिका बहुत अहम मानी जाती है। जिला मुख्यालय के साथ लगते भूतनाथ मंदिर के पास स्थित वन विभाग के लकड़ी के डिपो में एनडीआरएफ के जवानों को आपदा के दौरान रास्ते में गिरे पेड़ और लकड़ियों को बचाव अभियान के दौरान किस तरह से काटना है और किस तरह से रास्ते से हटाना है इस बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर एनडीआरएफ के जवानों ने कुशल प्रशिक्षकों की निगरानी में बड़ी-बड़ी लकड़ियों को पावर चेन के माध्यम से काटने के गुर सीखे, ताकि आपदा के दौरान इस तरह की तकनीक का इस्तेमाल कर आपदा के दौरान बचाव अभियान में तेजी ला सकें। इस दौरान एनडीआरएफ इंस्पेक्टर प्रेम नेगी ने बताया कि आपदा के दौरान एनडीआरएफ के जवान कुशलता पूर्वक बचाव कार्य को कर सकें इसलिए समय-समय पर जवानों को कुछ-कुछ अंतराल के बाद आपदा के दौरान काम में आने वाले चीजों को लेकर प्रशिक्षण देते हैं, जिससे जवानों को आपदा के समय में बचाव अभियान चलाने में मदद मिलती है। (अनंत ज्ञान)



वन विभाग के डिपो में पावर चेन से लकड़ियों को काटने का तरीका सीखते एनडीआरएफ के जवान।

# खेलो इंडिया के लिए अक्षिता और महक का हुआ चयन

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय में स्थित भारत-भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दो होनहार छात्राओं का चयन खेलो इंडिया के लिए हुआ है।

दोनों ही छात्राओं का चयन सब-जूनियर वुशु प्रतियोगिता के लिए हुआ है। पांचवीं कक्षा की छात्रा अक्षिता 27 किलो वर्ग में, जबकि छठी की छात्रा महक ठाकुर 36 किलो भार वर्ग में स्पोर्ट्स एथोरीटी ऑफ इंडिया, पटियाला में नॉर्थ जोन वुशु प्रतियोगिता में भाग लेंगी। भारत-भारती के वुशु कोच लुदर चंद ने बताया कि इन दिनों दोनों छात्राएं नेरचौक में प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रही हैं। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. निरंजन ने कहा कि इसी वर्ष शुरू हुई वुशु तथा मार्शल आर्ट कक्षाओं के परिणाम आने शुरू हो गए हैं। छोटी उम्र में ही उपलब्धियां हासिल कर लेने वाले बच्चे भविष्य में बहुत आगे जाएंगे। (अनंत ज्ञान)




# महिलाओं ने डीसी के समक्ष रखी मांग

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

खनाग पंचायत की महिलाओं ने जलोड़ी जोत में रेहड़ी-फड़ी के कारोबार और कारोबार के लिए उचित स्थान का प्रावधान करने के बारे में डीसी कुल्लू को मांग पत्र सौंप कर स्थिति से अवगत करवाया। वीरवार को खनाग पंचायत से आई 42 महिलाओं ने डीसी कार्यालय में डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से भेंट कर मांग पत्र सौंपते हुए जलोड़ी में कारोबार करने के लिए स्थान उपलब्ध करवाने के बारे में बात की।

इस दौरान महिलाओं ने बताया कि पिछले तीन सालों से जलोड़ी में कारोबार कर रहे हैं, लेकिन अब वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित पुलिस विभाग के कर्मचारी महिलाओं को तंग कर रहे हैं और उन्हें उनके कारोबार स्थल से खदेड़ कर उन्हें किसी अन्य स्थान में जाकर कारोबार करने को कहा जा रहा है। महिलाओं के अनुसार उनके कारोबार से पर्यावरण पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ रहा है क्योंकि उनके उत्पाद हस्त निर्मित हैं, जिसमें जुराबें, स्वेटर, दस्ताने सहित बहुत से उत्पाद पर्यटकों को बेचते हैं और उन्होंने कोई भी खाद्य सामग्री बेचने के लिए नहीं रखा है। जलोड़ी पास में कारोबार की मांग को लेकर कुछ महिलाएं आई थीं, उनके लिए एसडीएम आनी की अध्यक्षता में कंबाइंड कमेटियां बना दी हैं, जिसमें वन विभाग, पुलिस विभाग और बीडीओ इस मामले को देखेंगे और जो भी विकल्प इन महिलाओं के लिए सही होगा उसे ढूंढने के प्रयास करेंगे। (अनंत ज्ञान)



महिलाएं जलोड़ी पास में कारोबार से संबंधित समस्या को लेकर डीसी कुल्लू से मिलती हुईं।

# पतलीकूहल में पुलिस ने पिकअप से बरामद की शराब की 90 बोतलें

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पतलीकूहल में सब्जी मंडी के पास पुलिस टीम ने एक पिकअप जीप से देसी व अंग्रेजी शराब की 90 पेटियां बरामद की और दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि फल मंडी पतलीकूहल के पास नाकाबंदी के दौरान वाहन पिकअप संख्या एचपी 65-5405 की जांच के दौरान पुलिस ने 90 पेटियां यानी 1080 बोतलें बरामद की है। पिकअप चालक धर्म सिंह पुत्र टेक चंद, गांव धडावन डाकघर रत्ती तहसील बल्ह जिला मंडी उम्र 35 वर्ष और संदीप कुमार पुत्र निधि, गांव जझरौट डाकघर बलाट, तहसील बल्ह जिला मंडी, उम्र 40 वर्ष के खिलाफ थाना पतलीकूहल में धारा 39 (1) हिमाचल प्रदेश उत्पाद शुल्क अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)



**समापन** पर्वतारोहण संस्थान जिस्पा उपकेंद्र में 10 दिवसीय एडवेंचर्स कैंप संपन्न, डीसी ने मुख्यातिथि की शिरकत

# जीवन की समग्रता के लिए जरूरी है अनुशासन : राहुल कुमार

**कमलेश वर्मा, केलांग**

डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि जीवन में ऊंचे मकाम हासिल करने समग्रता के लिए जरूरी हैं। डीसी लाहौल-स्पीति अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण खेल संस्थान के उपकेंद्र जिस्पा में आयोजित 10 दिवसीय महिलाओं के एडवेंचरस कैंप के समापन मौके पर संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि विनम्रता व अनुशासन, जीवन में विनम्रता व्यक्ति के संपूर्ण पक्षों को प्रभावित करता है तथा उसे सही मायने में पूर्ण मानव बनाता है। इस एडवेंचरस कैंप में हरियाणा राज्य के राष्ट्रीय सेवा योजना की 60 महिला वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। डीसी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विनम्र होना सबसे बड़ी खूबसूरती है। मनुष्य की विनम्रता ही उसे बड़ा व्यक्ति बनाती है, जो उसे मानवीयता की ऊंचाई के मुकाम पर पहुंचा देती है और जीवन की समग्रता में विनम्रता एक अपरिहार्य गुण है। डीसी ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर भी उन्हें महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए और विषयों के चयन को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। समापन समारोह के अवसर पर जिस्पा उपकेंद्र के प्रभारी मोहन नाजू ने डीसी को खतक पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान एनएसएस वॉलिंटियर्स की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए और लघु नाटिका के माध्यम से पर्यावरण स्वच्छता तथा रोड सेफ्टी व रक्तदान को लेकर भी उन्होंने बखूबी संदेश दिया। इस अवसर पर उपकेंद्र के इंस्ट्रक्टर व सहायक कर्मी भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



पर्वतारोहण संस्थान जिस्पा उपकेंद्र में आयोजित 10 दिवसीय एडवेंचर्स कैंप के समापन मौके पर मुख्यातिथि डीसी लाहौल-स्पीति।




## न्यूज ब्रीफ

### 30 वर्षीय महिला अस्पताल में स्ट्रेचर पर मिली मृत

**एसपी जैरथ, नाहन।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल नाहन के बरामद में स्ट्रेचर पर एक 30 वर्षीय महिला मृत पाई गई। एसपी रमन मीणा ने बताया कि कंट्रोल रूम नाहन से पुलिस चौकी गुन्नूघाट में सूचना मिली कि एक महिला को 108 एंबुलेंस में ब्रॉड डेड की हालत में अस्पताल लाया गया है। एसपी ने बताया कि तस्दीक के दौरान महिला की पहचान 30 वर्षीय रुपा पुत्री वृज कुमार निवासी मकान नं. 1077-6 मोहल्ला अमरपुर नाहन, सिरमौर जिसको अस्पताल के बरामदे में स्ट्रेचर पर मृत अवस्था में पाया गया। मृतका के पिता से पूछताछ के दौरान मालूम हुआ कि रुपा अपने कमरे में बेहोश पड़ी थी। रात को इसके पिता ने इसे पानी भी पिलाया। मृतका के पिता बृज लाल ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी ने बताया कि रुपा पर अभी तक किसी ने कोई संदेह व्यक्त नहीं किया है। एसपी ने बताया कि पुलिस ने मृतका के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस की तरफ से कार्रवाई जारी है। (अनंत ज्ञान)

### उदय ने बीएससी की परीक्षा में हासिल किया तीसरा रैंक



**रघुवंशी, अर्की।** बथालंग के साथ लगते गांव कोठी-जमोगी के निवासी उदय सिंह ने बीएससी तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा में प्रदेश भर में तीसरा रैंक हासिल किया। उदय ने अपनी स्कूली शिक्षा अर्की के एक निजी स्कूल से ग्रहण की और हमेशा ही पढ़ाई में अव्वल रहे हैं। उन्होंने अपनी स्नातक शिक्षा उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली से प्राप्त की। उदय की इस सफलता पर उनके परिवार, स्कूल और कॉलेज ने गर्व व्यक्त किया। उदय के पिता जोगिंदर वर्मा और माता नरवदा वर्मा ने अपने बेटे की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। उदय ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उनके माता-पिता और गुरुजनों ने उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया और उनका मार्गदर्शन किया, जिसके कारण वह अपनी पढ़ाई में सफलता हासिल कर पाए। (अनंत ज्ञान)

### ड्रॉप्स ऑफ होप समूह का अनूठा रक्तदान जज्बा

**एसपी जैरथ, नाहन।** ड्रॉप्स ऑफ होप समूह अब किसी पहचान का मोहताज नहीं। मानव सेवा के अनूठे जज्बे से यह समूह मिसाल बन चुका है। इस समूह के एक-एक सदस्य में रक्तदान करने का हौसला ऐसा है कि कभी भी और कहीं भी ये खून की जरूरत को पूरा करने में देरी नहीं करते। इस समूह के संचालक एवं फाउंडर इशान राव ने बताया कि जून माह में 25 यूनिट बी-पॉजिटिव, 4 यूनिट एबी-पॉजिटिव, पांच यूनिट बी-निगेटिव (एक सदस्य राजिंद्र सिंह ने देहरादून में रक्तदान किया), 3 यूनिट एबी-निगेटिव ग्रुप मेडिकल कॉलेज नाहन में दान किया। समूह के सदस्य कपिल ने 11 यूनिट्स रक्त आईजीएमसी शिमला और पीजीआई चंडीगढ़ में उपलब्ध करावाया। ईशान राव ने बताया कि ड्रॉप्स ऑफ होप समूह के सदस्यों ने शिमला, सोलन, चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली और देहरादून में कुल 19 यूनिट खून की जरूरत को पूरा किया है। समूह के सभी सदस्य दिन-रात मानवता की सेवा में जुटे हैं। (अनंत ज्ञान)



### बसें बंद करने पर मेलाराम शर्मा ने जताया रोष

**एसपी जैरथ, नाहन।** सिरमौर जिले के उपमंडल मुख्यालय संगड़ाह में प्रदेश में सुक्खू सरकार के सत्ता में आने के बाद बिजली विभाग के अधिशाषी व सहायक अभियंता कार्यालय बंद किए जाने के बाद अब परिवहन निगम की दो बसों को भी बंद किया जा चुका है। संगड़ाह से कशलोग, टिकरी, अरट व दोसड़का आदि स्थानों पर जाने वाली निगम की लोकल बस को जहां पिछले साल बंद किया जा चुका है। वहीं, गत माह से संगड़ाह-राजगढ़ बस भी बंद हो चुकी है। पंचायत समिति संगड़ाह के पूर्व अध्यक्ष मेलाराम शर्मा व राजेश शर्मा, ऋतु, बबलू, अनिल व सुरेश आदि ने चार दर्जन गांवों को यातायात सेवा मुहैया करवाने वाली उक्त बसें तथा बिजली विभाग के अधिशाषी व सहायक अभियंता कार्यालय बंद करने के लिए प्रदेश सरकार व संबंधित विभाग के प्रति रोष जताया। मेला राम शर्मा ने क्षेत्र में दर्जन भर संस्थान व दो बसें बंद करने पर चुप्पी साधने के लिए स्थानीय विधायक एवं विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमरी की भी निंदा की। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक सोलन सुरेंद्र राजपूत तथा अड्डा प्रभारी राजगढ़ राजेंद्र के अनुसार बसों की कमी के चलते संगड़ाह-राजगढ़ बस को कुछ समय के लिए बंद किया है। अड्डा प्रभारी ददाहू बलीराम शर्मा ने कहा कि संगड़ाह की लोकल बस को फिर से चलाने के आदेश अभी नहीं मिले हैं। बिजली बोर्ड की सहायक अभियंता ददाहू कोमल शर्मा ने कहा कि बारिश से लाइन में आई खराबी के चलते आज बिजली आपूर्ति बाधित रही। (अनंत ज्ञान)

### संजय अवस्थी पांच को अर्की के प्रवास पर

**रघुवंशी, अर्की।** मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी आज यानी पांच जुलाई को अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। संजय अवस्थी प्रातः 11.15 पर एसडीएम अर्की के कार्यालय में अर्की में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे। मुख्य संसदीय सचिव तदोपरांत दोपहर 02.30 बजे पंचायत जलाणा के राहु गांव में वन महोत्सव में भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)

### शेयरिंग इज केयरिंग थीम के तहत बच्चे पहुंचे आश्रम

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जीनियस ग्लोबल स्कूल सोलन के बच्चे सुबाथू रोड स्थित आशा भवन वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से मिलने पहुंचे। शेयरिंग इज केयरिंग थीम पर आधारित इस प्रोग्राम में अध्यापकों सहित कक्षा चौथी से आठवीं कक्षा के करीब 70 बच्चों ने भवन में बुजुर्गों सहित दिन बिताया। इस दौरान बच्चों ने बुजुर्गों को मदद के तौर पर पहनने के लिए गर्म कपड़े, सोने के लिए बिस्तर और खाने के लिए राशन भेंट किया। स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर नीति शर्मा ने बताया कि बच्चे हर वर्ष आशा भवन विजिट कर जरूरत का सामान भेंट करते हैं। इस दौरान वे बुजुर्गों के साथ समय बिताते हैं। इस वर्ष भी मानसून सीजन की शुरुआत में बच्चे बुजुर्गों से मिलने पहुंचे। स्कूल के साथ कुछ सामान बच्चों ने अपने स्तर पर भेंट किया। नीति ने बताया की आश्रम में करीब 25 बुजुर्ग हैं। उन्होंने शिक्षकों सहित बच्चों का स्वागत किया। बच्चों ने सामान डिस्ट्रीब्यूट करने के बाद बुजुर्गों के साथ खूब मस्ती की। (अनंत ज्ञान)

### पर्यावरण को स्वच्छ रखना एसजीएलआर का उद्देश्य



**आर मोहन चौहान, सोलन।** डीसी मनमोहन शर्मा ने स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग (एसजीएलआर) के कार्यान्वयन जिले के लिए खुले में शौच मुक्त प्लस मॉडल स्थित प्राप्त करने के लिए पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मनमोहन शर्मा जिले में स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए आयोजित प्रथम बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से जल शक्ति मंत्रालय ने स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग पहल शुरू की है। इसका उद्देश्य पर्यटन उद्योग में स्वच्छता मानकों को और बेहतर करना है। एसजीएलआर का उद्देश्य पर्यटन इकाइयों के संयुक्त प्रयासों से सौंदर्यीकरण और स्वच्छता में सुधार कर पर्यटन स्थलों की प्रतिष्ठा में भी सुधार करना है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन क्षेत्र में विश्वस्तरीय स्वच्छता और सफाई को बढ़ावा देना है। जल निकायों में प्रदूषण की रोकथाम के साथ-साथ पर्यटन उद्योग में स्वच्छता मानकों को उन्नत करने के साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी एसजीएलआर का मूल उद्देश्य है। (अनंत ज्ञान)

## खाई में गिरा ट्रक चालक जख्मी

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब-शिलाई एनएच-707 पर शिल्ला गांव के समीप एलएनटी से लदा ट्रक गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक और एलएनटी मशीन के परखच्चे उड़ गए। गनीमत ये रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार शिलाई से एक ट्रक एलएनटी मशीन लेकर कफोटा की ओर आ रहा था कि शिल्ला के समीप चढ़ाई में किसी तकनीकी खराबी के चलते वाहन अचानक रुक गया। चालक ने तुरंत क्लीनर को बाहर उतरकर गाड़ी के नीचे पत्थर की ओट लगाने के लिए कहा। चढ़ाई में गाड़ी रुकने के बाद चालक खुद भी नीचे उतरा। इस बीच खराबी जांचने के दौरान ओट लगे पत्थर के टूटने से ट्रक पीछे की ओर चल पड़ा। इस दौरान चालक 48 वर्षीय पंकज को हल्की चोटें आई हैं, जो पांवटा साहिब के किशनकोट का रहने वाला बताया जा रहा है। उधर, शिलाई पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## मंदिर की परिकल्पना करने वाले स्वामी कृष्णानंद परमहंस की पुण्यतिथि आज

# धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में उभरा जटोली शिव मंदिर

**आर मोहन चौहान, सोलन**

एशिया का सबसे ऊंचा शिव मंदिर जटोली मंदिर सोलन शहर से करीब सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह मंदिर भवन निर्माण कला का बेजोड़ नमूना है, जिसकी सुंदरता देखते ही बनती है।



जटोली शिव मंदिर दक्षिण-द्रविड़ शैली से बनाया गया है। यह मंदिर स्थानीय लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि प्रदेश और देश भर में धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में उभरा है। पचास के दशक में स्वामी कृष्णानंद परमहंस महाराज ने इस मंदिर की परिकल्पना की थी, जिनकी 41वीं पुण्यतिथि 5 जुलाई को श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई जा रही है। स्वामी कृष्णानंद ने 1950 के आसपास जटोली की शांत, एकांत व रमणीक पहाड़ी को साधना के लिए चुना था। उन्होंने यहां पवित्र गुफा में कई वर्षों तक तपस्या की। इस स्थान पर स्वामी कृष्णानंद ने एक जल कुंड का निर्माण भी किया। इस जल कुंड के समक्ष भक्तजन अपनी मन्नत मांगते हैं। (अनंत ज्ञान)



दक्षिण-द्रविड़ शैली से बनाया गया सोलन का जटोली शिव मंदिर।

### त्रिशूल के प्रहार से जमीन से निकला था पानी

मान्यता है कि भगवान शिव एक बार इस जगह पर आए थे और कुछ समय के लिए निवास किया था। बाद में इसी स्थान पर स्वामी कृष्णानंद परमहंस तपस्या करने लगे। जटोली मंदिर का गुंबद 111 फुट ऊंचा है। मंदिर के बाहरी और चारों तरफ कई देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित की गई हैं, वहीं मंदिर के अंदर स्फटिक मणि शिवलिंग है। साथ ही भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की मूर्ति भी स्थापित है। मंदिर के ऊपरी छोर पर 11 फुट ऊंचा विशाल सोने का कलश रखा हुआ है। स्थानीय निवासी ऐसा मानते हैं कि पौराणिक काल में भगवान शिव यहां आकर रहे थे। एक किवदंती ये भी है कि जटोली में कभी पानी की बहुत समस्या थी, तब भगवान शिव के परम भक्त स्वामी कृष्णानंद परमहंस ने भगवान शिव की घोर तपस्या की थी, इससे प्रसन्न होकर शिवजी ने अपने त्रिशूल के प्रहार से जमीन से पानी निकाला था, तब से यहां पानी की कोई समस्या नहीं है, यहां जमीन से निकलने वाले पानी को बीमारी का नाशक बताया जाता है, लोग इसे चमत्कारी मानते हैं।

### लोगों को श्रमदान के लिए किया प्रेरित

स्वामी जी ने स्थानीय लोगों और क्षेत्र के लोगों को श्रमदान के लिए प्रेरित किया। स्वामी कृष्णानंद की परम इच्छा थी कि जटोली में विशाल शिव मंदिर का निर्माण हो। स्थानीय निवासी और मंदिर कमेटी से जुड़े राजेश बताते हैं कि स्वामी ने 1983 में विशाल शिव मंदिर की नींव रखी। 10 जुलाई, 1983 को स्वामी जी ब्रह्मलीन हो गए। तत्पश्चात मंदिर की प्रबंधक कमेटी ने जन सहयोग और महाराज के आशीर्वाद व बताए रास्ते पर चल कर विशाल शिव मंदिर का निर्माण करवाया। इसके पश्चात मंदिर में स्फटिक शिवलिंग मंदिर स्थापित की। 24 जनवरी, 2013 को शिव मंदिर का लोकार्पण दर्शन के लिए किया गया। इतना ही नहीं भक्तजन यहां सेवाभाव व समर्पण के साथ तन-मन-धन से सेवा करते हैं। मंदिर निर्माण में करीब 39 वर्ष लगे।

## आभूषण चोरी करने का मामला दर्ज

**आशीष, दाड़लाघाट।** पुलिस थाना दाड़लाघाट में सोने व चांदी के आभूषण चोरी करने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नरेश कुमार पुत्र लछमी चंद गांव कराड़ाघाट (अर्की) ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह शिमला में काम करता है और तीन जुलाई को इसे घर से फोन आया कि घर के ताले टूटे हुए हैं, तो वह घर आ गया और सारा सामान बिखरा हुआ था तथा सभी कमरों तथा अलमिरा के ताले तोड़े हुए थे, जिसमें की सोने के आभूषण (दो सोने की मर्दाना अंगूठी एवं लेडिज की दो सोने की अंगूठी, सोने का गले का हार, कान के टोप्स व सोने की बालियां, सोने की नथ और बच्चे के कान की वालियां, सोने की दो तिलियां और चादीं की 3 पायलों की जोड़ी, चांदी के दो कड़े की जोड़ी, दो चाक चादीं के चोरी कर ले गए हैं, जिनकी कीमत लाखों में है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबिन शुरू कर दी है। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)


# अवैध कनेक्शन काटने पर कार्रवाई तेज

## राहतः जल शक्ति विभाग से मिला रिकॉर्ड 95 लाख लीटर पानी, लंबे अरसे बाद मिला पानी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

गिरि पेयजल योजना में लीकेज को ठीक करने के परिणाम स्वरूप नगर निगम को जल शक्ति विभाग से रिकॉर्ड 95 लाख लीटर पानी मिला।

इससे शहर के कथेड़ क्षेत्र और अन्य प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को लंबे अरसे बाद पर्याप्त मात्रा पानी मिल पाया। वहीं, नगर निगम ने शहर में अवैध कनेक्शन काटने की कार्रवाई तेज की है। अब तक 15 से अधिक कनेक्शन काटे जा चुके हैं। वहीं, जरूरत से ज्यादा पानी की स्टोरेज पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। निगम अब अवैध कनेक्शन लगाने वाले भवन मालिकों से जुर्माना वसूलने की तैयारी कर चुका है। अवैध कनेक्शन पर 10 हजार तक का चालान किए जाने का प्रावधान है। यदि नगर निगम और जलशक्ति विभाग ने चुस्ती पहले दिखाई होती, तो शहर की जनता को पानी के लिए त्राहिमाम न होना पड़ता। सोलन में पानी की कालाबाजारी को रोकने के लिए नगर निगम एक्शन मोड में आ गई है। तीन दिनों के दौरान नगर निगम ने पानी की मुख्य पाइप लाइन से जोड़े गए एक दर्जन से अधिक कनेक्शन बंद किए हैं। नगर निगम ने कोर्ट परिसर के नजदीक एक होटल की बेसमेंट में मुख्य पाइप से जोड़े गए पानी के सात कनेक्शन को बंद किया। हालांकि यह कनेक्शन किसके हैं इसका पता नहीं चल पाया है। बात यह है कि बेसमेंट के पास से गुजर रही मुख्य पाइपलाइन से पानी के कनेक्शन किसने दिए और कैसे दिए। यह जांच का विषय है। (अनंत ज्ञान)



सोलन का कथेड़ क्षेत्र।

> नगर निगम सोलन आयुक्त एकता कापटा ने कहा कि पानी की धांधली को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसे 15 दिन के अंदर रिपोर्ट सपने को कहा गया है। अवैध रूप से लगे कनेक्शन काटने की कार्रवाई जारी है।

> जल शक्ति विभाग की पूरी कोशिश है कि निगम को रोजाना 90 लाख लीटर पानी की सप्लाई की जाए। इसके लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। विभाग की पेयजल योजना में लीकेज की काफी समय से समस्या थी। उसे ठीक किया गया है।
> **आशीष राणा, एक्सइएन, जल शक्ति विभाग, सोलन।**

## 60 लाख के वीवीआईपी नंबर के लिए नहीं पहुंचा बोलीदाता, मार्जिन मनी जब्त

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब**

**राज्य परिवहन विभाग ने जब्त की डेढ़ लाख रुपए की राशि**

सिरमौर के आरएलए पांवटा साहिब में शुरू हुई एच सीरिज के नंबर एचपी 17 एच 0001 के लिए 60 लाख रुपए की बोली लगाने वाले शख्स की मार्जन मनी परिवहन विभाग ने जब्त कर ली है।

दरअसल, तीन को ये राशि जमा करवाई जानी थी, लेकिन बोलीदाता इस नंबर के लिए नहीं पहुंचा, न ही ऑनलाइन पेमेंट जमा करवाई। लिहाजा, प्रशासन ने वीवीआईपी नंबर के लिए एडवांस में ली-30 फीसदी मार्जन मनी (डेढ़ लाख रुपए) जब्त कर लिए है। बता दें कि सिरमौर के आरएलए पांवटा साहिब के वीवीआईपी नंबर एचपी-17एच-0001 की सबसे अधिक 60 लाख की बोली लगी थी, जिसका परिवहन विभाग की ओर से बेस प्राइस पांच लाख रुपए रखा गया था। इस नंबर के लिए तीन बोलीदाता शामिल हुए थे। सबसे अधिक बोलीदाता को ये राशि जमा करवानी थी, लेकिन वह नहीं पहुंचा। अब दोबारा इस नंबर की नीलामी की जाएगी। इससे पहले भी फैंसी नंबर के लिए कई लोग फर्जी बोली लगा चुके हैं। शिमला के कोटखाई में भी कुछ समय पहले स्कूटी के नंबर के लिए लगाई एक करोड़ की बोली ने सबको चौका दिया था, लेकिन निर्धारित समय तक बोलीदाता ने राशि को जमा नहीं करवाया। इसके बाद सरकार ने फैंसी नंबर के लिए 30 फीसदी मार्जिन मनी एडवांस में डिपाजिट करने को अनिवार्य कर दिया था। उधर, एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत सिंह चीमा ने बताया कि 60 लाख रुपए की बोली लगाने वाले व्यक्ति की मार्जिन मनी को सरकारी खजाने में जमा कर दिया है। अब फिर नीलामी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## मानवता की सेवा में रेडक्रॉस की अहम भूमिका : सुमित खिमटा

**एसपी जैरथ, नाहन**

पीड़ित मानवता की सेवा के लिए रेडक्रॉस सोसायटी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है, जिसके लिए समाज के सभी नागरिकों को स्वेच्छा से आगे आकर पैटर्न, वाइस पैटर्न तथा आजीवन सदस्य बनकर अंशदान करना चाहिए, ताकि जरूरतमंदों की आर्थिक तौर पर मदद की जा सके।

डीसी एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरमौर सुमित खिमटा ने डीसी कार्यालय के सभागार में जिला सोसायटी की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला रेडक्रॉस सोसायअी के 9 पैटर्न, तीन वाइस पैटर्न तथा 1037 आजीवन सदस्य है। पैटर्न के लिए 25 हजार, वाइस पैटर्न के लिए 12 हजार, जबकि आजीवन सदस्य के लिए 2 हजार का सदस्यता शुल्क रखा गया है। सोसायटी की ओर से एकत्रित धन से जरूरतमंद, गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार के सदस्यों की बिमारी के ईलाज के लिए आर्थिक मदद की जाती है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वह सोसाइटी के सदस्य बनकर पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

आगामी 2 से 4 अक्तूबर तक नाहन चौगान में रेडक्रॉस मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रेडक्रॉस की गतिविधियां के अतिरिक्त विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## बकाया राशि का जल्द किया जाए भुगतान



भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ यूनिट दाड़लाघाट की मासिक बैठक में उपस्थित सदस्य।

**आशीष, दाड़लाघाट**

भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ यूनिट दाड़लाघाट की मासिक बैठक प्रधान मनोज शर्मा की अध्यक्षता में शिव मंदिर प्रांगण दाड़ला में हुई।

बैठक में जिला अध्यक्ष बाबूराम कौंडल विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में कम्यूटेशन रिकवरी का जो निर्णय पंजाब और हरियाणा सरकार की ओर से पेंशनर्स के हित में लिया गया, जिसमें कम्यूटेशन की रिकवरी 15 वर्ष में पूरी होती थी, अब दोनों सरकारों की ओर से रिकवरी को 10 वर्ष आठ महीने किया गया है।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बैठक के दौरान सरकार से निवेदन करते हुए कहा कि हिमाचल के पूर्व कर्मचारियों की रिकवरी भी इन्हीं की तर्ज में दी जाए। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने चर्चा करते हुए कहा कि 2016 से संशोधित वेतनमान बकाया राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए। इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों का चिकित्सा बिलों का भुगतान भी किया जाए। इस मौके पर भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ यूनिट दाड़ला के सदस्य बैठक में मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## उपस्वास्थ्य केंद्र खोला जाएगा

**बीबीएन।** मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार का लोगों को घर के पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृत संकल्प है, ताकि उन्हें बेहतर उपचार घर-द्वार पर मिल सकें। बद्दी स्थित हाऊसिंग बोर्ड फेस एक, दो व तीन के लिए एक सप्ताह के भीतर उपस्वास्थ्य केंद्र खोला जाएगा, जिसके खुलने से हाउसिंग बोर्ड और उसके आसपास के क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। राम कुमार चौधरी ने बताया कि दून में भी स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष बल दिया जा रहा है। बद्दी नागरिक अस्पताल को लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सा के पद सृजित किए जाएंगे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं वीर सिंह** पुत्र श्री आशा राम निवासी गांव ओखू, डाकघर लगदाघाट, तहसील नालागढ़ जिला सोलन घोषित करता हूं कि मेरे आर्मी नंबर 2664776Y हवलदार और पीपीओ नंबर S/023947/95 रिकॉर्ड के अनुसार मेरी पत्नी का नाम कशुला देवी और जन्मतिथि 01/07/1957 है लेकिन आधार और पैन कार्ड में उसका नाम कौशल्या देवी है और जन्मतिथि 4/05/1956 गलत है। जिसे संबंधित दस्तावेजों में दुरुस्त किया जाए।

# नाहन में नहीं थम रहा डेंगू का प्रकोप

## दूसरे दिन सामने आए 16 मामले, अमरपुर मोहल्ला बना हॉटस्पॉट

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला मुख्यालय नाहन में डेंगू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर 16 मामले डेंगू के सामने आए हैं।

नाहन के वार्ड नंबर चार में अमरपुर मोहल्ला डेंगू का हॉटस्पॉट बनकर उभरा है। जहां पर लगातार डेंगू के मामलों में इजाफा हो रहा है। इससे पूर्व भी 30 डेंगू के केस इस मोहल्ले से आ चुके हैं। यहां स्वास्थ्य विभाग ने आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से लोगों के घर-घर जाकर जहां स्क्रीनिंग शुरू की है, तो वहीं लोगों को अपने आसपास पानी एकत्रित न होने देने समेत पूरी बाजू के कपड़े पहनने और डेंगू से बचाव के लिए सावधानियां बरतने के लिए जागरूक किया जा रहा है। सीएमओ डॉ. अजय पाठक ने बताया कि सिरमौर में डेंगू के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। (अनंत ज्ञान)

### डेंगू से बचाव के बारे में लोगों को कर रहे जागरूक

खासकर नाहन में बढ़ते डेंगू के मामले चिंता का विषय है। स्वास्थ्य खंड धगेड़ा की स्वास्थ्य शिक्षिका कृष्णा राठौड़ ने बताया कि वह अमरपुर मोहल्ले में बढ़ते डेंगू के मामलों को लेकर लोगों के घर-घर पहुंचकर डेंगू से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। घरों में गमलों कूलर समेत इधर-उधर खड़े पानी को भी हटाया जा रहा है, जो लोग खांसी, जुकाम, बुखार से पीड़ित हैं, उन्हें अस्पताल में भेजने और चिकित्सक की सलाह के पश्चात ही इलाज शुरू करने का आह्वान किया जा रहा है।

## अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट की मदद से महक धीमान बनेगी इंजीनियर

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित कर स्वावलंबी बनाने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे सोलन के अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट ने मजदूर की बेटी महक धीमान को पॉलिटेक्निक कॉलेज कंडाघाट में दाखिला दिलाने में मदद की, ताकि वह इंजीनियरिंग के अपने सपने को पूरा कर सके। महक ने ट्रस्ट और सहारा शिक्षा केंद्र के मार्गदर्शन में पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा पास की।



ट्रस्ट के सहयोग और अपनी मेहनत से महक को कंप्यूटर इंजीनियरिंग में प्रवेश मिला है। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. केडी रेयोत का कहना है कि 10वीं की वार्षिक परीक्षा में महक धीमान ने 83.28 फीसदी अंक हासिल किए हैं। महक के पिता विनोद कुमार और माता उमा देवी मेहनत मजदूरी कर तीन बच्चों का खर्च चला पाते हैं। इंजीनियर बनने का सपना देखने के बावजूद परिवार की आर्थिक तंगी महक के लिए पढ़ाई जारी रखना चुनौतीपूर्ण था। अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट की मदद से महक ने सफलतापूर्वक पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश प्राप्त कर लिया। ट्रस्ट अभी भी महक को हर संभव तरीके से सहायता कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

**परेशानी** — श्याम धर्मकांटा और सड़कों पर ट्रक व ट्रालों की अवैध पार्किंग बन रही जाम की वजह

# कालाअंब में जाम हुआ आम, लोग हुए परेशान

**एसपी जैरथ, नाहन**

हरियाणा सीमा से सटे सिरमौर के मुख्य औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में लगने वाले घंटों का जाम आम जनता के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।



औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में लगा जाम।

मुख्य बैरियर से त्रिलोकपुर सड़क की ओर जहां हिमाचल की सड़क के साथ हरियाणा सीमा पर लगा श्याम धर्म कांटा जाम की बड़ी वजह बताया जा रहा है, तो वहीं कालाअंब से नाहन की ओर एनएच-07 पर भारी संख्या में ट्रक और ट्रालों की अवैध पार्किंग न केवल जाम पैदा कर रही है, जबकि हादसों का भी कारण बन रही है। कालाअंब निवासी बली तोमर, अंकुर राणा, राजेश ठाकुर, विजय सिंह आदि ने बताया कि उन्होंने पहले भी कई बार कालाअंब में लगने वाले जाम को लेकर पुलिस थाना और नेशनल हाईवे अथारिटी को अवगत करवाया है। बावजूद इसके समाधान नहीं निकल पाया है।

जाम के कारण त्रिलोकपुर जाने वाले श्रद्धालुओं समेत फैक्टरी कर्मचारियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि, नाहन-कालाअंब एनएच पर अवैध पार्किंग में खड़े ट्रक सड़क के बीच ही आगे और पीछे मुड़ते हैं। इससे हर समय हादसे के खतरे के साथ-साथ जाम की स्थिति पैदा हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस व रोड सेफ्टी क्लब चलाएगा अभियान

वहीं, रोड सेफ्टी क्लब कालाअंब के अध्यक्ष सोमनाथ भाटिया ने बताया कि वीरवार से जाम से निजात को लेकर पुलिस के साथ विशेष चर्चा के साथ जागरूकता अभियान तेज किया जाएगा। उन्होंने माना कि कालाअंब में जाम की समस्या आम हो रही है। इसको लेकर क्लब पुलिस का सहयोग लेकर समस्या का समाधान निकालेगा।

> उधर, एसएसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा ने बताया कि उनके संज्ञान में जाम की समस्या आई है। इसको लेकर जल्द सुपर ड्राइव चलाया जाएगा। एनएच-सात से ट्रकों की अवैध पार्किंग को हटाने के साथ जाम के दूसरे कारणों का निवारण किया जा रहा है।

## सात को 259 पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन

**एसपी जैरथ, नाहन।** डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि सात को जिला सिरमौर की सभी 259 पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा है।

इस सभा की बैठक में कोई भी व्यक्ति वन अधिकार नियम से संबंधित दावा या आक्षेप हो तो दर्ज करवा सकता है। जिला प्रशासन की ओर से 29 जून को कार्यालय विकास खंड नाहन व एक जुलाई को पांवटा साहिब में वन अधिकार अधिनियम व नियमों की जानकारी के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, वन अधिकार समिति के अध्यक्ष/ सचिव को जागरूक किया गया है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### धिनिधि बोली-चोपड़ा ने सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए किया प्रेरित



**बेंगलुरु।** हांगझोउ एशियाई खेल 2022 के दौरान एक कैफे में नीरज चोपड़ा से हुई छोटी सी मुलाकात ने तैराक धिनिधि देसिंघु को अपने खेल में अव्वल रहने के लिए प्रेरित किया और अब वह इस ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भालाफेंक स्टार के साथ पेरिस ओलंपिक जा रहे भारतीय दल में सबसे युवा खिलाड़ी हैं ।चौदह वर्ष की उम्र के किशोर सोशल मीडिया के इस दौर में जहां घंटों मोबाइल से चिपके रहते हैं, वहीं धिनिधि घंटो तरणताल में अभ्यास करती है, दोस्तों से मिल नहीं पाती और ना ही स्कूल नियमित जा पाती है । लेकिन उसे कोई मलाल नहीं है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा,''मुझे पता था कि एक दिन ओलंपिक खेलने का मौका मिलेगा, लेकिन कैरियर में इतना जल्दी मिल जायेगा, यह सोचा नहीं था । भारतीय दल की सबसे युवा सदस्य होना फख्र की बात है ।'' श्रीहरि नटराज और 14 वर्ष की धिनिधि 'यूनिवर्सिटालिटी क्वालीफिकेशन' के आधार पर पेरिस में खेलेंगे जो उस देश को दिया जाता है जिसके कोई तैराक क्वालीफाई नहीं कर सके हों। ऐसा देश सर्वोच्च रैंकिंग वाले अपने दो तैराकों को भेज सकता है।

### विंबलडन: बोपन्ना-एब्डेन दूसरे दौर में पहुंचे

**लंदन।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी पर आसान जीत के साथ विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन ने बुधवार को बारिश से बाधित पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे 11 मिनट में नीदरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7-5, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ेगी। बोपन्ना और एब्डेन पिछले साल सत्र के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले बुधवार को भारत के सुमित नागल और उनके सर्बियाई जोड़ीदार दुसान लाजोविच को पहले दौर में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जॉमे मुनार के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



### संजू सैमसन ने टीम इंडिया की नई जर्सी का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने वीरवार को टीम इंडिया के पुरुष टी-20 विश्व कप की जीत के उपलक्ष्य में डिजाइन की गई एक विशेष जर्सी की पहली झलक साझा की। सैमसन द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीर में, नई जर्सी में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। बीसीसीआई लोगो के ऊपर एक दूसरा सितारा लगाया गया है, जो भारत की दूसरी टी-20 विश्व कप जीत का प्रतीक है। जर्सी के सामने की तरफ़ गर्व से 'चैंपियंस' शब्द लिखा हुआ है, जो टीम की कड़ी मेहनत से मिली जीत की याद दिलाता है। जर्सी में लगा पहला सितारा 2007 में एमएस धोनी की कप्तानी में भारत की पहली टी-20 विश्व कप जीत की याद दिलाता है।




### भारतीय पुरुष हॉकी टीम से मिले एथलीट

**बेंगलुरु।** स्पेशल ओलंपिक भारत के कर्नाटक चैप्टर के यूनिफाइड एथलीटों के एक दल ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम से मुलाकात की, जो आगामी पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए वर्तमान में बेंगलुरु के साई सेंटर में प्रशिक्षण ले रही है। इस दौरे ने स्पेशल ओलंपिक के एथलीटों को टीम का अभ्यास देखने और अपना उत्साही समर्थन देने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। अभ्यास सत्र के बाद, एक दिल को छू लेने वाला मिलन और अभिवादन सत्र हुआ, जहां भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने विशेष ओलंपिक भारत के एथलीटों के साथ बातचीत की और उन्हें आगामी टूर्नामेंटों के लिए प्रेरणा और सलाह दी। हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने इस बातचीत के दौरान आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'हम आपके समर्थन के लिए आभारी हैं। हालांकि हमारी एथलेटिक गतिविधियां अलग-अलग हैं, लेकिन हम सभी के लिए यात्रा एक जैसी है।'

### भारतीय फुटबॉल टीम अक्तूबर में खेलेगी त्रिकोणीय टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम अक्तूबर में वियतनाम में त्रिकोणीय राष्ट्र मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट में भाग लेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उक्त घोषणा की। एआईएफएफ ने कहा कि भारतीय टीम त्रिकोणीय मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट में मेजबान वियतनाम और लेबनान से भिड़ेगी। एआईएफएफ ने कहा, 'वरिष्ठ भारतीय पुरुष टीम अक्तूबर 2024 फीफा विंडो के दौरान वियतनाम में त्रिकोणीय मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट खेलेगी। भारत और मेजबान वियतनाम के अलावा इस प्रतियोगिता में तीसरी टीम लेबनान है। वियतनाम (116) और लेबनान (117) दोनों ही नवीनतम फीफा रैंकिंग में भारत (124) से आगे हैं।' टूर्नामेंट का पहला मैच 9 अक्तूबर को वियतनाम और भारत के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच 12 अक्तूबर को भारत और लेबनान के बीच खेला जाएगा। इस बीच, आखिरी मैच 15 अक्तूबर को वियतनाम और लेबनान के बीच होगा।

### क्वार्टर फाइनल में मेसी का खेलना संदिग्ध

**ह्यूस्टन।** अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी और कप्तान लियोनेल मेसी का इक्वाडोर के खिलाफ कोपा अमेरिका क्वार्टर फाइनल में खेलना संदिग्ध है। अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कोलोनी ने बुधवार को कहा कि वह इस बात पर अंतिम क्षण तक इंतजार करेंगे कि मेसी इक्वाडोर के खिलाफ कोपा अमेरिका क्वार्टर फाइनल में खेलेंगे या नहीं। मेसी को चिली पर 1-0 की जीत में चोट लगी थी और शनिवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में पेरू पर अपनी टीम की 2-0 की जीत में भी वह नहीं खेल पाए थे।



# स्वदेश लौटे 'वर्ल्ड चैंपियंस' का जोरदार स्वागत

## खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए उत्साहित दिखे फैंस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टी-20 विश्व कप जीतकर भारतीय क्रिकेट टीम वीरवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और इस दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था भी रही, जिससे प्रंशसक खिलाड़ियों के करीब नहीं पहुंच सके। खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे सैकड़ों प्रशंसक मौसम की परवाह किए बिना विभिन्न नारे लिखे बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। पिछले शनिवार को टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर खिताब अपने नाम किया।

एक प्रशंसक ने कहा, ''हम पिछले 13 साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। टीम ने विश्व कप जीतकर हमें गौरवांवित किया है।'' उन्होंने दावा किया कि वह सुबह करीब साढ़े चार बजे से हवाई अड्डे पर मौजूद हैं। उत्साह से लबरेज प्रशंसक स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पोस्टर लेकर नारे लगा रहे थे। उत्साहित खिलाड़ियों ने प्रतीक्षा कर रहे प्रशंसकों का हाथ हिलाकर और गर्मजोशी से अभिवादन किया।

फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच पकड़कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्यकुमार यादव नारों का जवाब देने में सबसे अधिक उत्साहित थे। ऋषभ पंत ने प्रशंकों को सलाम किया, जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने उनकी ओर 'फ्लाइंग किस' दिए। रोहित और विराट कोहली वीआईपी निकास से बाहर आने वाले अंतिम लोगों में शामिल रहे। रोहित ने विश्व कप ट्रॉफी पकड़ी हुई थी और बस में चढ़ने से पहले उन्होंने प्रशंसकों को इसकी झलक दिखाने के लिए इसे ऊपर उठाया। कोहली ने भी प्रशंसकों की ओर 'थम्ब्स अप' किया।







टी-20 विश्व कप जीतकर दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे रोहित शर्मा तथा (दाएं) खुशी से झूमते प्रशंसक।

## पीएम मोदी ने टीम इंडिया से की मुलाकात



**एजेंसी, नई दिल्ली**

बारबाडोस में परचम लहराने वाली टीम इंडिया ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके आवास पर खास मुलाकात की है. इस दौरान के छ वीडियो भी सामने आए हैं. इन वीडियो में देखा जा सकता है टीम के कप्तान रोहित शर्मा ट्रॉफी के साथ सबसे आगे नजर आ रहे हैं। वहीं उनके अन्य साथी खिलाड़ी भी खास मौके पर मौजूद हैं।

यही नहीं पीएम मोदी के साथ हुए खास मुलाकात में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह भी मौजूद रहे। खेल जगत में भारत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों के साथ पीएम मोदी ने खास चर्चा की। इस दौरान उन्हें उनके खेल को सराहते हुए देखा गया। इस दौरान उन्होंने कैप्टन रोहित शर्मा और टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ ट्रॉफी को भी हाथ में उठाया। भारतीय खिलाड़ी पीएम मोदी के साथ हुई खास मुलाकात के बाद मुंबई के लिए रवाना हो चुके हैं।

## क्रिकेट लिजेंड



प्रशंसकों का अभिवादन करते विराट कोहली।

## शतरंज : गुकेश ने करुआना को बराबरी पर रोका




**एजेंसी, बुकारेस्ट ( रोमानिया )**

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो करुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रहीं। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे।

अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ ड्रॉ खेला, जबकि गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की। शीर्ष वरीय करुआना दो जीत और पांच ड्रॉ से 4.5 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं जो अमेरिकी से आधा अंक पीछे हैं। नेपोमनियाची 3.5 अंक के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो, नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की तिकड़ी उनसे आधा अंक पीछे है। इस 3,50,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले टूर्नामेंट में अब केवल दो दौर बचे हैं।

## पंकज आडवाणी ने पारिख को हराया

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाए। मैच में पारिख ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला फ्रेम 101-38 से जीता। दूसरे फ्रेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन पारिख ने 100-99 से आडवाणी को हराकर 2-0 की बढ़त बनाई। आडवाणी ने दो फ्रेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरा फ्रेम 101-0 से जीता। चौथे फ्रेम में पारिख 95 के ब्रेक के बावजूद आडवाणी को 101-95 से जीतने से नहीं रोक पाए। आडवाणी पांचवें फ्रेम में हावी रहे और 87 के ब्रेक के साथ 104-2 की जीत से 3-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे। छठे फ्रेम में पारिख ने 95 का शानदार ब्रेक बनाया लेकिन इसके बावजूद 95-102 के स्कोर से फ्रेम और मैच गंवा दिया।



## द . अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज से एशिया कप और विश्व कप की तैयारी पुख्ता करने उतरेगा भारत

**एजेंसी, चेन्नई**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज का इस्तेमाल एशिया कप और टी-20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी।

श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्तूबर से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय सीरीज है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

टीम ने बेंगलुरु में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी-20 सीरीज खेली हैं, जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और चार में हार का सामना करना पड़ा है। टीम इस आंकड़े को बेहतर करना चाहेगी।



भारत को एकदिवसीय सीरीज और टेस्ट मैच में अपनी खिलाड़ियों की फॉर्म से राहत मिलेगी।

एकदिवसीय टीम की उप कप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने तीन मैच में दो शतक और एक अर्द्धशतक के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जबकि हरमनप्रीत ने अंतिम वनडे में शतक जड़ा। एकदिवसीय सीरीज के दौरान सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की खराब फॉर्म चिंता का विषय थी, लेकिन उन्होंने यहां एकमात्र टेस्ट में महिला क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाकर इन चिंताओं को दूर कर दिया। जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष भी धीरे धीरे लय हासिल कर रही हैं। टीम प्रबंधन को इन पांचों बल्लेबाजों से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मेहमान टीम श्रीलंका के खिलाफ स्वदेश में टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। कागज पर भारत की गेंदबाजी भी काफी मजबूत दिखती है। तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और अरुंधति रेड्डी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। दीप्ति शर्मा, राधा यादव, आशा शोभना और श्रेयंका पाटिल की स्पिन चौकड़ी भी टीम की मजबूत ताकत है।

## गॉफ-अल्कारेज विंबलडन में आगे बढ़े, ओसाका हारी

**एजेंसी, लंदन**

कोको गॉफ ने क्वालीफायर एंका टोडोनी के खिलाफ सीधे सेट में आसान जीत के साथ विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई।

पिछले साल ऑल इंग्लैंड क्लब पर पहले दौर में शिकस्त झेलने वाली दूसरी वरीय अमेरिका की गॉफ ने रोमानिया की एंका को दूसरे दौर के मुकाबले में 6-2, 6-1 से हराया। बीस वर्षीय गॉफ ने मैच के बाद कहा, ''यह वह कोर्ट है जहां मैंने पहली बार विंबलडन में शुरुआत की थी। कोर्ट नंबर एक हमेशा मेरे लिए एक खास जगह है।'' गॉफ ने पिछले साल अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था, जबकि रोमानिया की एंका ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही थी।

पांच साल पहले गॉफ ने यहां ग्रैंडस्लैम में पदार्पण करते हुए पांच बार की विंबलडन चैंपियन वीनस विलियम्स को पहले दौर में 6-4, 6-4 से हराया था और फिर अंतिम 16 का सफर तय किया था। दूसरी तरफ पुरुष एकल में गत चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने एलेक्जेंडर वुकिक को 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत 29वें वरीय फ्रांसेस टियाफो से होगी। अमेरिका के टियाफो ने बोर्ना कोरिक को दूसरे दौर के मुकाबले में 7-6, 6-1, 6-3 से हराया था।



महिला एकल के अन्य नतीजों में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर बाहर कर दिया जबकि 11वीं वरीय डेनियल कोलिंस ने अपना पहले दौर का मैच पूरा किया। उन्होंने क्लारा टॉसन को 6-3, 7-6 से हराया। मंगलवार रात को दूसरे सेट में 4-4 के स्कोर पर इस मुकाबले को स्थगित कर दिया गया था। बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया।

## यूरो-2024 क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का शेड्यूल जारी, कितने बजे शुरू होंगे मैच?

# पुर्तगाल का फ्रांस की टीम से होगा सामना

**एजेंसी, बर्लिन**

यूरो कप के जारी सीजन क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का शेड्यूल तय हो चुका है, जिसमें पुर्तगाल की टीम का सामना फ्रांस से होगा। राउंड ऑफ 16 में पुर्तगाल की टीम ने स्लोवेनिया की टीम को मात दी थी।

नीदरलैंड्स की टीम ने यूरो कप 2024 के राउंड ऑफ 16 में रोमानिया की टीम को 3-0 से हराने के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया। अब नीदरलैंड टीम का क्वार्टर फाइनल में सामना टर्की की टीम से होगा। यूरो कप में सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए होने वाले इस राउंड के मैचों की शुरुआत 5 जुलाई से होगी। वहीं, इस बार यूरो कप की मेजबानी कर रही जर्मनी टीम का सामना यूरो कप में स्पेन की टीम से होगा। इस बार दूसरा क्वार्टर फाइनल काफी रोमांचक होने वाला है, जिसमें क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल की टीम एमबापे की फ्रांस से खेलेगी, यह मैच 5 जुलाई को खेला जाएगा। पुर्तगाल की टीम को राउंड ऑफ 16 में स्लोवेनिया की टीम से जीत हासिल करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था।



क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने यूरो कप 2024 की शुरुआत होने से पहले ही बता दिया था कि वह आखिरी बार फुटबॉल के इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। फ्रांस की टीम को भी बेल्जियम के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल हुई थी। इस बार तीसरे क्वार्टर फाइनल में सामना साल 2022 में रनरअप रहने वाली इंग्लैंड और स्विट्जरलैंड की टीम के बीच होगा। वहीं नीदरलैंड और टर्की की टीम के बीच आखिरी क्वार्टर फाइनल मैच 7 जुलाई को खेला जाएगा।

### क्वार्टर फाइनल का शेड्यूल

**स्पेन बनाम जर्मनी :** 5 जुलाई, भारतीय समयानुसार रात 9.30 पर

**पुर्तगाल बनाम फ्रांस :** 6 जुलाई, रात 12.30 पर

**इंग्लैंड बनाम स्विट्जरलैंड :** 6 जुलाई, रात 9.30 पर

**नीदरलैंड बनाम टर्की :** 7 जुलाई 2024, रात 12.30 पर

